

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 45वें शतरंज ओलिम्पियाड की 'मशाल' खेल मंत्री ...

उद्धव ने न केवल बाल ठाकरे की विचारधारा को बल्कि ... 12



वर्ष : 11 | अंक : 277 | पटना, सोमवार, 19 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| संसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# भारत ने रचा इतिहासः टेस्ट में दर्ज की सबसे बड़ी जीत, सीरीज में 2-1 की बढ़त

## राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ दर्ज की 434 रन की विशाल जीत

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत ने राजकोट में इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज का तीसरा मुकाबला भारत ने 434 रन से जीत लिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। राजकोट में खेले गए मुकाबले की पहली पारी में भारतीय टीम ने 445 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 319 रन बना सकी। भारत को 126 रन की लीड मिली। दूसरी पारी में भारत ने 430 रन बनाकर पारी घोषित कर दी और बेन स्टोक्स की टीम को 557 रन का लक्ष्य थमाया। इसका पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 122 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। राजकोट में खेले गए टेस्ट मुकाबले में भारत ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 में खेले गए मैच में भारत ने 372 रन से जीत दर्ज की थी। वहीं, 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 337 रन से मुकाबला अपने नाम किया था। 2016 में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 321 रन



से मात दी थी। इसके अलावा 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने मोहाली में 320 रन से जीत दर्ज की थी। भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से शिकस्त मिली। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम की ये दूसरी सबसे बड़ी हार है। भारत ने दूसरी पारी चार विकेट पर 430 रन बनाकर घोषित कर दी और इंग्लैंड को 557 रन का लक्ष्य थमाया। दूसरी पारी में बैजबॉल के लिए मशहूर इंग्लैंड की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। मार्क वुड के अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन से अधिक का स्कोर नहीं तैयार कर पाया। जैक क्रॉली 11 और बेन डकेट चार रन बनाकर आउट हुए। कप्तान बेन स्टोक्स सिर्फ 15 रन बना सके। उन्हें कुलदीप यादव ने आउट किया। इसके अलावा ओली पोप ने तीन, रुट ने सात, बेयरस्टो ने चार, बेन फोक्स ने 16, रेहान अहमद ने शून्य, टॉम हार्टले ने 16 रन बनाए। वहीं, जेम्स एंडरसन एक रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड 122 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने पांच और कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए। वहीं, बुमराह और अश्विन को एक-एक सफलता मिली।

## भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन सत्र को पीएम ने किया संबोधित

# विपक्ष के नेता भी लगा रहे एनडीए 400 पार के नारे : मोदी

### कहा-विकसित भारत के लिए भाजपा सरकार का तीसरा टर्म जरूरी




प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने जो हासिल किया है वह एक पड़ाव मात्र है और अगले पांच वर्षों में विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने के लिए लंबी छलांग लगानी है लेकिन इसके लिए पहली शर्त सरकार में भारतीय जनता पार्टी की जोरदार वापसी है। भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा हर भारतीय के जीवन को बदलने के लिए और बहुत कुछ हासिल करने के लिए बहुत से निर्णय अभी बाकी हैं। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत ने जो गति हासिल की है और बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का जो हौसला पाया है वह अभूतपूर्व है। इसलिए नहीं कि मैं कह रहा हूं। आज दुनिया गाजे-बाजे के साथ बोल रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है और यह संकल्प है ह्यविकसित भारत का। उन्होंने कहा, अब देश छोटे सपने नहीं देख सकता है और ना ही देश अब छोटे संकल्प ले सकता है। सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे। हमारा सपना भी है और हम सब का संकल्प भी है कि हमें भारत को विकसित बनाना है। उन्होंने कहा, इसमें अगले पांच वर्षों की बहुत बड़ी भूमिका होने जा रही है। अगले पांच सालों में भारत को पहले से भी कई गुना तेजी से काम करना है।

अगले पांच सालों में हमें विकसित भारत की तरफ एक लंबी छलांग लगानी है। इन सारे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पहली शर्त है सरकार में भाजपा की जोरदार वापसी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विपक्ष के नेता भी अगली बार मोदी सरकार बोल रहे हैं और अगली बार राजग सरकार, 400 पार के नारे लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, राजग को 400 पार करने के लिए भाजपा को 370 के मील का पत्थर पार करना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश मानता है 10 साल का उनका कार्यकाल आरोपमुक्त रहा है।

उन्होंने कहा, 25 करोड लोगों को गरीबी से बाहर निकलना कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा, पूरा देश मानता है कि हमने देश को महाघोटाले और आतंकी हमलों से मुक्ति दिलाई है, गरीब और मध्यम श्रेणी के लोगों का जीवन बेहतर करने का प्रयास किया है। छत्रपति शिवाजी महाराज को अपनी प्रेरणा बताते हुए मोदी ने कहा कि वह अपने सुख और वैभव के लिए जीने वाले व्यक्ति नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं। मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं। अगर मैं अपने घर की चिंता करता तो आज करोड़ों गरीबों के घर नहीं बन पाते। मैं देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य के लिए जीता हूं।

### पीएम ने गरीबी, भ्रष्टाचार व परिवारवाद से मुक्ति दिलायी : शाह



नई दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दस साल के शासन के दौरान देश को गरीबी, भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण से मुक्ति दिलाने का काम किया है जबकि आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन इन्हीं नासूरों को फिर से देश में जगह दिलाने के लिए लड़ रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी ने अपने आचरण एवं कार्यों से देश की जनता को सार्वजनिक हीनभावना से बाहर निकाला और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलायी है और विकास को केन्द्र में रख कर पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस यानी कार्यप्रदर्शन की राजनीति को स्थापित किया है। श्री शाह यहां भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन भाजपा देश की आशा और इंडी गठबंधन, कांग्रेस की हताशा प्रस्ताव को प्रस्तुत करते हुए यह बात कही। इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री मोदी, भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्रीगण एवं पार्टी के करीब 12 हजार कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रस्ताव का अनुमोदन केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। उन्होंने कहा, बीते 75 वर्ष में इस देश ने 17 लोकसभा चुनाव, 22 सरकारें और 15 प्रधानमंत्री देखें हैं। देश में हर सरकार ने अपने समय पर समयानुकूल विकास करने का प्रयास किया है। लेकिन आज मैं बिना किसी कन्फ्यूजन के कह सकता हूं कि समग्र विकास, हर क्षेत्र का विकास और हर व्यक्ति का विकास करने का काम केवल नरेन्द्र मोदी जी के 10 वर्षों में हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्रीय सम्मेलन ऐसे समय में है जब चुनाव नजदीक हैं। इस सम्मेलन के बाद हम मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के संकल्प के साथ अपने निर्वाचन क्षेत्रों में वापस जायेंगे।

# प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने शरीर त्यागा

### छत्तीसगढ़ के डोगरगढ़ के चंदगिरी में बीती रात शरीर त्याग दिया

किरण संवाददाता



रायपुर/एजेंसी। प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में डोगरगढ़ के चंदगिरी में बीती रात्रि शरीर त्याग दिया और ब्रम्हलीन हो गए। मिली जानकारी के अनुसार जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज राजधानी रायपुर से लगभग 100 किमी दूर डोगरगढ़ के चंदगिरी में पिछले छह माह से रूके हुए थे। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। तीन दिनों से उन्होने अन्न जल त्याग दिया था और उपवास पर थे। रात्रि में लगभग ढ़ाई बजे उन्होने शरीर त्याग दिया। आचार्य जी का जन्म 1946 में कर्नाटक के बेलगाम जिले में हुआ था।उन्होने दीक्षा राजस्थान में ली थी।वह हिन्दी और कन्नड सहित कई भाषाओं के जानकार थे।वह जैन समाज के शीर्षस्थ मुनियों में थे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल साइट एक्स पर कहा कि छत्तीसगढ़ सहित देश-दुनिया को अपने ओजस्वी ज्ञान से पल्लवित करने वाले आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को देश और समाज के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य, उनके त्याग और तपस्या के लिए युगों-युगों तक स्मरण किया जाएगा।

**पीएम ने जताया शोकः** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है, लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके बहूमूल्य प्रयास सदैव स्मरण किए जाएंगे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके बहुमूल्य प्रयास सदैव स्मरण किए जाएंगे। वे जीवनपर्यंत गरीबी उन्मूलन के साथ-साथ समाज में स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने में जुटे रहे। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे निरंतर उनका आशीर्वाद मिलता रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनसे हुई भेंट उनके लिए अविस्मरणीय रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कमलनाथ ने अपने आवास पर लगाया प्रभु श्रीराम का झंडा

नई दिल्ली। बीते दिनों से मध्य प्रदेश की राजनीति में भूचाल मचा हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ के कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। दोनों नेता दिल्ली में मौजूद हैं। माना जा रहा है कि उनके साथ कांग्रेस के कई नेता भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इसी बीच कमलनाथ ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर श्रीराम का झंडा लगा दिया है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि वह कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा के साथ जा सकते हैं। हालांकि कमलनाथ और नकुलनाथ ने इसकी पुष्टि नहीं की है। वहीं उनके घर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। इसके अलावा कमलनाथ खेमे के नेता माने जाने वाले सज्जन सिंह वर्मा ने भी सोशल मीडिया एक्स पर भगवान राम के साथ पोस्टर साझा किया है। पोस्टर में लिखा है, तेरे राम मेरे राम, तुझमें भी राम, मुझमें भी राम, जय श्रीराम। उधर दिल्ली भाजपा के नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा ने कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की खबरों को निराधार बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, बहुत से मित्रों के फोन आ रहे है और वो कमलनाथ के बारे में पूछ रहे हैं। मैंने उनसे फोन पर भी कहा है और यहां भी कह रहा हूं कि सिखों के हत्यारे और हिन्द दी चादर गुरु तेग बहादुर जी के गुरुद्वारे रकाबगंज साहिब को जलाने वाले कमलनाथ के लिए भाजपा के दरवाजे न खुले थे न खुले हैं । प्रधानमंत्री मोदी के होते हुए कभी ऐसा संभव नहीं हो पाएगा, ऐसा मैं आप सबको भरोसा दिलाता हूं।

### सुरेंद्रनगरः वैन पलटने से चार की मौत, दो घायल

सुरेंद्रनगर। गुजरात के सुरेंद्रनगर में शनिवार देर रात वैन का टायर फटने से हुए हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना देर रात 1:30 बजे ध्रांगध्रा राज्य राजमार्ग पर हरिपुर गांव के पास हुई। उन्होंने बताया, छह लोग एक विवाह समारोह में भाग लेने के बाद ध्रांगध्रा लौट रहे थे। एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थीं, जबकि दो लोग हादसे में घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ध्रांगध्रा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान यज्ञेश जादव, इंदुमती जादव, राधा जादव और धनेश चावड़ा के रूप में की गई है।

### पटना में लॉ कॉन्क्लेव 25 फरवरी को सुब्रह्मण्यम स्वामी भी होंगे शामिल

पटना। देश का सबसे बड़ा लॉ कॉन्क्लेव का आयोजन 25 फरवरी को राजधानी पटना के ज्ञान भवन में होगा। इसमें देश के जाने माने वकील और राजनेता सुब्रह्मण्यम स्वामी भी मौजूद रहेंगे। सुब्रह्मण्यम स्वामी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। इस लॉ कॉन्क्लेव का आयोजन पटना के लॉ प्रेप ट्यूटोरियल की ओर से किया जा रहा है। इसमें पांच हजार से ज्यादा लोग शिरकत करेंगे, जिसमें लॉ के विशेषज्ञ से लेकर छात्र और छात्राएं शामिल हैं। कार्यक्रम के आयोजक और लॉ प्रेप ट्यूटोरियल पटना के निदेशक अभिषेक गुंजन ने रविवार को कहा कि इसमें कानून के विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा होगी। कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य मकसद देश के कानून और संविधान के प्रति लोगों के बीच जागरुकता फैलाना है।

# झारखंड में सरकार को कोई खतरा नहीं : चंपई

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस के चार विधायकों को मंत्री के रूप में शामिल करने पर पार्टी विधायकों के एक वर्ग में नाराजगी की खबरों के बीच झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को कहा कि प्रदेश में झारखंड मुक्ति मोचा के नेतृत्व वाला गठबंधन मजबूत है और राज्य में गठबंधन सरकार को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से नई दिल्ली में मुलाकात से पहले सोरेन ने यह टिप्पणी की। खरगे से मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष से यह शिष्टाचार मुलाकात थी। हालिया मंत्रिमंडल गठन को लेकर कांग्रेस विधायकों के एक वर्ग के असंतुष्ट होने पर सोरेन ने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है। इससे पहले सुबह सोरेन ने कहा, यह कोई मुद्दा ही नहीं है, हमारा गठबंधन मजबूत है। असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों के दिल्ली में होने के बारे पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा था, यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है, वे इसे सुलझा लेंगे। मुझे इस बारे में कुछ नहीं कहना है। झामुमो और कांग्रेस के बीच कोई विवाद नहीं है और सब कुछ बिल्कुल ठीक है। कांग्रेस के कम से कम 12 विधायकों ने 23 फरवरी से शुरू हो रहे आगामी राज्य विधानसभा सत्र का बहिष्कार करने और मंत्रियों को नहीं बदलने पर जयपुर जाने की धमकी दी है। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के पास 81-सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायक (झामुमो के 29, कांग्रेस के 17 और राष्ट्रीय जनता दल का एक हैं। आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख को फिर से मंत्री पद देने के कांग्रेस के फैसले से नाखुश विधायक पहले रांची के एक होटल में एकत्र हुए। उन्हें मनाने के लिए झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के सबसे छोटे बेटे और मंत्री बसंत सोरेन पहुंचे। विधायकों के साथ बैठक के बाद बसंत सोरेन ने कहा, कोई भ्रम नहीं है। हम सभी एकजुट हैं।

# टाल-मटोल की नीति न अपनाए केंद्र किसानों की मांगें माने : किसान नेता

प्रात : किरण



चंडीगढ़/नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रियों के साथ यहां रविवार को बातचीत से पहले किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार को टाल-मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए। लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है।

फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों पर तीन केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच शाम छह बजे यहां बैठक होनी है। यह बैठक ऐसे वक्त में होनी है, जब हजारों किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को भी बातचीत हुई थी, जो बेनतीजा रही। डल्लेवाल ने शंभू सीमा पर संवावदाताओं से कहा, मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि वह टाल-मटोल की नीति न अपनाये। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को लगता है कि वह आचार संहिता लागू होने तक बैठकें जारी रखेगी और फिर कहेगी कि आचार संहिता लागू हो गई है एवं हम कुछ नहीं कर सकते। फिर भी किसान वापस नहीं लौटेंगे। उन्होंने कहा, सरकार को आचार संहिता लागू होने से पहले हमारी मांगों का समाधान तलाशना चाहिए। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय किसान नेताओं के साथ बैठक करेंगे। किसानों के दिल्ली चलो मार्च का आज छठा दिन है।

**एमएसपी की मांग पर अड़े किसानः** किसान नेताओं की मांग है कि सरकार अध्यादेश लाकर टरढ के लिए गारंटी कानून लाए। किसानों की मांग है कि सरकार अध्यादेश लेकर आए। किसान मांग कर रहे हैं कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी दी जाए, इसके लिए अध्यादेश लाया जाए। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवन सिंह पंधेर ने शनिवार को कहा कृषि ऋण माफ किया जाए।

# भारत और नेपाल के अधिकारियों की संयुक्त बैठक, सीमा सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा

प्रात : किरण

पूर्वी चंपारण/एजेंसी। आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारत और नेपाल के अधिकारियों की बैठक रक्सौल स्थित इंट्रीग्रेटेड चेकपोस्ट के सभागार में हुई। इंडो नेपाल बॉर्डर कोर्डिनेशन कमिटी की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल और नेपाल के चितवन के डीएम ने संयुक्त रूप से की। बैठक में भारत के नेपाल सीमा से सटे पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चंपारण और सीतामढ़ी जिला के डीएम और एसपी के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वही नेपाल की ओर से भारतीय सीमा से सटे नेपाल के 7 जिलो के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के साथ ही सीमा सुरक्षा, जाली नोट, आर्म्स, ड्रग्स एंड नारकोटिक्स, शराब तस्करी, तंबाकू व अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी पर नियंत्रण और क्रॉस बॉर्डर क्राइम कंट्रोल सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तृत चर्चा किया गया। इसके अलावा मोस्ट वांटेड अपराधियों की धरपकड़, विदेशी नागरिकों के अलावा संदिग्ध लोगों की अवैध आवाजाही और अवांछित गतिविधियों पर रोक, आपसी सूचनाओं के अदान प्रदान और दोनो देश के परस्पर आपसी सहयोग के मुद्दे पर भी दोनों देश के अधिकारियों के बीच गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक के बाद पूर्वी चंपारण और नेपाल के चितवन के डीएम ने संयुक्त रूप से बताया कि दोनों देश के अधिकारियों के बीच काफी सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता हुई है, आपसी सहयोग पर बल दिया गया है।

# जाति जनगणना देश का एक्सरे हैं: राहुल गांधी

प्रात : किरण



प्रयागराज/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जाति जनगणना देश का एक्सरे है, इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। स्वराज भवन से निकलकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पास लक्ष्मी टाकीज चौराहे पर उन्होंने कहा, जाति जनगणना आपका का हथियार है और आपको पता लगाना है कि आपकी आबादी कितनी है और दूसरे नंबर पर पता लगाना है कि देश के धन पर आपकी कितनी हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा, इस देश में 73 प्रतिशत जातियों के पास कितना धन है? जाति जनगणना देश का एक्सरे है। इससे सब पता लग जाएगा तथा दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। भीड़ से एक छात्र को अपनी जीप पर बुलाकर राहुल गांधी ने उससे पूछा, आप कौन-से वर्ग से हैं। छात्र ने जवाब दिया कि वह ओबीसी वर्ग से है। इस पर राहुल गांधी ने कहा, देश में ओबीसी वर्ग 50 प्रतिशत है, दलित वर्ग 15 प्रतिशत है और आदिवासी वर्ग आठ प्रतिशत है। उन्होंने कहा, इस देश में आप जैसे युवाओं का कोई भविष्य नहीं है। आपकी (ओबीसी, दलित, आदिवासी) आबादी 73 प्रतिशत है, लेकिन हिंदुस्तान में शीर्ष 200 कंपनियों में से एक कंपनी का भी मालिक ओबीसी, दलित नहीं है। देश के सबसे बड़े 90 आईएएस अधिकारियों की सूची में महज तीन लोग आपके वर्ग से हैं। मीडिया में आपका एक भी आदमी नहीं है।

**अभ्यास** पचास मेहमान देशों के साथ इस समुद्री अभ्यास के लिए भारतीय नौसेना की बड़े पैमाने पर तैयारी

# नौसैन्य अभ्यास मिलन में पहली बार हिस्सा लेंगे विक्रमादित्य और विक्रांत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सिटी ऑफ डेस्टिनी विशाखापत्तनम में 21 फरवरी से होने वाले बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास मिलन में पहली बार भारत के दोनों विमानवाहक आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत हिस्सा लेंगे। करीब 50 मेहमान देशों के साथ इस समुद्री अभ्यास के लिए मेजबान भारतीय नौसेना बड़े पैमाने पर तैयारी कर रही है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने अब तक के सबसे बड़े इस नौसैन्य अभ्यास को समुद्री क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय हित देखते हुए काफी महत्वपूर्ण बताया है। बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास मिलन में शामिल होने के लिए 58 देशों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें 50 से अधिक देशों से शामिल होने की प्रतिक्रियाएं मिलीं हैं। विभिन्न देशों की नौसेनाएं अपने-अपने युद्धपोत समुद्री और हवाई बेड़े के साथ इस अभ्यास में शामिल होने के लिए पहुंचने लगी हैं। अमेरिकी नौसेना का अर्ले बर्क-क्लास गाइडेड मिसाइल विध्वंसक यूएसएस हैल्सी विशाखापत्तनम पहुंच गया है, जिसका पूर्वी नौसेना कमान सनराइज कमांड ने सिटी ऑफ डेस्टिनी में गर्मजोशी से स्वागत किया है।

यह पहला मौका है जब भारत के दोनों विमानवाहक यानी आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत विशाखापत्तनम में होने वाले बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन-2024 में



भाग लेंगे। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार कहते हैं कि मिलन वास्तव में अब तक का सबसे बड़ा अभ्यास है, जो अपने कद, सामग्री और जटिलता की डिग्री में बढ़ रहा है। यह इस मायने में बहुत महत्वपूर्ण है कि इस बार का विषय सभी के साथ सहयोग, सामंजस्य और बातचीत है। इसमें एक समुद्री चरण और एक बंदरगाह चरण है, जो 19 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगा। अभी हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, 2030 तक या उससे भी पहले तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से हमारे देश का कद बढ़ रहा है और समुद्री क्षेत्र के महत्व को भी हर कोई महसूस कर रहा है। समुद्री क्षेत्र अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए महासागरों को सुरक्षित, संरक्षित और मुक्त रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि नियम-आधारित व्यवस्था के तहत समुद्री क्षेत्र में हमारे राष्ट्रीय हित सुरक्षित रहें। बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन में भारतीय नौसेना के दोनों विमानवाहक पोतों की भागीदारी पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार कहते हैं कि दोनों वाहक अभ्यास में हिस्सा लेने के बाद पश्चिमी समुद्र तट पर जाएंगे और हम उन्हें एकीकृत करने जा रहे हैं। अभी पश्चिमी समुद्र तट पर ऑपरेशन की गति काफी तेज है, क्योंकि हमारे 10 जहाज ड्रोन-रोधी उपायों के लिए तैनात हैं। अन्य 3-4 जहाज समुद्री डकैती-रोधी अभियानों के लिए तैनात हैं, जो अभूतपूर्व है, क्योंकि पहले ऐसा नहीं था। एमक्यू 9बी ड्रोन की खरीद पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि रक्षा अधिग्रहण परिषद से मंजूरी के बाद अनुरोध पत्र अमेरिकी सरकार को भेज दिया गया है। अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी के बाद आने वाले कुछ महीनों में अनुबंध पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### 28 को चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय

पटना सिटी (प्राकि)। रानीपुर स्थित युवा राजद पटना महानगर के द्वारा ग्राम चौपाल किया गया। इसकी अध्यक्षता राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव बलराम चौधरी तथा संचालन युवा राजद के पंकज रजक ने किया। कार्यक्रम में युवा राजद पटना महानगर अध्यक्ष रोहित कुमार यादव ने कहा कि 28 फरवरी को बापू सभागार में होने वाले ग्राम चौपाल को पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव युवाओं को संबोधित करेंगे हम सभी जनता को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे तथा बताएंगे कि जो काम 17 साल में नहीं हुआ वह 17 महीना में हमारे नेता ने कर दिखाया है। महागठबंधन की सरकार ने जातीय जनगणना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं चार लाख सरकारी नौकरी आदि देने का काम किया। संबोधित करने वाले में पूर्व पार्षद शिव मेहता, युवा राजद के नीति राज गांधी, विमल राय, विक्रांत राय, गणेश कुमार यादव, वार्ड अध्यक्ष सनी यादव, शंकर सिंह, भीम यादव, मनोज यादव, विकास यादव, अंकित यादव, विशाल ठाकुर आदि थे।

### ट्रेन के बोगी से शराब बरामद

दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत रविवार को रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग के क्रम में ट्रेन नंबर 12488 डॉ सीमांचल एक्सप्रेस के २3 बोगी के गेट के पास एक संदिग्ध बैग को उतार कर प्लेटफार्म1 फूड प्लाजा के पास चेक करने पर अंग्रेजी शराब सिग्नेचर 17 बोतल लावारिस अवस्था में बरामद किया गया इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया की अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है

### मकान में चोरी करने गया चोर रंगे हाथ गिरफ्तार

दानापुर। नजर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राम जयपाल नगर के हरिओम नगर मे निमार्णाधीन मकान में चोरी करने के उद्धेश्य से घुसे एक युवक को लोगो ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में गृहस्वामी मुकेश कुमार ने लिखित शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि रूपसपुर थाना क्षेत्र के रामजयपाल नगर के हरिओम नगर में बीते रात चोरी के उद्धेश्य से एक युवक निमार्णाधीन मकान में घुसा था। वो चोरी कर रहा था। तभी आवाज सुन लोगो ने उसे पकड़ लिया। जिसकी पहचान रूपसपुर के जलालपुर निवासी राजू कुमार के रूप में किया गया। बाद में उसे लोगो ने पुलिस के हवाले कर दिया।

### चोरों ने उड़ाया तीन लाख की संपति

पटना सिटी (प्राकि)। मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के कमलदह स्थित दुकान का ताला तोड़ चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने ग्लेंडर, बेल्डिंग और कटिंग मशीन सहित एक लाख की संपति चोरी कर लिया है। पीड़ित राजीव रंजन की ओर से थाना में मामला दर्ज कराया गया है। दूसरी ओर अगमकुआं थाना के भागवत नगर के प्रियदर्शी नगर मुहल्ला की रहने वाली नीतू कुमारी के मकान में भी चोरी हुई है। यहां से चोरों ने दो लाख से अधिक की संपति चोरी कर ली है। पीड़ित ने दर्ज शिकायत में कहा है कि सोने-चांदी के आभूषण और 15 हजार नगद के साथ अन्य सामान चोरी गयी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

### ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का खुला पाठशाला

पटना सिटी (प्राकि)। पंचवटी कालोनी बड़ी पटनदेवी केंद्र प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बजरंगपुरी कॉलोनी में ब्रह्मकुमारी पाठशाला खोला गया। इसका उद्घाटन बहन बीके रानी ने किया। आयोजन में नरेश भाई, प्रकाश भाई, मनीष भाई, आरोही बहन, मीनाक्षी बहन, संजय भाई, निर्मला बहन, ऋचा बहन, ज्योति बहन, चंचल भाई आदि मौजूद थे। इसमें राजयोग व मेडिटेशन का लाभ एक साथ सौ लोगों को मिला करेगा।

### शनि शांति महायज्ञ पर धार्मिक अनुष्ठान

पटना सिटी (प्राकि)। कंगन घाट पर शनि शांति महायज्ञ पर धार्मिक अनुष्ठान अयोध्या के मणि पर्वत रघुनंदन कुंज से आए संत श्री श्री 108 नागा बाबा उर्फ तेलपानी बाबा के सानिध्य में हुआ। आयोजन में गोपाल कृष्ण शास्त्री ने प्रवचन किया। आचार्य अजय तिवारी की देखरेख में भजन गायकों व कलाकारों की ओर से रासलीला और रामलीला की प्रस्तुति दी गई। आयोजन को लेकर राजनाथ मुखिया, वकील राय, राजेंद्र राय, राजीव राय, टुनटुन राय, उमेश राय, रामनाथ राय, जोगिंदर राय, बिरजू बाबा, पूर्व डीएसपी विजय कुमार यादव, डॉ राजीव गंगौल, पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू, विकास राज जायसवाल आदि सक्रिय थे।

# शिक्षण एक जटिल प्रक्रिया, यह आसान नहीं, इसके लिए सामग्रियों की जरूरत : डॉ रश्मि प्रभा

## एससीईआरटी परिसर में टीएलएम मेला का हुआ समापन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दो दिवसीय टीएलएम मेला का समापन रविवार को हो गया। मेले के दूसरे दिन भी प्रतिभागियों ने अपने-अपने टीएलएमएस का प्रदर्शन जारी रखा। कुल 358 शिक्षकों को राज्य से आमंत्रित किया था। इसमें विभिन जिलों से आए लगभग 241 शिक्षकों ने इस मेले में भाग लिया। ज्ञात हो कि यह सभी प्रतिभागी पहले अपने प्रखंड स्तर पर, फिर जिला स्तर से चुने हुए शिक्षकगण हैं, जिनको राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ है। पहले दिन उद्घाटन निदेशक, प्राथमिक शिक्षा मिथिलेश मिश्र ने किया था। दूसरे दिन की शुरूआत परिचर्चा, जिसका शीर्षक टीएलएमएस की उपयोगिता एवं सीमाएं और उसकी पुनर्व्याख्या था। इस में एससीईआरटी की संयुक्त निदेशक डॉ रश्मि प्रभा, चीफ ऑफ पार्टी, आईपीईएल श्रीमती गीता वर्मा एवं एससीईआरटी के व्याख्याता

डॉ जैनेन्द्र दोस्त ने प्रतिभाग किया। चर्चा की शुरूआत में डॉ रश्मि प्रभा ने बताया कि शिक्षण एक बहुत जटिल प्रक्रिया है। यह सभी के लिए आसान काम नहीं है। इसके लिए अलग-अलग सामग्रियों की जरूरत पड़ती है, जिसे हम सहायक शिक्षण सामग्री कहते हैं। यह सामग्री तभी जीवंत होती है, जब इसका उपयोग हो। बिना उपयोग की सामग्री सिर्फ और सिर्फ एक सजावटी वस्तु के तौर पर ही देखी जा सकती है। बच्चों की पहुंच तक यह सामग्री होनी चाहिए, तभी इसकी सार्थकता सिद्ध होती है।

श्रीमती गीता वर्मा ने कहा कि सहायक शिक्षण सामग्री का उपयोग शिक्षण से है। जब बच्चे छोटे होते हैं, तो इनके मस्तिष्क का विकास बहुत तेजी से होता है। बहुत ढेर सारे न्यूरॉन रोज बनते हैं और खत्म हो जाते हैं। इस समय बच्चों को सीखने के लिए जरूरी है कि उनको शिक्षण प्रक्रिया में सम्मिलित करना चाहिए। जब हम किसी बच्चे के लिए सामग्री का निर्माण करते हैं, तो यह सबसे जरूरी पहलू होता है कि बच्चा उस निर्माण प्रक्रिया में सम्मिलित हो। अगर वह शामिल होगा, तो सिर्फ इसी प्रक्रिया से बहुत कुछ सीख जाएगा। डॉ विभा रानी ने बताया कि टीएलएम का सिर्फ सुंदर होना जरूरी नहीं है। इसका उपयोग होना ज्यादा जरूरी है। बहुत से टीएलएम बाजार में भी उपलब्ध हैं, परंतु उसकी अधिक सार्थकता नहीं है। जब तक बच्चे के पहुंच में न हो, तब तक टीएलएम अपनी परिभाषा को नहीं सार्थक करता। डॉ जैनेन्द्र दोस्त ने इस चर्चा को समेकित करते हुए कहा कि जब हम टीएलएम की बात करते हैं, तो टीएलएम मतलब टीचिंग लर्निंग मेटेरियल्स यानी वह सामग्री, जो शिक्षण में सहायक के तौर पर उपयोग हो। परिचर्चा के बाद विभिन्न ज्यूरी सदस्यों द्वारा चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ विभा रानी ने किया।

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद में राज्य स्तरीय निपुण टीएलएम मेला में पर्यावरण अध्ययन पर चांद सितारों की दुनिया को आशुतोष नंदन मवि मचकना सिवान को प्रथम, पोशाक चार्ट बत्ती जलाओ, लेट्स प्ले विद वर्डस, उत्तर पाओ के लिए ऋतुराज जायसवाल उमवि मोहनपुर समस्तीपुर द्वितीय, जियो बोर्ड, विटामिन एवं उसके कमी से होने वाले चकरी चाल, सांप सीढ़ी का खेल, अक्षर घुमाओ शब्द बनाओ, रंग बदलती गुड़िया, फिसलन पट्टी के लिए मोनी कुमारी, उमवि गोविंद बिगहा लखीसराय को तृतीय घोषित किया गया। इसी प्रकार भाषा में यूज ऑफ प्रीपोजिशन के लिए कुमारी टोनी उमवि फुलवारी पटना, अल्फाबेट से मछली निर्माण मधु कुमारी नवप्रावि बेनीपुर वैशाली, अल्फाबेट से मछली निर्माण पिंकी कुमारी उमवि धोधी बरियारपुर सूर्यगढ़ा लखीसराय, गणित में लर्न विद पांडा अर्चना कुमारी प्रावि बगाही अतरी गया, नंबर मैजिक मुकेश कुमार शर्मा उवि एरौत समस्तीपुर, मिट्टी से बने खिलौने शिल्पी कुमारी उमवि झझवो गोपालगंज को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

# आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि पर जैन समाज ने दी श्रद्धांजलि

## श्री भक्तामर पूजन दीप अर्चना की हुई आराधना



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

लंगूर गली हाजीगंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन गुरारा मंदिर में रविवार को श्री भक्तामर पूजन दीप अर्चना की भक्तिभाव पूर्वक आराधना की गई। इसमें 48 अर्घ्य और दीपों को अर्पित कर भगवान आदिनाथ स्वामी का विशेष पूजन जैन श्रद्धालुओं ने किया। इसके पूर्व भगवान पार्श्वनाथ का नित्य अभिषेक, शांतिधारा व पूजा-पाठ का कार्यक्रम हुआ। आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज का विशेष तौर पर पूजा-अर्चना किया गया। महामंत्र णमोकार का पाठ कर आचार्य श्री को श्रद्धांजलि दी गई। मीडिया प्रतिनिधि प्रवीण जैन ने बताया कि जैन धर्म के सबसे बड़े आचार्य तपस्वी त्याग के प्रतिमूर्ति महान संत गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज की समतापूर्वक समाधि (देवलोकगमन) डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में शनिवार के अर्द्धरात्रि ढाई बजे हो गई थी। आचार्य श्री जीते जागते परमात्मा थे। उनके देवलोक गमन से देश को अपूर्णीय क्षति है।

# भद्र घाट पर प्रतिमा विसर्जन से फैली गंदगी

## रविवार को भी निकला शोभायात्रा, प्रशासनिक शिविर हटा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश पर गंगा नदी में पूजा आराधना के बाद भगवती सरस्वती की प्रतिमाओं के विसर्जन पर रोक का आदेश दिया गया था। ऐसे में प्रशासन ने विभिन्न घाटों पर गंगा किनारे बेरीकेटिंग कर प्रतिमा विसर्जन के लिए स्थान तय किया था। साथ ही पूजा के बाद दो दिनों तक हर हाल में स्थापित प्रतिमा का विसर्जन करने का आदेश जारी किया था। मगर पुलिस प्रशासन के आदेश को धता बताते हुए पूजा समितियों ने रविवार को भी प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकालने का काम किया। वहीं भद्रघाट पर स्थापित पुलिस प्रशासन का कंट्रोल रूम खाली दिखा। यहां पुलिस प्रशासन के एक भी पदाधिकारी या जवान मौजूद नहीं दिखे और न ही यहां पर कुर्सी-टेबल ही लगा था। दूसरी ओर भद्र घाट गंगा किनारे विसर्जित की गई प्रतिमा के रंग और मिट्टी के पानी में घुल जाने के बाद वाल रस्सी और बांस की फट्टी का ढेर इधर-उधर बिखरा पड़ा है। साथ ही पूजा की सामग्री माला, कपड़ा आदि भी बिखरा पड़ा है। गरीब परिवार की महिलाएं और बच्चे जलावन के लिए बांस का फट्टा, लकड़ी, कपड़ा, पुआल आदि चुनते हुए देखे गए। मगर घाट पर सफाई की व्यवस्था नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के द्वारा नहीं किया गया। दरअसल 14 फरवरी को सरस्वती पूजा का आयोजन था। 15 और 16 फरवरी को हर हाल में प्रतिमा का विसर्जन करने का निर्देश पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा जारी किया गया था। उन दो दिनों की बात छोड़ दें तो रविवार सायं तक विसर्जित की गई प्रतिमाओं का मलबा गंगा नदी से निकलने का काम नहीं किया गया था। इस कारण से घाट किनारे लोगों का जाना मुश्किल हो रहा था। साथ ही छोटी-बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन में भी समस्या आ रही थी।

# रवि यादव बने राजद पटना जिलाध्यक्ष



प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। रविवार को भिखुआ निवासी रवि यादव को राष्ट्रीय जनता दल के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ का पटना जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। रवि यादव को प्रदेश अध्यक्ष संतोष भारती के द्वारा प्रमाण पत्र देकर मनोनीत किया गया। वहीं अरुण यादव को पटना जिला उपाध्यक्ष, द्वितीय सतीश कुमार यादव जिला उपाध्यक्ष, संतोष कुमार, सचिव टुन्नी कुमार को पटना जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजय यादव, प्रदेश महासचिव युवा राष्ट्रीय जनता दल के शिवेन्द्र कुमार तांती, युवा राजद के प्रवक्ता अरुण कुमार उपस्थित थे। रवि यादव के पटना जिलाध्यक्ष बनने पर पूर्व खनन मंत्री डॉ रामानंद यादव, दयानंद यादव, अरविंद यादव, धर्मवीर गोप, मनोज यदुवंशी, गौरी शंकर कुमार, राम प्रसाद, दीना नाथ यादव, भोला सिंह समेत दर्जनों राजद कार्यकताओं ने बधाई दी है।

# छात्र पंकज के सुसाइड के दोषी शिक्षक की गिरफ्तारी को मशाल जुलूस

## 48 घंटे में अरेस्टिंग नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की घोषणा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राजकीय फामेर्सी संस्थान में फामेर्सी संस्थान का छात्र पंकज ने आत्महत्या कर लिया था। उनके पिता के द्वारा प्राथमिकी दर्ज होने के लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आरोपी सहायक शिक्षक नितेश कुमार की गिरफ्तारी नहीं होने से छात्रों में आक्रोश है। राजकीय फामेर्सी छात्रावास से राजकीय फामेर्सी संस्थान के मुख्य द्वार होते हुए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मुख्य द्वार तक मशाल जुलूस निकाल कर कॉलेज प्रशासन एवं राज्य सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर अपना विरोध एवं नाराजगी जताया। छात्रों की मांग है कि संविदा पर कार्यरत आरोपी नितेश कुमार सहायक शिक्षक की अविलंब गिरफ्तारी हो और मामले की निष्पक्ष कानूनी जांच हो, पंकज कुमार (मृतक) के पिता के द्वारा 12 फरवरी को ही आलमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। सोमवार को ही धरना व प्रदर्शन के दौरान आलमगंज थाना प्रभारी के द्वारा धरनास्थल पर आकर प्राथमिकी की छायाप्रति देते हुए सूचना दी गयी कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कल से ही जांच प्रक्रिया शुरू कर देंगे। थानाध्यक्ष के द्वारा छात्रों को आश्वस्त किया गया था कि आरोपी कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। उनके आश्वासन पर छात्रों ने संस्थान का ताला खोल दिया था, लेकिन अबतक न तो आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी हुई और न ही जांच प्रक्रिया शुरू हुई।कॉलेज प्रशासन की ओर से कॉलेज के छात्रों पर बयान बदलने व मामले से खुद को अलग करने का लगातार दबाव बनाया जा रहा है। छात्र पंकज एवं गवाही देने वाले मृतक छात्र के सहपाठियों पर तरह-तरह के झूठे आरोप का अफवाह फैला डराया व धमकाया जा रहा है। कॉलेज प्रशासन आरोपी सहायक शिक्षक नितेश कुमार को सही साबित करने एवं उन्हें बचाने की हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। आरोपी शिक्षक पर कोई कार्रवाई कालेज प्रशासन और न ही स्वास्थ्य विभाग ने की है, जबकि छात्रों ने राजकीय फामेर्सी संस्थान के प्राचार्य एवं अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिख कर आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है। मृतक छात्र पंकज घर में परिवार का बड़ा पुत्र था। उसकी मौत से परिवार मर्माहत है। राज्य सरकार एवं कॉलेज प्रशासन की ओर से परिजन को उचित मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करे। यदि 48 घंटे में आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो छात्र आंदोलन तेज करेंगे।

# शतचंडी महायज्ञ में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री प्राचीन शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी गड़हा मंदिर में चल रहे शतचंडी महायज्ञ की पूणार्हुति व भंडारा में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव शामिल हुए। इस दौरान भगवती की पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास की कामना की। वाराणसी से आए आचार्य राजेंद्र भार्गव की देखरेख में शतचंडी महायज्ञ की पूणार्हुति हुई। मंदिर के पुजारी आचार्य बबलू पांडेय ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के साथ महापौर सीता साहू, प्रतिनिधि शिशिर कुमार, प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र, बद्रीनाथ गुप्ता आदि शामिल थे। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर में महंत विजय शंकर गिरि ने धार्मिक अनुष्ठान कराया और उन्हें आशीष रूप में चुनरी और प्रसाद प्रदान किया। श्री यादव ने नारियल और प्रसाद भी चढ़ाया। उन्होंने कहा कि शक्तिपीठ स्थल भगवती के दरबार में वे हमेशा आते रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद भी उनका आशीष पाने के लिए आए हैं। उन्हें जो पद मिला है, वह मां का आशीर्वाद है। क्षेत्र की जनता की खुशी के सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय विधायक होने के साथ ही पटना सिटी का रहने वाला हूं, तो स्वाभाविक है लोगों को अपने बीच के आदमी के कुछ बनने पर खुशी होती है।

# शिव को गुरु मानने से मिलती शक्ति, संकट होता है दूर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन रविवार को राजकीय उच्च विद्यालय पटना सिटी के मैदान में किया गया। इस दौरान लवली सिंह मौजूद थीं। अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद तारा देवी आदि भी थीं। वक्ताओं ने कहा कि शिव का सहारा लेने को यहां लोग बैठे हैं। जब वह हमारे गुरु हैं, तो आपके भी हो सकते हैं। वे दुनिया के विश्व गुरु हैं। इसमें खान-पान और जात-पात नहीं देखा जाता है। भगवान शिव जन-जन के प्रिय और सर्वमान्य गुरु हैं। मानवता को वह पुष्पित और पल्लवित करते हैं। आज शिव की आराधना से विमुख लोगों के परिवार में झगड़ा हो रहा है। मानवीय गुणों का ह्रास हो रहा है। जरूरत इस बात की है कि माता-पिता, दादा दादी और अपने से बड़ों के प्रति सम्मान हो, छोटों के प्रति आदर व स्नेह का भाव हो। भगवान शिव भोले हैं। यही कारण है कि उनकी पूजा आराधना करने वाले लोग महज एक लोटा जल अगर शिवलिंग पर उड़ेल देते हैं, तो इसी से वह प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिए हम सब मिलकर उन्हें अपना गुरु मानें और अपने परिवार में सभ्यता और संस्कृति के साथ ही धार्मिक मयार्दा की नींव को डालने का काम करें। मौके पर भजनों की प्रस्तुति भी दी गई।

# मिस्टर व मिस जीजस एंड मेरी बने राहुल राज व कृतिका लोहानी

## दशम वर्ग के छात्रों की विदाई पर हुआ फेयरवेल



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जीजस एंड मेरी एकैडमी के परिसर में कक्षा दशम के लिए फेयरवेल फंक्शन का आयोजन रविवार को किया गया। छात्र-छात्राएं रंगीन पोशाक में फिल्मी सितारों से कम नहीं लग रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना से किया गया। छात्र-छात्राओं को कक्षा नवम की छात्रों ने कुमकुम लगा कर स्वागत किया। विद्यालय की प्राचार्या पूजा एन शर्मा ने सभी छात्रों का स्वागत करते हुए भारी मन से उन्हें इस विदाई समारोह का महत्व समझाते हुए कहा कि यह विदाई बिछड़ने के लिए नहीं है, परन्तु एक बार दोबारा मिलने के लिए है। जब आप सब अपने-अपने तय किए लक्ष्य को प्राप्त कर आएंगे, तो उनके विद्यालय का सिर गर्व से ऊंचा होगा। समारोह का मुख्य आकर्षण था मिस्टर एंड मिस जीजस एंड मेरी एकैडमी का चयन। कक्षा दशम के छात्रों में से तीन-तीन छात्र और छात्राओं का चयन किया गया। उन सबों से चयन मंडली ने सवाल पूछे, चयन मंडली में विद्यालय की शिक्षिका प्रीति यादव एवं अनिश कुमार थे। विद्यालय की प्राचार्या पूजा एन शर्मा एवं निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक ने ताज पहनाया। मिस्टर जीजस एंड मेरी का ताज गया राहुल राज और मिस जीजस एंड मेरी बनी कृतिका लोहानी। मिस्टर हैंडसम और मिस ब्यूटीफुल यश खन्ना और रश्मि कुमारी, मि. कॉर्डिअल और मिस कंजिनियल बने मो सेराज और राजी, मि. आइंसटाइन और मिस जिनियश बने राहुल राज और मुस्कान कुमारी, मि. और मिस पोपुलर बने सिद्धार्थ सिंह और उज्मा इकबाल। अंत में निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और आने वाले बोर्ड परीक्षा के लिए बच्चों को शुभकामनाएं दीं। संचालन शिक्षक मुकेश कुमार ओझा एवं मंच संचालन कक्षा नौवीं के छात्र आदित्य चंद्रवंशी, जोविया, पुनीत कसेरा एवं ऐश्वर्या राज ने सयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों को विद्यालय का स्मृति चिन्ह दे विदा किया गया।

# शिवरात्रि शोभायात्रा की सफलता को जनसंपर्क टोली गठित



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा समिति की बैठक अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साह की अध्यक्षता में पूरब दरवाजा में हुई। इसमें आठ मार्च को निकलने वाली शोभायात्रा की सफलता के लिए जनसंपर्क अभियान चलाने और इसके लिए मोहल्ला स्तर पर 25 टोलियों का गठन किया गया। इसमें राजेश चंद्रवंशी को मारूफगंज, अजय कुमार को मसूरगंज, मनोज वर्मा को सिमली, दिलीप चौधरी को बोरी दास की भट्ठी, किशोरी प्रसाद को मालसलामी, हरेंद्र यादव को मसूरगंज, राजेश यादव को पूरब दरवाजा, संतोष जायसवाल को चमडोरिया, सुरेश सिंह पटेल को नून का चौराहा, उदय यादव को खाजेकलां लल्लू शर्मा को भद्र घाट, टिंकू रावत नंदगोला, शंभू प्रसाद को जमुनापुर, धीरेंद्र सिंह को दलहट्टा, विनय केसरी को सादिकपुर, महाराजगंज, सुजीत अकेला को किला रोड, मुकेश अग्रहरि को पटना साहिब स्टेशन, कौशल शर्मा को मच्छहट्टा, अजय कुमार को नगला, संजय कुमार को चौकशिकारपुर, उदय कुमार को नगला आदि की जिम्मेदारी दी गई।

# स्वास्थ्य शिविर में बीपी व हृदय रोग के मरीज अधिक मिले

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता



मारवाड़ी सेवा समिति एवं बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल के द्वारा मिरचाई गली स्थित श्री नारायणी विवाह भवन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने बताया कि शिविर में आए मरीजों को डॉक्टर ने चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों का मुफ्त ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी के अलावा उन्हें परामर्श दिया गया तथा रोगों से बचने के उपाय के बारे में बताया गया। शिविर में डॉ विजय चौधरी, जनरल फिजिशियन डॉ पवन कुमार, हड्डी रोग के डॉ कमलेश कुमार, हृदय रोग के डॉ राणा परवीन, स्त्री रोग एवं जनरल सर्जन के द्वारा मरीज को देखा गया। शिविर को सफल बनाने में सचिव राजकुमार गोयनका, संयोजक सुभाष पोद्दार, श्री राणी सती दादी जी न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रभात भरतिया, गंगा भ्रमण दल के पुरुषोत्तम पोद्दार, शिव प्रसाद मोदी, पप्पू मोदी, नितेश मोदी, मनोज खेतान, अशोक बंका, राजेश देवड़ा आदि सक्रिय थे। डॉ चौधरी व डॉ राणा ने बताया कि जांच के दौरान बीपी और हार्ट के मरीज अधिक थे। हड्डी के डॉ कमलेश ने कहा कि ठेहुना व बैक पेन के मरीज अधिक थे। इसमें गठिया, ज्वाइंट पेन, हड्डी का घिसना आदि था।

# डीएम व एसएसपी के निदेश पर विभिन्न काराओं का औचक निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक तथा वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना राजीव मिश्रा के निदेश पर विभिन्न काराओं का औचक निरीक्षण किया गया। अहले सुबह अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, वरीय दंडाधिकारियों एवं वरीय पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में पाँच काराओं एवं उपकाराओं का निरीक्षण किया गया। आदर्श केंद्रीय कारा, बेऊर के निरीक्षण में एक सिम, दो चाकू एवं अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि काराधीक्षक से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक तथा वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने कहा कि समय-समय पर जेल का निरीक्षण किया जाएगा। अधिकारीद्वय ने जेल अधीक्षकों को जेल मैनुअल के अनुसार कारा को संचालित करने का निदेश दिया है। आयुक्त रवि के निदेश पर पटना शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया पटना। आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना कुमार रवि के निदेश पर दूसरे दिन पटना शहर में अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में नौ बजकर तीस मिनट पूर्वाह्न से दो बजकर बीस मिनट अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ चितकोहरा पुल के नीचे अतिक्रमण हटाया गया। पटना नगर निगम के कंकड़बाग अंचल में दस बजकर तीस मिनट पूर्वाह्न से तीन बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। यहाँ कंकड़बाग ऑटो स्टैण्ड से कॉलोनी मोड़ ओल्ड बाईपास तक अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में 29,800/- जुमार्ना वसूला गया। पाटलिपुत्रा अंचल में बारह बजे अपराह्न से तीन बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ पाटलिपुत्रा गोलम्बर नेहरू नगर होते हुए गोसाई टोला तक अतिक्रमण हटाया गया एवं एक लोहा काउन्टर, ठेला, एक टेबल जप्त किया गया।

# राज्य में बागवानी विकास की अपार संभावनाएं : सचिव

## कृषि विभाग के सचिव ने बागवानी महोत्सव सह प्रतियोगिता का किया समापन

● 314 चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र के साथ मिला पुरस्कार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने रविवार को बागवानी महोत्सव सह प्रतियोगिता का समापन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बागवानी महोत्सव का आयोजन कृषि एवं कृषक हित में महत्वपूर्ण है, जहाँ राज्य के विभिन्न जिलों के बागवानी के विशिष्टताओं का प्रदर्शन होता है। कृषक अपने क्षेत्र के विशिष्ट उत्पादों को प्रदर्शित करते हैं एवं उनके बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना की जागृति होती है। इस बागवानी महोत्सव का सफल आयोजन के लिए विभागीय पदाधिकारियों, प्रतिभागी किसानों को धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे बताया कि इस बार दिन में कुछ गर्मी महसूस की गई है, इसलिए अगले वर्ष से बागवानी महोत्सव का आयोजन जनवरी माह में ही किया जायेगा। सचिव ने कहा कि राज्य में बागवानी विकास की अपार संभावनाएं हैं। किसान बंधु फसल विविधीकरण के रूप में बागवानी को अपनाएं एवं जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर बागवानी का फसल एक बेहतर विकल्प है।

**बागवानी महोत्सव में प्रत्येक जिले के कृषकों ने प्रदर्श लाए :** बागवानी महोत्सव में 19 वर्ग एवं 108 शाखाओं में ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकरण कराया गया था। इनमें से 799 किसानों ने 7512 प्रदर्शों के साथ महोत्सव में भाग लिया। भागलपुर जिला से सर्वाधिक 869 प्रदर्शों के साथ किसान ने भाग लिया। इसके बाद 646 प्रदर्शों के साथ पटना एवं पूर्णिया तथा 496 प्रदर्शों के साथ समस्तीपुर चौथे स्थान पर रहा।

**पवन कुमार सर्राफ सर्वश्रेष्ठ बागवान एवं रवि शंकर सिंह श्रेष्ठ बागवान घोषित :** कुल 104 प्रदर्शों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5 लाख 20 हजार रुपए, 102 प्रदर्शों को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 4 लाख 08 हजार रुपए, 108 प्रदर्शों को तृतीय पुरस्कार के रूप में 3 लाख 24 हजार रुपए, सर्वश्रेष्ठ तथा श्रेष्ठ बागवान पुरस्कार के रूप में 10-10 हजार रुपए प्रदान किया गया। विभिन्न श्रेणियों में 24 पुरस्कार पाने वाले नवगछिया, भागलपुर के किसान पवन कुमार सर्राफ को इस बागवानी महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिता मे सर्वश्रेष्ठ बागवान घोषित किया गया एवं उन्हें प्रमाण-पत्र, मोमेन्टो के साथ 10 हजार रुपए का विशिष्ट पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार विभिन्न श्रेणियों में 06 पुरस्कार पाने वाले कुटवनपुर, चाँद, कैमूर के किसान श्री रवि शंकर सिंह को श्रेष्ठ बागवान घोषित किया गया तथा उन्हें प्रमाण-पत्र, मोमेन्टो के साथ 10 हजार रुपए का विशिष्ट पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने वाला जिला भागलपुर है, जहाँ 115 पुरस्कार प्राप्त हुये। 27 पुरस्कार के साथ पटना द्वितीय एवं वैशाली तृतीय स्थान पर रहा तथा 18 पुरस्कार के साथ नालन्दा चतुर्थ स्थान पर रहा।

# नीतीश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं : उमेश कुशवाहा

● जदयू मुख्यालय में चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ की हुई संगठनात्मक बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू मुख्यालय में रविवार को चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की बैठक हुई। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पार्टी का चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ समाज के शिक्षित और बौद्धिक वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है। समाज को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में चिकित्सा से जुड़े लोगों की अहम भूमिका होती है। मानवता के कल्याण में भी चिकित्सकों के योगदान का कोई सानी नहीं है। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हुए साथियों का समाज में व्यापक प्रभाव है एवं उनकी बातें गंभीरता से अमल में लाई जाती है इसलिए समाज को सकारात्मक दिशा एवं अपनी पार्टी को मजबूती प्रदान करने में चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ को अग्रणी भूमिका निभाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विगत 18 वर्षों के सुशासन काल में स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार हुए। आगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव बेहद करीब है, हमें अपनी तैयारी को पुख्ता रखना है ताकि बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें एनडीए की झोली में आए। श्री कुशवाहा ने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए एक बड़ा खतरा है। ऐसे लोगों से बिहार की जनता को सचेत रहना है। राजद और कांग्रेस कभी जनता का भला नहीं कर सकती है। इनकी सोच परिवार तक ही सीमित है। अपने परिवार का विकास ही इनका एकमात्र उद्देश्य है जबकि हमारे नेता बिहार की 13 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं और उनकी सेवा में दिनरात लगे रहते हैं। इन उपलब्धियों की चर्चा इसलिए जरूरी है क्योंकि नीतीश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों के बारे में आम लोगों में जागरूकता बढ़े। इस मौके पर मुख्य रूप से चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मधुरेन्द्र पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीनिवास सिंह, डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ कमाल पाशा, डॉ चंद्रभूषण मिश्रा, डॉ बी.के सिंह, डॉ सुधीर पासवान, गणेश कुमार, डॉ राकेश कुमार सिंह, डॉ आनंद प्रसाद सिंह, डॉ अजय कुमार सिंह, मो खुर्शीद आलम, मो अख्तर सहित चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

# संदेशखाली में न्याय यात्रा क्यों नहीं निकालते राहुल गांधी: जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुई ज्यादतियों पर राहुल-तेजस्वी की चुप्पी तोड़ने की चुनौती देते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि सत्ता के शह के तृणमूल कांग्रेस के गुर्गों द्वारा पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की महिलाओं के साथ की गयी दरिंदगी ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। इस भयावह व जघन्य काण्ड ने राजद के जंगलराज की यादें ताजा कर दी हैं। जिस तरह राजद के राज में उनके पाले गुंडों को दलितों, पिछड़ों और अतिपिछड़ों की बहू-बेटियों की इज्जत खुलेआम तार-तार करने की छूट मिली हुई थी। आज कुछ वैसा ही मंजर बंगाल में दोहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जानकारी के मुताबिक संदेशखाली में महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के दफ्तर में बुला कर उनका उत्पीडन करना, जमीन कब्जाना, मनरेगा से कमाए पैसे छीन लेना आम बात है। प्रताड़ित महिलाओं में अधिकांश दलित, आदिवासी व पिछड़े-अतिपिछड़े समाज से है। हालात इतने खराब हैं कि जब महिलाओं पर अत्याचार होता है तो पुलिस भी रिपोर्ट दर्ज नहीं करती है, उलटे टीएमसी के गुर्गे उन्हें ही धमकाते हैं। राजद-कांग्रेस को निशाने पर लेते जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वहां गरीब महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार के इतने भीषण मामलों पर भी राहुल-तेजस्वी जैसे युवराजों की संवेदना नहीं जाग रही है। उन्होंने कहा कि बिहार-झारखंड आदि राज्यों में न्याय यात्रा निकाल रहे राहुल गाँधी को बताना चाहिए कि वह संदेशखाली में इस यात्रा पर कब जायेंगे? क्या उनके हिसाब से बंगाल की महिलाओं को न्याय नहीं मिलना चाहिए? क्या उनके निगाह में वहां के गरीबों की बहु-बेटियों की इज्जत का कोई महत्व नहीं है।

# संत शिरोमणि की जयंती 5 मार्च को मनाई जाएगी

● रविन्द्र भवन में प्रायोजित राज्यस्तरीय जयंती को लेकर बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

रविदास चेतना मंच के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरू रविदास के राजस्तरीय 647 वाँ जंयती समारोह की तैयारी के लिए 1 एम स्टैंड रोड में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता रविदास चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए रविदास चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास जी का 647 वाँ राज्यस्तरीय जंयती समारोह धूम-धाम से 5 मार्च को रविन्द्र भवन पटना मे आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के लोकप्रिय नेता, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव करेंगे। शिवचन्द्र राम ने कहा कि माधी पूर्णिमा के दिन 24 फरवरी 2024 को संत रविदास को माननेवाले लोग पूरे बिहार मे अपने-अपने घरों मे संत शिरोमणि गुरु रविदास की पूजा करेंगे एवं शाम मे दीप जलाकर दीपावली के रूप मे जयंती मनाएंगे। श्री शिवचन्द्र राम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की वाणी को जन-जन तक पहुँचाने एवं उनके पद चिन्हों पर चलकर ही समाज में फैली कुरूतियों तथा गैर बराबरी को समाप्त किया जा सकता है। बैठक मे आए बिहार भर के लोगो ने संकल्प लिया कि आधी रोटी खाएंगे, बेटा-बेटी को पढ़ाएंगे। आधी रोटी खाएंगे, नशामुक्त समाज बनाएंगे। आधी रोटी खाएंगे, अंधविश्वास दूर भगाएंगे। कार्यक्रम का संचालन मिश्री राम ने किया। बैठक को संबोधित करने वालों मे पूर्व विधायक चंदन राम, लालबाबू राम गोपालगंज के पूर्व प्रत्याशी सुरेंद्र राम, आरती देवी, वीर बहादुर राम, नागेन्द्र व्यास, सुदर्शन प्रसाद, प्रमोद राम, केदार राम, लखिन्द्र दास, अतुल राम, सहित कई लोग थें।

# तेजस्वी के जन-विश्वास यात्रा की तैयारी जोरों पर : एजाज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा 20 फरवरी को मुजफ्फरपुर से जन विश्वास यात्रा की शुरूआत होगी, जो 29 फरवरी को जमुई में पहले चरण में समाप्त होगी। इस यात्रा के क्रम में 32 जिलों में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जन विश्वास यात्रा करके आम लोगों को महागठबंधन सरकार के उपलब्धियों और सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को जो 17 महीने में किए गए हैं, उसकी जानकारी दी जाएगी। साथ ही 17 महीने बनाम 17 साल की बातों को भी बताया जाएगा, कि किस तरह से 17 महीने में श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने संकल्पों और 2020 के चुनाव में किए गए वादों को पूरा किया। और 17 सालों में एनडीए की सरकार ने सिर्फ जुमला बाजी और भ्रम और धर्म की राजनीति करके जनता को ठगने का काम किया। इस जन विश्वास यात्रा की तैयारी हेतु विभिन्न जिलों में जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी बैठक करके तैयारी का जायजा ले रहे हैं और तैयारी जोरों पर जारी है। और इसके लिए जिला स्तर पर पार्टी के नेता और कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दे रहे हैं। एजाज ने आगे बताया कि तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व पर जनता का जो विश्वास बना है और जनता ने जो उनके नेतृत्व पर उनके कामों के कारण विश्वास प्रकट किया है उसको राष्ट्रीय जनता दल और महागठबंधन के नेता कार्यकर्ता जनता और जनता के हितों के लिए और जनता के मुद्दों पर अपनी बात बताएंगे। साथ ही केंद्र सरकार के स्तर से जिस तरह से जन विरोधी और महंगाई बढ़ाने के साथ-साथ हम दो हमारे दो की नीतियों तथा संविधान विरोधी कार्य चलाए जा रहे हैं उस पर भी चर्चा की जाएगी। और लोगों को मुद्दों से जुड़ने का आह्वान किया जाएगा।

# मोदी सरकार ने जनता के साथ न्याय किया है : अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि लोकसभा में 400 पार कर प्रचंड जीत दिलाकर देश की जनता नरेन्द्र मोदी जी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी। क्योंकि कांग्रेस राजद के कार्यकाल में हजारों, लाखों करोड़ रुपए के मेगा घोटालों की चर्चा होती थी लेकिन आज मोदी सरकार में हजारों करोड़ रुपए के मेगा परियोजनाएं के पूरा होने की चर्चा होती है। मोदी सरकार ने असल मायने में जनता के साथ न्याय किया हैं। कांग्रेस पार्टी को जब जनता ने मौका दिया था तब तो जनता के साथ न्याय नहीं किया सिर्फ भ्रष्टाचार में डूबे रहे एक परिवार की सेवा करते रहे और अब चुनाव आते देख राहुल गांधी न्याय यात्रा का ढकोसला कर रहे हैं। श्री अरविन्द ने कहा कि वही मोदी सरकार अपने मेगा परियोजनाएं के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के जरिए देश को सशक्त बनाने में लगी है। इसी क्रम में 2024 के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये का खर्च होगा और इसके खर्च में 11 फीसदी का इजाफा किया जा रहा है। मोदी सरकार महिला किसान युवा और गरीबों का विकास के लिए काम कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार बिहार के विकास के लिए लगातार तत्पर है इसीलिए पटना मेट्रो के कोरिडोर में तेजी लाने के लिए मोदी सरकार ने 872 करोड़ दिए। मोदी सरकार उत्तरी और दक्षिणी बिहार को आपस में जोड़ने का काम कर रही है इसी क्रम में दीघा से सोनपुर के बीच गंगा नदी पर 3064 करोड़ रू खर्च करके 6 लेन का केवल ब्रिज बनेगा यह पुल 4.5 किलोमीटर लंबा होगा। बिहार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2700 किलोमीटर लंबी सड़के बनेंगे, बिहार कैबिनेट से 3 नए सड़कों की स्वीकृति मिल चुकी है। पीएम ग्राम सडक योजना के तहत किशनगंज में 2, दरभंगा में 1 सड़क बनेगी। मगर यह सब बातें कांग्रेस राजद जैसे भ्रष्टाचारियों को कौन समझाए जिसने हमेशा सता में रहने पर सिर्फ गरीबों की गाढ़ी कमाई को लूट कर अपना आशियाना बनाने की लत है। इन्हे सिर्फ भ्रष्टाचार करने की आदत है और जिनकी घिनौनी सोच अभी भी अपने स्वार्थ के लिए देश को तोड़ने, लूटने, यात्रा के नाम पर ठगने, ढकोसला करने और बाटकर कर खोखला करने में अटकी हुई है।

# भाकपा माले का जनता लड़ेगी-तानाशाही हारेगी जनसंवाद अभियान कल से

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाकपा-माले की एक दिवसीय राज्य कमिटी की बैठक रविवार को पार्टी राज्य कार्यालय में संपन्न हो गई। बैठक से आगामी 21-27 फरवरी तक बिहार की जनता लड़ेगी- तानाशाही हारेगी राज्यव्यापी जनसंवाद अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के बतौर माले महासचिव का। दीपंकर भट्टाचार्य शामिल थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा द्वारा राजद को तोड़ने की कोशिश की गई, तो हमारे विधायकों और पार्टी कार्यकताओं को राजनीतिक साजिश के तहत मुकदमों में फंसाकर सजा करवाने की साजिश की जा रही है। ऐसी स्थिति में भाकपा-माले द्वारा 21-27 फरवरी तक बिहार की जनता लड़ेगी-तानाशाही हारेगी लिया गया राज्यव्यापी जन संवाद अभियान काफी महत्वपूर्ण है। पार्टी के नेताओं को राजनीतिक साजिश के तहत फंसाने, किसान आंदोलन पर बर्बर दमन, कपूरी जी के नाम पर अवसरवादी राजनीति और रोजगार के मसले पर पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाए। हर चट्टी-बाजार पर नुक्कड़ सभा हो ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार में भाजपा-जद यू की करारी शिकस्त सुनिश्चित हो सके। बैठक में भाजपा द्वारा बिहार की सत्ता हड़प और नीतीश कुमार के पलटासन के उपरांत उत्पन्न राजनीतिक स्थिति पर बातचीत के उपरांत एक सप्ताह का अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। यह भी तय हुआ कि अभियान के दौरान 17 महीने की महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों को भी जनता के बीच ले जाया जाएगा। बैठक के हवाले से माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि भाजपा की तानाशाही के खिलाफ महागठबंधन का संयुक्त कार्यक्रम पर भी बातचीत चल रही है। सारे अभियान को हमें मजबूती से चलाना है। इस अभियान के पहले सभी जिला कमिटियां अपनी बैठक कर ले। बैठक में माले के वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य, धीरन्द्र झा, मीना तिवारी, शशि यादव, केडी यादव, महबूब आलम, सत्यदेव राम सहित सभी जिला के सचिव भी उपस्थित थे।

# पूर्व कुलपति अमरनाथ सिन्हा के निधन पर शोक



पटना। हिन्दी के महान समालोचक और भूपेन्द्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो अमरनाथ सिन्हा के निधन से साहित्य-जगत को कभी न पूरी होने वाली क्षति पहुँची है। हमने एक विद्वान प्राध्यापक, कर्मठ प्रशासक और शिखर समालोचक को खो दिया है। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने इसी वर्ष समालोचना की उनकी दो मूल्यवान पुस्तकों का प्रकाशन भी किया था। यह शोकोदगार बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने प्रो सिन्हा के निधन पर व्यक्त किया है। स्मरणीय है कि प्रो अमरनाथ सिन्हा का रविवार को मुबंई में निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे 87 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार खारघर, नवी मुंबई में सोमवार को किया जाएगा। यह जानकारी उनके एकलौते पुत्र शिशिर रंजन ने दी। वे मूल रुप से नवादा जिला के रजौली के रहने वाले थे लेकिन परिवार के साथ काफी समय से पटना के हनुमान नगर स्थित एम आई जी कॉलोनी में रह रहे थे। वे हिन्दी के एक ऐसे मनीषी आचार्य थे, जिनके साहित्य में, शोध करने वाले विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त सामग्री मिल जाती है। प्रो सिन्हा अपने साहित्यिक दायित्व के प्रति सदैव जागरूक और सतर्क रहते थे। उन्हें हिन्दी जगत में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान से सम्मानित भी किया गया था। हिन्दी जगत के लेखकों, साहित्यकारों और शिक्षा क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# जैन मुनि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के सल्लेखना समाधि पर जैन संघ स्तब्ध, दी गई श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



देश के सबसे महान जैन संत परम पूज्य आचार्य शिरोमणि 108 श्री विद्यासागर जी महराज के सल्लेखना समाधि मरण पर पटना जैन समाज स्तब्ध। जैन संघ पटना के मीडिया सचिव एम पी जैन ने कहा कि पूरे विश्व के जैन समाज के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। संरक्षक शांतिलाल जैन ने कहा मेरी प्रथम दृष्टि महाराजश्री पर पड़ी थी तो ऐसा लग मानो मुस्कुराते महावीर भगवान मिल गए, ऐसा भाव आज भी है, आज महाराजश्री के समाधि मरण पर आचार्यश्री के चरणों मे शत शत नमन है। आज श्रद्धांजलि सभा मे जैन संघ के अध्यक्ष प्रदीप जैन ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना के पुंज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने जो जैनत्व की शिक्षा हमे दी है उसकी हम रक्षा करें। मौके पर महासचिव मुकेश जैन ने कहा कि देदिव्यमान सूर्य आचार्यश्री अस्ताचल की ओर चले गए। महाराजश्री का जीवन कठोर एवं अनुशासनयुक्त था। हमे भी महाराज के दिखाए गए रास्ते पर चलना है। उपाध्यक्ष सुबोध जैन ने कहा कि इस युग के श्रेष्ठ आचार्य श्री विद्यासागरजी युगद्रष्टा, ब्रह्मांड संत शिरोमणि थे जिन्होंने हमें आध्यात्मिक ऐश्वर्य द्वारा हमे सींचा है उनके चरणो में शत शत नमन है। मौके पर सचिव सुरेन्द्र जैन ने कहा कि आचार्यश्री दिव्य आत्मा थे। उनकी छत्र छाया हमपर से समाप्त हुई यह जिनशासन की क्षति है। मीठापुर जैन समाज के अध्यक्ष बिजय जैन कासलीवाल ने कहा कि आज जैन समाज के ध्रुव तारा का अस्त हो गया। पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं के बिनोद पहाड़िया ने कहा कि आचार्यश्री अपनो से दूर ब्रह्मलीन होकर सपने बन चुके है। लेकिन हमें उनके सपनी को पूरा करना हमारी विनयांजलि होगी। मौके पर तनसुख बैड जी ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि जिन शासन की क्षति पर हम शोक न करें। क्योंकि जैनत्व में मृत्यु को भी उत्सव मानते हैं। मौके परपूणम सिंधी ने कहा कि आचार्यश्री की छत्र छाया समाप्त हुई है लेकिन हमारे गुरु हृदय में रहते हैं और रहेंगे। मौके पर उम्मेदमल बैद, ज्ञानचंद पाटनी, महेश जैन, कमल पाटनी, संजय पहाड़िया, धीरज सेठी सहित अनेकों ने अपनी अपनी श्रधांजलि व्यक्त की। आचार्य श्री के समाधि पर आज पटना के मीठापुर, कदमकुआं, गुलजारबाग, दादाबाड़ी मंदिर, गुलजारबाग जैन मंदिरों में णमोकार मंत्र का पाठ किया जा रहा है।

# ईश्वर की कृपा होती है तभी सदगुरु मिलते हैं : माँ विजया



पटना। अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्त्वावधान में, स्थानीय गोलारोड स्थित एम एस एम बी इस्सयोग-भवन में रविवार को शक्तिपात-दीक्षा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था की अध्यक्ष एवं ब्रह्म-निष्ठ सद्गुरुमाता माँ विजया जी द्वारा, डेढ़ सौ से अधिक नव-जिज्ञासु स्त्री-पुरुषों को, इस्सयोग की सूक्ष्म आंतरिक साधना आरंभ करने के लिए आवश्यक शक्तिपात-दीक्षा प्रदान की गई। दीक्षा के पश्चात अपने आशीर्वचन में, माताजी ने कहा कि, ईश्वर की कृपा से ही व्यक्ति को साधना के मार्ग में बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और सदगुरु भी मिलते हैं। सदगुरु की कृपा ही है कि आप सबको इस्सयोग की दीक्षा का अवसर प्राप्त हुआ है। इस्सयोग एक ऐसी सरल साधना-पद्धति है, जिसे कोई आस्थावान गृहस्थ भी गुरुकृपा से सहजता से कर सकता है। यह कोई धार्मिक-कर्मकांड नहीं, विशुद्ध आध्यात्मिक-साधना है। कार्यक्रम का आरंभ, भजन-संयोजिका किरण प्रसाद एवं गीता देवी के संयोजन में, इस्सयोग की विशिष्ट शैली में किए जाने वाले अखंड भजन-संकीर्तन से किया गया। प्रसाद वितरण के साथ दीक्षा-कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया कि, इस अवसर पर संस्था की संयुक्त सचिव सरोज गुटगुटिया, लक्ष्मी प्रसाद साहू, माया साहू, शिवम् झा, काव्या सिंह झा, अनंत कुमार साहू, कपिलेश्वर मंडल, प्रदीप गायत्री, मंजू देवी, किरण झा, अनंत किशोर खरे, मंजिता अंजलि, अवध किशोर शर्मा, प्राणपति देवी, संजय कुमार, हरि नारायण प्रसाद, पीयूष कुमार, रविकान्त, मुकेश कुमार, अमित राज, अभय कुमार तथा प्रभात झा समेत बड़ी संख्या में संस्था के अधिकारी, स्वयंसेवक तथा साधक-गण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक जनता दल अब राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नाम से जाना जाएगा

पटना। चुनाव आयोग ने पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नाम से निबंधित किया है। रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री कुशवाहा ने इसकी जानकारी दी और पार्टी के नए नाम का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने पार्टी के निबंधन के लिए दिए गए आवेदन में रालोजद नाम के अतिरिक्त तीन या उससे अधिक नामों की जानकारी मांगी थी। पार्टी द्वारा पहले स्थान पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा नाम के साथ 5 अन्य नाम आयोग को भेजा था। चुनाव आयोग से मिली सूचना के अनुसार उनके दल को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नाम से निबंधित किया गया है। श्री कुशवाहा ने कहा कि अब लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोक मोर्चा एनडीए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेंगी एवं राज्य के सभी 40 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने फिलहाल उनको मिलने वाली सीट को लेकर कहा कि यह एनडीए द्वारा तय होगा। वे एनडीए के साथ हैं।

# लौकिक काया की भांति ही पर्वताकार थी नलिन जी की यशो काया

## जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई लघुकथा-गोष्ठी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



हिन्दी के काव्य-साहित्य में प्रपद्य-वाद के प्रवर्त्तक और आलोचना-साहित्य के मानदण्ड आचार्य नलिन विलोचन शर्मा की लौकिक काया की भाँति ही प्रवताकार थी उनकी यशो काया। हिन्दी का दुर्भाग्य रहा कि नलिन जी की आयु उनकी काया के विपरीत क्षीण रही। यदि वे कुछ वर्ष भी और जीते तो आलोचना-साहित्य और साहित्य के इतिहास में बिहार का स्थान श्रेष्ठतम सिद्ध हुआ होता। यह उनकी ही आलोचना-लेखनी का प्रताप था कि फणीश्वर नाथ रेणु राती-रात हिन्दी के श्रेष्ठ आँचलिक उपन्यासकारके रूप में प्रतिष्ठित हो गए। अन्यथा वे भी उन सैकड़ों प्रतिभाशाली साहित्यकारों की भाँति अलक्षित ही रह जाते, जिनकी ओर समालोचकों की दृष्टि नही जा सकी। यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में नलिन जी की 109वीं जयंती पर आयोजित समारोह और लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, चमत्कृत करने वाली प्रतिभा और विद्वता के कवि और समालोचक थे नलिन जी। याड़ी उनके कार्यों का मूल्यांकन हो तो कहा जा सकता है कि उन्होंने 45 वर्ष की अपनी अल्पायु में 145 वर्ष के कार्य संपादित किए। राष्ट्र-भाषा हिन्दी अपने इस महान पुत्र पर गर्व करती है। पटना विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्राध्यापक और साहित्य-सम्मेलन के साहित्यमंत्री के रूप में उनके कार्यों को कभी भूला नहीं जा सकता। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा ने कहा कि नलिन जी ने संस्कृत, पाश्चात्य साहित्य और मार्क्स-साहित्य का गहारा अध्ययन किया था। इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में डा पुष्पा जमुआर ने वेलेंटाइन डे शीर्षक से, डा पूनम आनन्द ने माघ पूर्णिमा, श्याम बिहारी प्रभाकर ने स्वार्थी, प्रभात कुमार धवन ने प्रेरणा-स्त्रोत तथा ई अशोक कुमार ने बुढ़ापे का सच शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन सम्मेलन के अर्थ मंत्री प्रो सुशील कुमार झा ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रबंध मंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया। डा प्रेम प्रकाश, अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, राम दुःख दमन सिंह, नंदनकुमार मीत, नीता श्रीवास्तव, कुमारी मेनका, विनोद जायसवाल आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

# बागवानी महोत्सव में 7 लाख रुपए से अधिक की हुई बिक्री

● कार्यक्रम में 50,000 से अधिक लोग हुए सम्मिलित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा गांधी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव सह प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। महोत्सव में विभिन्न स्टॉलों पर 7 लाख रुपए से अधिक की बिक्री हुई है और इस कार्यक्रम में 50,000 से अधिक लोग सम्मिलित हुए। महोत्सव में छात्रों एवं बच्चों के लिए आयोजित किये गये कई कार्यक्रम : राज्य के उद्यान महाविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आरपीसीएयू, पूसा, बीएयू, सबौर, उद्यान महाविद्यालय, पिपराकोठी एवं नूरसराय, कलाम किशनगंज के 30 छात्रों ने भाग लिया। 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता 17 फरवरी को आयोजित की गई, जिसमें 20 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कक्षा छठी से नौवीं तक के बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आज आयोजित की गई थी। इन्हें दो समूहों में विभाजित किया गया था यानी जूनियर कक्षा छठी से सातवीं और सीनियर - कक्षा आठवीं से नौवीं। 36 स्कूलों के 183 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस आयोजन में सभी उम्र के आगंतुकों के लिए बागवानी से संबंधित ऑन-स्पॉट क्विज भी आयोजित की गई और साथ ही ऑन-स्पॉट पुरस्कार वितरण भी किया गया। दिनांक 17 फरवरी को मधु पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मधु उत्पाद के अवसरों पर विचार-मंथन किया गया।

**कृषकों के ज्ञानवर्धन के लिए तकनीकी सत्र आयोजित :** बागवानी उत्पादों की हाई-टेक खेती, कर्नाटक राज्य में फूलों की खेती में सर्वोत्तम प्रथाएं और बिहार के लिए प्रासंगिक प्रथाएं, विदेशी फलों और सब्जियों की वैज्ञानिक खेती, बागवानी उपज का कटाई उपरांत प्रबंधन, बागवानी में उद्यमिता के अवसर, निर्यात के अवसर और अनुपालन। आयोजन में बागवानी और संबंधित पहलुओं से संबंधित 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए। इस आयोजन में पूरे भारत के प्रमुख संस्थानों जैसे सीआईएसएच, लखनऊ, भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बैंग्लोर के स्टॉल भी प्रदर्शित किए गए हैं। इस अवसर गुजरात सरकार का प्रतिनिधिमंडल भी सम्मिलित हुए। स्टॉलों में ताजा और प्रसंस्कृत बागवानी उत्पाद भी शामिल हैं। इसके अलावा बागवानी प्रौद्योगिकी और उपकरणों से संबंधित कई स्टॉल लगाए गए हैं। इसके अलावा कई सरकारी संस्थानों जैसे डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्विविद्यालय, पूसा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, बिहार जैविक मिशन आदि ने भी उक्त आयोजन में भाग लिया है। आगन्तुकों के लिए दीदी की रसोई, मखाना, डोसा और मशरूम आधारित वस्तुओं सहित राज्य के व्यंजनों का आनंद लेने के लिए खाद्य स्टॉल भी लगाए गए हैं। बच्चों के लिए फन जोन भी बनाया गया। 16 और 17 फरवरी की शाम को आगंतुकों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने विजेता किसानों व संस्थाओं के बीच पुरस्कार का वितरण भी किया।

## संक्षिप्त खबरें

### दुकान में हुई चोरी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के जितवारिया गांव में शनिवार की रात जनरल स्टोर्स की एक दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इस बाबत पीड़ित दुकानदार राजन कुमार झा ने थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें दुकान का अल्बेस्टर तोड़कर अज्ञात चोरों ने दुकान में प्रवेश कर दुकान से मिठाई दूध दही बिस्कुट सहित करीब 4000 हजार रुपए का सामान चोरी कर लेने का आरोप अज्ञात चोरों पर लगाते हुए थाना में आवेदन दिया। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि पीड़ित दुकानदार के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में महिला जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर थाना क्षेत्र के अजना गांव में दो पक्षों के बीच हुई आपसी विवाद में एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला की पहचान अंजना गांव निवासी टुनटुन शाह की पत्नी विभा देवी के रूप में हुई है। जख्मी महिला को परिजन की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज जारी है। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि जख्मी महिला के परिजन के द्वारा आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### न्यूनतम तापमान में आई 5डिग्री सेल्सियस की कमी

मुजफ्फरपुर। तापमान में उतार -चढाव जारी है।आज न्यूनतम तापमान में शनिवार की अपेक्षा 5डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा द्वारा जारी आज के मौसम के बारे जानकारी देते हुए बताया गया है कि आज का न्यूनतम तापमान 8.9डिग्री सेल्सियस रहा जबकि कल का न्यूनतम तापमान 14डिग्री सेल्सियस था।वहीं आज का अधिकतम तापमान 26.2डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। शनिवार को यह25.8डिग्री सेल्सियस था। सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 100 प्रतिशत तथा दोपहर बाद घटकर 51प्रतिशत हो गई।पछिया हवा की गति 3किमी प्रति घंटा रही।

### चार दिवसीय श्रीसीताराम नाम अष्ट्याम महायज्ञ समापन

मुजफ्फरपुर ।मूर्त्ति विसर्जन के साथ बंदरा प्रखंड के घोसरामा ब्रह्मस्थान प्रांगण में नवयुवक नाट्य कला परिषद सह सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित चार दिवसीय 54 वां अधिवेशन रविवार को संपन्न हो गया. वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर चार दिवसीय श्रीसीताराम नाम अष्टयाम महायज्ञ का आयोजन किया गया था. शुक्रवार को श्री सीताराम विवाहोत्सव मनाया गया तत्पश्चात शनिवार की रात प्रसिद्ध गायिका पुतुल प्रिया एवं उनकी टीम द्वारा रामकलेवा, डोम-डोमिन की भावपूर्ण प्रस्तुति और एक से बढ़कर एक भजनों से पूरा गांव भक्ति के रस में सराबोर हो उठा. रविवार को वैदिक रीति-रिवाज के साथ ग्रामीण महिलाओं द्वारा सरस्वती माता की मांग खोइछा भरकर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गयी. पंडित फुलकांत झा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश विसर्जन कराया. कार्यक्रम को सफल बनाने में नवीन कुमार( अध्यक्ष सह मतलुपुर पैक्स अध्यक्ष), डॉ संजीव कुमार, चंदन कुमार, रत्नेश ठाकुर, राजीव कुमार(छोटू), आनंद अनुराग (गोलू), गुलशन, गौरव, दीपक, गौतम झा की सक्रिय भूमिका रही.

### महिला आयोग की अध्यक्ष व राजद नेत्री के पति होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ नारायण हुए पंचतत्व में विलीन

मधेपुरा /घैलाढ़ः प्रखंड क्षेत्र के झिटकिया पंचायत के वार्ड नंबर एक जागीर गांव निवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य, महिला आयोग के अध्यक्ष व राजद नेत्री प्रो गीता यादव के पति प्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक डॉ नारायण प्रसाद यादव पंचतत्व में विलीन हो गए. जागीर गांव में आयोजित दाह संस्कार में उनके एकमात्र पुत्र प्रीतम कुमार पप्पू ने मुखाग्नि दी. बता दे की होम्योपैथी चिकित्सक डॉ यादव खासकर समाज के लोगों के बीच सेवा करने में कभी पीछे नहीं हटे. अपने गांव के मरीजों के बीच सुलभ तरीके से दवा उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई कडॉ यादव अपने पीछे एक पुत्र व तीन पुत्री, पत्नी सहित पुत्रवधू को छोड़ गए . उनके अंतिम दर्शन को लेकर राजद के वरिष्ठ नेता डॉ गौतम कृष्णा, जिला परिषद प्रतिनिधि डॉ विनीत कुमार आर्यन, राजद नेत्री विनीता भारती, प्रिया राज, अमरेंद्र प्रसाद यादव राजद नेता, वार्ड सदस्य अजीत यादव, राजद प्रखंड युवा अध्यक्ष राजनंदन यादव एवं कई लोग पहुंचे थे

# लोकसभा चुनाव को लेकर जन प्रतिनिधि से वार्ता करते सांसद रामप्रीत मंडल

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के ठेगहा गांव स्थित वर्तमान प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा के आवास पर देर शाम शनिवार को झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद रामप्रीत मंडल द्वारा जिप सदस्य, मुखिया,पंसस , वुद्धजीवी वर्ग एव एनडीए कार्यकर्ता के साथ बैठक किया गया.इस बैठक के दौरान एनडीए के कार्यकर्ता ने हो हंगामा करते हुऐ सांसद रामप्रीत मंडल खरी खोटी सुनाते हुए धेराव किया गया.वही प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा ने सभी कार्यकताओं को शांत करते हुए आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधि एव एनडीए कार्यकर्ता के साथ चुनावी रणनीति तय की. सांसद जी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी एनडीए गठबंधन से लोक सभा चुनाव वर्ष 2019 लड़ा गया था. लोक सभा चुनाव के एक वर्ष के बाद भारत मे भयंकर कोरोना महामारी फैलने से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सभी सांसद एव विधायक कोष को कोरोना महामारी में लगाकर देश को एक सौ चालीस करोड़ जनता को जान बचाने राशि की उपयोग हुआ.सांसद रामप्रीत मंडल ने कहा कि तीन साल के बाद भारत सरकार द्वारा सांसद फंड रिलीज होने पर सांसद क्षेत्र में गोद लिए पंचायत सहित अन्य विकास कार्य अधूरा रह गया है. उन्होंने सभी एनडीए कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि, वुद्धजीवी वर्ग,समाजिक कार्यकर्ता को आश्वस्त किया है कि वर्ष 2024 में लोक सभा चुनाव की तिथि नजदीक आ गयी है. सभी एनडीए कार्यकर्ता एक जुट होकर अपने विधान सभा क्षेत्र आम जनता के पास जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार में विकास की बात टोला,मुहल्ला,गांव में जाकर एक नुक्कड़ सभा करके आम जनता के बीच प्रसार,प्रचार करने का नसीहत दी.वही प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा ने कहा कि हम सभी एनडीए गठबंधन के पदाधिकारी एव कार्यकर्ता के सहयोग से ही प्रधानमंत्री जी की 400 पार एमपी चुनाव जितने का लक्ष्य का पूरा कर सकते है.इस मौके प्रदेश जदयू महिला प्रकोष्ठ महासचिव सह वर्तमान प्रमुख कुमारी उषा,प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामबाबू सिंह,सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न राउत, प्रखंड मुखिया संध अध्यक्ष जयप्रकाश मंडल, कंहौली मुखिया व भाजपा के नेता अर्जुन सिंह, पंसस झोली पासवान, मनोज झा,ललन कुमार सिंह,शिक्षक जीवछ सिंह, सुधीर कुमार सिंह, भूषण कुमार, अमरेश कुमार सिंह, शंम्भूनाथ ठाकुर,मुखिया अशोक कुमार सिंह,श्रीमोहन झा, बबलू महतो, महेंद्र प्रसाद सिंह,रघुवीर गड़ेरी, बिजली कांत झा,अमरेंद्र कुमार राय, राम विनय राय,राजे ठाकुर,रामनाथ पासवान,प्रदीप सिंह सहित दर्जनों एनडीए के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अपराध की योजना बनाते 4 अपराधी गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अपराध की बड़ी वारदात को अंजाम देने से पूर्व ही अपराध की योजना बनाते हुए अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ के साथ 4 अपराधकर्मियों को पुलिस ने अपरागिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार समेत मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं।यह जानकारी एसएसपी राकेश कुमार ने दी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाईकिल सवार कुछ अज्ञात अपराधकर्मी अवैध हथियार के साथ किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन में व पुलिस उपाधीक्षक, पश्चिमी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।उक्त टीम में प्रभारी, जिला आसूचना इकाई, मुज०पुर एवं थानाध्यक्ष मोतीपुर की टीम को शामिल किया गया।गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी अपराध की योजना बना रहे 4 अपराधकर्मियों मिथिलेश कुमार यादव , बालेन्द्र कुमार , विकास कुमार और अनमोल कुमार गिरी को मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महमुदपुर बलमी स्थित बगीचा के पास से अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 60 पुडिया स्मैक ,3पिस्टल,14 कारतूस 5मोबाईल और 3 मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी मिथिलेश कुमार के विरुद्ध जिले के पारू,सरैया मोतिहारी जिले के मेहसी थाना एवं वैशाली में पूर्व से कुल 7आपराधिक मामले दर्ज बताए गये हैं।विकास कुमार के विरुद्ध भी मोतीपुर थाने में मामला दर्ज है।पुलिस अन्य दो अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास पता कर रही है।

## एएसपी ने की थानाध्यक्षों के साथ बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बेनीबाद थाना में एएसपी सहरियार अख्तर की अध्यक्षता में कई थाने के थानेदारों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में लोकसभा चुनाव से पूर्व प्रशासनिक तैयारी को लेकर समीक्षा किया गया। जिसमें बेनीबाद, गायघाट, कटरा, जजुआर, पीयर, हत्था ओपी के थानाध्यक्षों के साथ साथ दरभंगा जिले के सिंघवारा, सिमरी, मोरो थाना के थानेदार एवं उत्पाद विभाग सब इंस्पेक्टर शामिल हुए। एएसपी ने बताया की सभी थाने के थानेदारों का तबादला हुआ है। और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर दोनों जिले सीमावर्ती क्षेत्र के थानेदारों की समन्वय स्थापित कर कार्य करना है। दोनों जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के अपराधिक मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी कैसे हो इस विषय पर रणनीति तैयार किया गया है। ताकि चुनाव के समय किसी प्रकार की उपद्रव व अप्रिय घटना ना हो। इसके लिए दोनों जिले के फरार अभियुक्तों वारंटियों शराब कारोबारियों की सूची आदान प्रदान किया गया है। इसके साथ ही सीमा पर दोनों जिले की थाना के द्वारा नियमित वाहन जांच अभियान चलाई जाएगी ताकि आग्नेयास्त्र शराब समेत अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी नहीं हो सके। बताया की बैठक में मुख्य रूप से फरार वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए सभी थानेदारों को कई प्रकार की टिप्स दिया गया है।

## फिट एंड फिटनेस जिम का हुआ उदघाटन

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। आयुष्मान भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर के गुप्ता ने रविवार को मोतिहारी में अत्याधुनिक जिम फिट एंड फिटनेस का फीता काट कर उदघाटन किया। उद्घाटनोंपरांत उन्होंने कहा की स्वस्थ्य शरीर मे ही स्वस्थ्य बुद्धि का निर्माण होता है ' सही स्वास्थ्य हेतु ब्यायाम बहुत ही महत्वपूर्ण है। बिना ब्यायाम और बेहतर भोजन के हम एक बेहतर जीवन के बारे मे सोच भी नहीं सकते ' आज के दौड़ भाग भरी जिंदगी मे ब्यायाम हेतु जिम एक महत्वपूर्ण साधन है ' डॉ गुप्ता ने आगे बताया की यह फिट एंड फिटनेस जिम जनपदवासियो हेतु एक वरदान का काम करेगा ' इसका अनेक लाभ युवा लेंगे ' जिम के डायरेक्टर पप्पू कुमार ने मुख्य अतिथि डॉ आर के गुप्ता को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत सम्मान किया। उन्होंने बताया की यह जिम मोतिहारी जनपद का पहला ऐसा जिम है जो महिला व पुरुषो दोनों हेतु अपनी बेहतर सेवा देगा ' उक्त अवसर पर मोतिहारी व पटना से आयुष्मान भारत फाउंडेशन के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण व मनीष भूषण श्रीवास्तव, भूषण जी, शहर जी, शाहनवाज जी, राजकुमार जी, रोहित कुमार जी, रिंकू गिरी जी, प्रमोद जी, रीना गुप्ता व आरती गुप्ता उपस्थित रहे।

## जन विश्वास रैली की सफलता के लिए भाकपा का जनसमपर्क अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार विधानसभा में विरोधी दल के नेता, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के जनविश्वास यात्रा के प्रथम दिन 20 फरवरी को जिला के सकरी मोड़ पर आहुत जन सम्पर्क रैली की सफलता के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा जिला में जन सम्पर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह, सहायक जिला सचिव चन्देश्वर प्रसाद चौधरी, कुढ़नी अंचल सचिव अजित कुमार, प्रमोद पासवान ने कुढ़नी प्रखंड के तुर्की, दरियापुर कफेन, सुमेरा, लदौरा तथा खरौना पंचायत में जन सम्पर्क चलाकर रैली को ऐतिहासिक बनाने का अपील किया। पार्टी के सहायक जिला सचिव जगदीश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में मीनापुर प्रखंड, जिला कार्यकारिणी सदस्य उमेश चौधरी के नेतृत्व में मड़वन प्रखंड, जिला कार्यकारिणी सदस्य रघुवर भक्त के नेतृत्व में मोतीपुर, मो० मोसाफिर के नेतृत्व में साहेबगंज, महेश चौधरी के नेतृत्व में कांटी, राम बिलास राय तथा जकी अहमद के नेतृत्व में बोचहां, रंजन महतो तथा मो० युनूस के नेतृत्व में मुजफ्फरपुर शहर में सघन अभियान चलाकर मोदी सरकार के वादाखिलाफी तथा नीतीश कुमार के जनता के साथ विश्वासघात के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए महागठबंधन के जन विश्वास अभियान को समर्थन देने की अपील की।

## मृतक मजदूर का शव हरियाणा से गांव आते स्वजनों में मची चीख-पुकार



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नरहन वार्ड 14 निवासी शंकर महतो और पुतुल देवी के इकलौते पुत्र अजय कुमार महतो ( 19 ) का शव रविवार को जब हरियाणा से गांव पहुंचा तो स्वजनों में चीख पुकार मच गई। बहन लक्ष्मी, आरती, सुमन समेत स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि युवक विगत करीब 15 दिन पूर्व जीविकोपार्जन के लिए अपने बहनोई के पास हरियाणा गया था। वहां पिकअप पर सवार होकर सवार होकर 10-12 मजदूर सोफा रंग-पेंट का काम करने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आर रही एक अन्य वाहन से आमाने-सामने जोड़दार टक्कर हो गई। जिसमें अजय की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि, अन्य मजदूर जख्मी हो गए। इनका उपचार जारी है। हरियाणा में अजय की मौत के बाद उसके शव का अंत्यपरीक्षण करवाया गया और एम्बुलेंस से रविवार को मृतक का शव गांव पहुंचा। सूचना के बाद अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे थे।

## बेंगलोर से मृतक अमित का शव पैतृक गांव महम्मदपुर सकड़ा पहुंचते ही मचा चित्कार

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बेंगलोर से मृतक अमित का शव तीन दिन बाद पैतृक गांव महम्मदपुर सकड़ा वार्ड 02 पहुंचते ही चित्कार मच गई। एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक के दादा राम स्वार्थ पासवान, दादी संझिया देवी, पिता उमेश पासवान, माता बिरमा देवी सहित परिजनों के चित्कार से हर कोई का आंखे नम हो रही थी। वही पूर्व मुखिया मनोज कुमार यादव, हरिनारायण सिंह, राम लाल पासवान, छोटेलाल पासवान, हरिहर महतो सहित अन्य समाजसेवी मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या घाट भेजा। जहां मुख्याग्नि मृतक के भाई इंदल पासवान ने दिया। मृतक अमित कुमार पासवान तीन भाईयों में सबसे छोटा था। एक बहन भी है। बता दें कि अमित कुमार पासवान कर्नाटक के बेंगलोर मे रहकर मजदूरी करता था। वहां वह घर में पेंटिंग का काम करता था। 14 फरवरी बुधवार की रात्रि खाना खाने के बाद एकाएक अमित का तबियत बिगड़ने लगा। गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार की रात्रि एम्बुलेंस से उसका शव पैतृक गांव महम्मदपुर सकड़ा लाया। तथा रविवार की सुबह अंतिम संस्कार के लिए बेगूसराय के अयोध्या घाट ले जाया गया।

## पंचायत से लेकर प्रखंड तक संगठन को मजबूत कर मोदी सरकार को करें बेदखल




● कांग्रेस कर्मियों का सम्मान समारोह संपन्न

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मोदी सरकार अपने किसी भी वादे पर खड़ी नहीं उतरी। जबकि पूर्व के कांग्रेसी शासन में जितनी योजनाएं चलाई गई आज उसी को लेकर ये सरकार दंभ भर रही है। आने वाले समय में कांग्रेस कर्मी एकजुट होकर महागठबंधन के सहयोग से मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करेंगे। ये बातें महिषी ब्रह्म स्थान परिसर में प्रखंड कांग्रेस कमेटी विभूतिपुर द्वारा आयोजित कांग्रेस कर्मियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष अबू तमीम ने कही। उन्होंने पंचायत से लेकर प्रखंड तक कमिटी निर्माण कर संगठन को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कपिलेश्वर कुंवर ने की। संचालन जयशंकर ईसर ने की। समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पासवान, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र झा, बच्चा बाबू गिरी, महिला सेल के जिला अध्यक्ष देवता देवी गुप्ता, चंद्र भूषण सिंह, संजीव कुमार ठाकुर, कमल किशोर ईसर, रणधीर कुमार ईसर, मणि शंकर चौधरी, डॉ पवन सिंह, सुनील कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, शंकर यादव, शंभू कुमार मिश्र, सुरेश झा, अमित कुमार मिश्र, रामकुमार महतो, देवेंद्र मिश्र, कैलाश राम, भोला प्रसाद अरुण, अशोक कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह आदि दर्जनों कांग्रेस कर्मियों ने संबोधित किया। समारोह में आगत समस्त अतिथियों सहित प्रखंड कांग्रेस कमिटी के सभी पदधारक, प्रखंड कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य, प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्षों को कमिटी की ओर से सम्मानित किया गया तथा उन्हें संबंधित पदों के लिए पत्र समारोह में अतिथियों द्वारा दिया गया।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

प्रात : किरण संवाददाता

वैशाली ।वैशाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वैशाली नयाटोला में रविवार सुबह एक 32 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई महिला के मां वैशाली थाना क्षेत्र के ।धर्मपुर निवासी इंदु देवी द्वारा मृतक के पति सहित तीन लोगो पर महिला की फांसी लगाकर मार देने का आरोप लगाते हुए वैशाली थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर मामले की जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के जतकौली धर्मपुर की रहने वाली 32 वर्षीय सीमा देवी की शादी 12 साल पहले थाना क्षेत्र के अंतर्गत वैशाली नयाटोला के रहने वाले ओम प्रकाश राम के साथ हुई थी ।जहां रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में सीमा देवी की मौत हो गई ।घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद पुलिस द्वारा महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर घटना की जांच शुरू कर दी।परिजनों का आरोप है कि सीमा देवी का पति ओमप्रकाश राम साहित ससुराल के लोग काफी समय से सीमा को परेशान कर रहे थे और आए दिन मारपीट करते थे । इसी के चलते पति सहित तीन लोगों ने मारकर महिला की हत्या कर दी। मृतक के तिन बच्चे है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन मे जुट गई है। थानाध्यक्ष चंद्रगुप्त कुमार ने बताया कि महिला की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है ।घटना के तुरंत बाद महिला के पति ओमप्रकाश राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आखिर महिला की मौत किन कारणों से हुई है ।मृतक के मां इंदु देवी द्वारा आवेदन दी गई है ।मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी ।

## गलत जाति प्रमाण पत्र बनवाकर दो बार चुनाव जितने वाले पदच्युत मुखिया पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के सिंघिया प्रखंड अंतर्गत वारी पंचायत के पदच्युत मुखिया जगन्नाथ पोद्दार पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गयी है। पुलिस कभी भी उनकी गिरफ्तारी कर सकती है। विदित हो कि जगन्नाथ पोद्दार पर गलत जाति प्रमाण पत्र बनवा कर दो बार मुखिया का चुनाव जीतने का आरोप है। इस मामले में डीएम के आदेश पर बीडीओ पंकज कुमार शक्तिधर ने थाने में आपराधिक मामला दर्ज कराया। प्राथमिकी के लिए दिये गये आवेदन में बीडीओ ने कहा है कि गलत जाति प्रमाण पत्र बनवा कर जगन्नाथ पोद्दार दो बार पंचायत के अतिपिछड़ा वर्ग के लिए सुरक्षित मुखिया पद पर विजयी हुए। उन्होंने सरकार के नियम के साथ धोखाधड़ी की है। ज्ञात हो कि वर्तमान मुखिया रामकिशुन पंडित की शिकायत पर चुनाव आयोग ने पूर्व मुखिया जगन्नाथ पोद्दार के निर्वाचन को असंवैधानिक बताते हुए उन्हें मुखिया पद से पदच्युत कर दिया था। जिसके बाद पंचायत में मुखिया पद का उप चुनाव कराया थरा। जिसमें शिकायतकर्ता रामकिशुन पंडित विजयी हुए। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व मुखिया अगर स्वयं आत्मसमर्पण नहीं करेंगे तो उनकी जल्द गिरफ्तारी की जायेगी।

## विशेष छापेमारी में अवैध बालु लोड 06 वाहन जब्त, 02 गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा के निर्देशअनुसार जिले मे बालु के अवैध खनन & परिवहन के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई किया जा रहा है,' शनिवार के रात्री मे वैशाली प्रशासन & सोनपुर प्रशासन ने अवैध बालु के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई किया गया गंगाब्रिज , सोनपुर थाना, खान निरीक्षक, खनिज विकास पदाधिकारी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी ने महात्मा गाँधी सेतु पुल के निचे तेरसिया सबलपुर दिआरा मे बालु के अवैध खनन, परिवहन पर नकेल कसने के लिए करवाई किया ' जिसमे संलिप्त तीन हाइवा, एक ट्रेक्टर को जब्त कर गंगाब्रिज थाना मे लगाया गया है ' साथ ही मौके से दो ब्यक्तियो को गिरफ्तार कर गंगाब्रिज थाना को सुपुर्द किया गया'

उक्त जब्त वाहनों मे से शिव महिमा रोडलाइन्स एंव परमेस्वर इंटरप्राइजेज मार्का का गाड़ी शामिल है ' सभी जब्त वाहनों के मालिक चालक एंव उसके सहयोगी के विरुद्ध कानूनी करवाई की जा रही है'वही, अनजानपीर स्थान पे बालु के अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई मे दो बिना चालान बालु ओवरलोड ट्रेक्टर को खान निरीक्षक एंव खनिज विकास पदाधिकारी के द्वारा जब्त कर नगर थाना को हस्तगत कराया, जिसपे एक लाख सात हजार जुमार्ना अधिरोपित किया गया।

## हाजीपुर की जनता का हूँ सेवक,जीवन भर करता रहूंगा सेवा : मंत्री पारस

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस आज अपने संसदीय क्षेत्र हाजीपुर के कई कार्यक्रमों में शामिल हुए हाजीपुर परिषद में पत्रकार वार्ता करते हुए मंत्री श्री पारस ने दावा किया की हाजीपुर से उनका चुनाव लड़ना निश्चित है और हाजीपुर की जनता का स्नेह- प्यार उनके साथ है। हाजीपुर की जनता ने हमारे परिवार को विश्वस्तर पर सम्मान दिया है और हमारे बड़े भाई आदरणीय रामविलास पासवान जी ने हमें अपना उत्तराधिकार सौंपते हुए हाजीपुर सीट से चुनाव लड़ने का आदेश दिया था। मेरे बड़े भाई रामविलास पासवान ने जीते जी मुझपर ही यह विश्वास जताया कि हाजीपुर का सेवा जिस तरह से उन्होनें किया था और हाजीपुर को वो अपनी मां का दर्जा देते थे इसलिए उन्होनें मुझको ही हाजीपुर का उत्तराधिकारी मुझे बनाया। मैं जबतक जीवित हूँ रामविलास पासवान की कर्मभूमि हाजीपुर की जनता का सेवा करता रहूगाँ। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बिहार में नीतीश कुमार जी के आने के बाद बिहार में तेजी से विकास होना निश्चित है।बिहार के सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की भारी मतों के अंतर से जीत होना निश्चित है।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,दलित सेना के प्रदेश महासचिव घनश्याम दाहा सहित अन्य उपस्थित थे।

## अतिपिछड़ा आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।अतिपिछड़ा आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में राजापाकर प्रखंड स्तरीय बैठक कुशवाहा भवन के प्रांगण में समाजसेवी अजय मालाकार के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शत्रुघ्न शर्मा ने की जबकि संचालन प्रखंड संरक्षक भीम कुमार ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श एवं संगठन की मजबूती पर एवं अति पिछड़ा समाज की मजबूती पर बल दिया गया। उपस्थित तमाम अति पिछड़ा समाज के लोगों ने दलदल से उठकर अपने अतिपिछड़ा समाज के हक अधिकार पाने के लिए मजबूती के साथ संघर्ष करने का फैसला लिया।संगठन का विस्तार करते हुए प्रखंड उपाध्यक्ष पद पर प्रेम कुमार सहनी,मो असलम अंसारी,प्रखंड महासचिव सुरेंद्र ठाकुर,प्रखंड सचिव शंकर पंडित,हरिंदर शर्मा,प्रखंड प्रवक्ता कामेश्वर ठाकुर,प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य संजीत कुमार महतो,धर्मेंद्र ठाकुर,डॉ शैलेंद्र गुप्ता,गौसपुर पंचायत अध्यक्ष चंद्रदीप भगत सहित को माला पहनाकर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। मौके पर नरेश गुप्ता प्रधान महासचिव,ब्रह्मदेव पंडित, विमल ठाकुर उपाध्यक्ष,हरेंद्र ठाकुर संगठन सचिव,मंटू शर्मा मीडिया प्रभारी,सुधीर भगत महासचिव,अजय मालाकार, संतोष कुमार,मोहन कुमार सहित अनेकों अतिपिछड़ा समाज के प्रबुद्ध, शिक्षाविद,समाजसेवी लोग मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### हाजीपुर से लरूँगा और जीत कर हाजीपुर को मॉडल क्षेत्र बनाऊंगा:इं राजकुमार



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर।युवा बिहार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी इं राजकुमार पासवान ने हाजीपुर से चुनाव लड़नेऔर जितने का दावा किया है।आज प्रेसवार्ता करते हुए इं राजकुमार पासवान ने कहा कि हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र एक खास परिवार के हाथों 52 साल से गुलाम है। इस गुलामी के जंजीरों से बाहर निकल आजादी दिलाना का संघर्ष है।हमारी लड़ाई व्यक्ति विशेष कि नहीं बल्कि हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र को एक उन्नत लोकसभा क्षेत्र बनाने कि है। 543 लोकसभा में हाजीपुर लोकसभा के विकास मॉडल को विश्व पहचान दिलाने किम हमारी लड़ाई है। हमारी लड़ाई सामंती दलित और परिवारवाद के खिलाफ है । राजतंत्र को खत्म कर लोकतंत्र को स्थापित करने की हमारी संघर्ष है ।मैं हार नहीं मानूँगा रार नहीं ठानुगा काल के कपार पर गीत नया गाऊंगा।उन्होंने कहा कि पिछले 2019 लोकसभा चुनाव में हाजीपुर की जनता ने मुझे तीसरा स्थान का आशीर्वाद दिया।इसबार जनता का अपार स्नेह है।मैं अपने क्षेत्र कि जनता को प्रतिवर्ष 40 हजार नौकरी और रोजगार से जोड़ने की गारंटी देता हूँ ।हाजीपुर केंद्रीय विद्यालय और नवोदित की पढ़ाई का लाभ हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के हरेक बच्चों को मिले। हाजीपुर केंद्रीय विद्यालय को अपना भवन अपना जमीन और अपना कैम्पस अपने पहले संसदीय काल में दिलाने कि गारंटी लेता हूँ।हाजीपुर को इलेक्ट्रॉनिक सीटी बनाने , 5 हजार सीटर वाली सुपर स्पेसिलिस्ट हॉस्पिटल बनाने,हाजीपुर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट,हाजीपुर शहर में जल जमाव कि समस्या से निजात दिलाने की गारंटी देता हूँ ।

# मध्य विद्यालय सुखासन के प्रांगण में मधेपुरा पुलिस ने जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया

- डीआईजी ने कहा आम जनता की संतुष्टि ही हमारा लक्ष्य है।
- महिला हेल्प टैक्स और पंचायत स्तर पर महिलाएं अपनी समस्याओं को निष्पादन करने के लिए जल्द ही व्हाट्सएप पर ग्रुप बनाया जाएगा
- थाना और ब्लॉक में आने वाले बिचौलियों से बचे और पुलिस से खुद संवाद कर मामले का निष्पादन कराए




प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा जिला के कुमारखंड थाना क्षेत्र के रानीपट्टी सुखासन पंचायत स्थित मध्य विद्यालय सुखासन के प्रांगण में रविवार को मधेपुरा पुलिस द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने किया। जन संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोसी रेंज के डीआईजी मनोज कुमार जन संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। जन संवाद कार्यक्रम में मधेपुरा अनुमंडल एएसपी, सीआई , कुमारखंड थाना , भतनी ओपी, बेलारी ओपी के पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल ग्रामीण पुलिस ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता बैंक कर्मी और स्थानीय ग्रामीण जनसंवाद कार्यक्रम में मौजूद थे। डीआईजी मनोज कुमार ने जन संवाद कार्यक्रम में मौजूद सभी को संबोधित करते हुए कहा पुलिस भी आपके परिवार की तरह है। पुलिस का काम आम जनता की संतुष्टि ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा पुलिस से खुद आम लोग मिलकर अपनी समस्याओं का निदान कराने का काम करें। समाज में पहले बिचौलिया और दलालों के चक्कर में नफसे किसी भी थाना में बिचौलियों का कोई स्थान नहीं है। हमारा दरवाजा जनता के लिए सदैव खुला हुआ है। श्री कुमार ने कहा पारदर्शिता और ईमानदारी से लोगों से बात हुई है। खुद आम लोग थाना से संपर्क करें थाना के तमाम पुलिस पदाधिकारी को कहां जा रहा है जो भी आम लोग आए उससे बेहतर से बात करें उनकी बातों को सुने और 30 मिनट के अंदर प्रयास करें कि मामले का निदान हो। उन्होंने कहा पुलिस ने मन बना लिया है जनता की संतुष्टि ही कार्य पैमाना है। पुलिस तभी सफल होगी जब लोग भी समझेंगे। गलत व्यक्ति थाना और ब्लॉक में आना-जाना करता है उसका सहयोग लेना बंद कर दें। एक नए विश्वास के साथ सीधा संपर्क पुलिस से करें ताकि पुलिस आपको अच्छा सेवा दे सके। विश्वास के साथ सहयोग करें बयान की जगह विज्ञान का प्रयोग करें। मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने कहा जन संवाद का उद्देश्य ही पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर रिश्ता हो और एक दूसरे में बेहतर संवाद कर समाज की जन समस्याओं का निदान कर सके। छोटे मामले को सामाजिक स्तर पर पंचायत के माध्यम से मामले का निपटारा करनी चाहिए। महिलाओं की समस्या महिला पुलिस के माध्यम से ही सुना जाए इसके लिए तैयारी की जा रही है। पंचायत स्तर पर महिलाएं की समस्याओं के निदान के लिए महिला पुलिस से हेल्प डैक्स जल्द शुरूआत की जाएगी। व्हाट्सएप के माध्यम से महिलाएं अपनी समस्या महिला पुलिस से शेयर कर सकती है। जल्द व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। जीविका दीदी और स्थानीय ग्रामीणों ने जन संवाद के माध्यम से अपनी अपनी बात पदाधिकारी के बीच रखा और कई सुझाव दिए। मौके पर मधेपुरा एसपी संदीप सिंह अनुमंडल एएसपी , इंस्पेक्टर , थाना अध्यक्ष संजीव कुमार, भतनी ओपी प्रभारी सत्य प्रकाश, बेलारी ओपी प्रभारी राजू कुमार सैकड़ों जीविका दीदी, आगनवाड़ी सेविका, सहायिका, आशा कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक और स्थानीय ग्रामीण जन संवाद कार्यक्रम में मौजूद थे।

## हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। सहरसा पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है जहां किसी बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे चार पहिया वाहन पर सवार दो बदमाश को हथियार के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है । दरअसल गुप्त सूचना मिला की सलखुआ थाना अंतर्गत सितूआहा बंडाल से कोशी बांध के तरफ एक सफेद रंग के चार पहिया वाहन से कुछ व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में आ रहे है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पु०अ०नि० सोनु कुमार साथ सशस्त्र बल एवं चौकिदार के साथ थाना से प्रस्थान किये। प्राप्त सूचना के स्थान पर पुलिस वाहन के साथ पहुंचे तो देखे कि एक सफेद रंग का चार पहिया वाहन सितूआहा बंडाल की ओर से आ रही है।

निशानदेही पर साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से उक्त चार पहिया वाहन को रोकने का प्रयास किया तो चार पहिया वाहन पर सवार व्यक्ति वाहन को लेकर भागने लगा, जिसे साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से रोक लिया गया, तथा तलाशी ली गई, तो 02 देशी कटटा, 04 जिंदा कारतुस, 03 मोबाईल, पाया गया। उक्त संबंध में सलखुआ थाना काण्ड संख्या-53/24 दिनांक 17.02.24 धारा-25 (1-बी) ए. 26,35 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## छात्र राजद ने मनाई जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि



प्रात : किरण संवाददाता

राजद की ओर से जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की पूण्यतिथी भीरखी चौक स्थित उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर मनाया और उनके विचारों को अपने जीवन में उतारने के जन जन पहुंचाने का लिया संकल्प वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीएनएमयू मधेपुरा के छात्र अध्यक्ष सोनू यादव ने कहा कि, उनका कहना था कि ह्यहक चाहिए तो लड़ना सीखो, कदम-कदम पर अड़ना सीखो, जीना है तो मरना सीखो। उनकी इन्हीं बातों ने उन्हें मुख्यमंत्री, राजनेता के साथ-साथ आम जनों का नायक बना दिया। जिसके बाद लोग उन्हें जननायक कपूरी ठाकुर कहने लगे। कपूरी जी भारत छोड़ो आंदोलन के समय छात्र जीवन से ही राजनीतिक शुरू किए थे,उनके जीवनी से हम युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है कपूरी जी व्यक्ति नहीं विचारधारा हैं। वहीं छात्र राजद के प्रदेश महासचिव जापानी यादव और माधव यादव ने कहा वह देशवासियों को सदैव अपने अधिकारों को जानने के लिए जगाते रहते थे वह जानते थे कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान है, इसलिए अनेकों योजनाएं लाए लेकिन वर्तमान समय में भाजपा सरकार उनके नामों पर राजनीति रोटी सेंकती है लेकिन किसानों के हक के लिए काम नहीं करती। उन्हें बिहार के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त है कपूरी जी के लोकप्रिय कार्यों में मुंगेरीलाल कमीशन को लागू करना, जिसमें अन्य पिछड़े वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों में 26 और शिक्षण संस्थानों में 24 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की थी , ऐसे महापुरुष नहीं मिलते हैं इसे अपने जीवन में उतारने की जरूरत है वहीं पूण्यतिथी कार्यक्रम में नीतीश कुमार दारा यादव मधुसूदन कुमार प्रशांत कुमार छोटू कुमार संजीत कुमार विवेक कुमार गौरव कुमार योगेश कुमार सौरभ कुमार आशीष कुमार ज्योतिष महाकाल राजा कुमार अंशु कुमार चंचल कुमार दर्जनों छात्र राजद के साथी उपस्थित थे।

## दाना-पानी रखने और कृत्रिम घोंसला-पेड़ लगाने से होगी गौरैया की घर वापसी:संजय



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई । जिले के नागी स्थित बर्ड सेंचूरी में जमुई वन प्रमंडल,पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार द्वारा रविवार को पक्षी सेमिनार कार्यक्रम के दौरान गौरैया संरक्षक और पीआईबी-सीबीसी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि घर आँगन से विलुप्त हो रही गौरैया की घर वापसी के लिये जन भागीदारी जरूरी है। साथ ही हर व्यक्ति को अपने घर , आँगन,छत और खुले में दाना-पानी नियमित रखने चाहिये और कृत्रिम घोंसला-पेड़ लगाने चाहिये । उन्होंने गौरैया के विलुप्त होने पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि आज इंसानों कि वजह से ही घर आँगन की गौरैया गायब यानि विलुप्त हो चली है। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे के कारणों में मोबाइल टावर को दोषी माना जाता है शोध में गलत साबित हुआ है।

वहीं, बढ़ता आवासीय संकट, आहार की कमी, खेतों में कीटनाशक का व्यापक प्रयोग,जीवनशैली में बदलाव, जलवायु परिवर्तन,आदि कारण शामिल है । उन्होंने कहा कि गौरैया की घर वापसी करवानी होगी।इसके लिए जन भागीदारी के साथ थोड़ा प्यार गौरैया को देना होगा। श्री कुमार ने बताया कि 20मार्च 2010 को विश्व गौरैया दिवस इसलिये मनाने की शुरूआत हुई ताकि लोग इसके संरक्षण के लिए जागरूक हों। इसी के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने 15 अगस्त 2012 और बिहार सरकार ने 17 अप्रैल 2013 को राजकीय पक्षी घोषित किया। तब से बिहार में खासकर संरक्षण की पहल तेज हुई। मौके पर दर्शकों से एक सवाल पूछा गया और विजेता को गौरैया मग भारतीय वन सेवा के अधिकारी शेखर प्रधान ने प्रदान किया।

## विद्यालय में किया जा रहा है अतिरिक्त वर्ग कक्षा का निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निदेर्शानुसार नामांकित बच्चों के अनुपात में कम कमरे वाले प्रारंभिक व माध्यमिक विद्यालयों में विकल्प के तौर पर प्री-फेब संरचना के तहत अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। इससे कम कमरे वाले विद्यालय में कमरों के अभाव के कारण बच्चों की पढ़ाई भी बाधित नहीं होगी। यह भवन सिर्फ एक सप्ताह में तैयार किया जा रहा है। साथ ही इस पर लागत भी कम आ रही है। मालूम हो कि प्रखंड क्षेत्र में कई ऐसे विद्यालयों में वर्ग कक्ष का अभाव देखा जा रहा है। खासकर प्रारंभिक विद्यालयों में यह समस्या आम बनी हुई है। कई ऐसे नवसृजित प्राथमिक विद्यालय हैं जहां जमीन के अभाव में भवन निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। ऐसी स्थिति है कि एक कमरा में तीन से चार कक्षाएं संचालित की जाती है। वहीं भवन के अभाव में बच्चे बरामदे या फिर खुले में पढ़ने को विवश हैं। अब जबकि विभागीय स्तर से ऐसे कम कमरे वाले विद्यालयों में प्री-फेब संरचना बनाने का फैसला लिया है तो निश्चित ही इन बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में काफी सहूलियत होगी। प्री-फेब संरचना हल्का होने के साथ-साथ टिकाऊ भी होता है। इसके निर्माण में कम समय लगने के साथ-साथ इस पर खर्च भी कम आ रहा है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नरेंद्र झा ने बताया कि फिलहाल प्रखंड क्षेत्र के पांच विद्यालयों को चयनित कर वहां प्री-फेब संरचना के तहत अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चौसा मुख्यालय स्थित उत्क्रमित उर्दू उच्च माध्यमिक विद्यालय पैना में विभाग द्वारा नियुक्त किए गए संवेदक के द्वारा प्री-फेब संरचना के तहत अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त वर्ग कक्ष का निर्माण विद्यालय के कमरे के छत पर पांच लाख की राशि से कराया जा रहा है। दूसरे चरण के तहत निर्माण होने वाले अन्य विद्यालयों को भी चिन्हित किया जा रहा है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से चार घर सहित लाखों की संपत्ति जलकर हुआ खाक

प्रात : किरण संवाददाता



सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के बिराटपुर पंचायत अन्तर्गत वार्ड नंबर 12 में शनिवार की देर रात अज्ञात कारणों से अचानक आग लगने से चार परिवार का घर सहित लाखों की सम्पत्ति जलकर राख हो गया।घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार बिराटपुर गांव के वार्ड नंबर 12 निवासी शांति देवी, रतनी देवी, सुधा देवी, अनोखा कुमारी के घर में अचानक आग लग गई।जबतक लोगों को पता चला और आग पर काबू पाया गया।तबतक देखते ही देखते चारों घर को आग अपने आगोश में लील लिया।जिससे चार परिवार का घर सहित घर में रखें दैनिक उपयोग कि वस्तु अनाज, कपडा, बर्तन, फर्नीचर,आवश्यक कागजात व बिजली का मीटर अन्य सामग्री जलकर राख हो गया।ग्रामीणों की सहयोग व दमकल से किसी तरह आग पर काबू पाया गया।नहीं तो एक बहुत बडी घटना घट सकती थी।घटना के बाद पिडित परिवारों के सामने विकट समस्या उउत्पन्न हो गया । और खुले आसमान के नीचे जीने को विवश है। घटना के बाद चारों पिडित परिवार ने सोनवर्षा राज थाना को आवेदन देकर सहायता राशि प्रदान करने की मांग किया है।उक्त बाबत अंचला अधिकारी राजस्व ने बताया कि संबंधित राजस्व कर्मचारी को आग से हुई क्षति का आकलन करने के लिए निर्देश दिया गया है।

## रोजगार के सवाल पर आरवाईए ने शुरू किया यंग इंडिया जनमत संग्रह

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। यंग इंडिया चार्टर-2024 की ओर से आयोजित केंद्र की भाजपा सरकार में रोजगार की स्थितियों पर 18-19 फरवरी को दो दिवसीय जनमत संग्रह के पहले दिन शहर के कचहरी चौक पर इंकलाबी नौजवान सभा( आरवाईए) के राष्ट्रीय पार्षद सह माले नेता कुंदन यादव के नेतृत्व में जनमत संग्रह किया जा रहा है। मौके पर कुंदन ने कहा कहा कि पिछले दस साल के मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है नौकरियों के 30लाख से ज्यादा खाली पदों को दस साल में नहीं भरा गया और ऊपर से पहले से मौजूद पदों को खत्म भी किया जा रहा है भारतीय रेलवे में 3 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं लेकिन मोदी सरकार की इसे भरने में कोई रूचि नहीं है रेलवे को नीलामी के बाजार में रख दिया गया है. ट्रेन, स्टेशन, प्लेटफार्म, रूट, स्टेडियम, स्कूल बेचे जा रहे हैं और बड़े पैमाने पर ठेकाकरण किया जा रहा है अग्निपथ योजना लाकर सेना का ठेकाकरण कर दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि तमाम प्रगतिशील छात्र-युवा संगठनों एवं आंदोलनों का संयुक्त मंच यंग इंडिया द्वारा आगामी 28 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर ह्य2024 लोकसभा चुनाव का एजेंडा तय करेगा यंग इंडियाह्न के नारे के साथ ह्यचलो दिल्ली-यंग इंडिया रैलीह्न का आह्वान किया गया है आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा-आरएसएस के नफरती एजेंडे के खिलाफ शिक्षा-रोजगार को केंद्रीय मुख्य मुद्दा बनाने का एक साझा प्रयास है सभी समान विचारधारा वाले प्रगतिशील, जनवादी संगठनों एवं छात्र-नौजवानों से इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। सोमवार को विभिन्न स्कूल, कॉलेज के समीप जनमत संग्रह किया जाएगा। मौके पर आरवाईए नेता सागर कुमार शर्मा, रामप्रवेश कुमार, सूरज कुमार, दिलखुश कुमार, मुकेश कुमार, छात्र नेता मुरारी कुमार यादव सहित अन्य सक्रिय रूप से लगे हुए है।

## शशि यादव शिक्षक के मूर्ति का हुआ अनावरण

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा। सहरसा जिले के बिहरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत औकाही पंचायत के दुम्मा गाँव में रविवार को मधेपुरा लोकसभा के सांसद दिनेश चंद्र यादव ने शिक्षक शशि यादव के मूर्ति का अनावरण किया। इस अनावरण कार्यक्रम में जदयू के अमर यादव, राजद के उपेन्द्र यादव, जाप नेता रंजन यादव, सुशील यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण थे मौजूद।जानकारी के अनुसार शिक्षक शशि यादव की विगत वर्ष पुलिस वाहन पर से गिरने के बाद मौत हो गयी थी। हालांकि परिजनों ने पुलिस पर हत्या का लगाया था आरोप। अनावरण कार्यक्रम में शामिल सांसद दिनेश चंद्र यादव ने बताया कि महेश्वरी यादव अवकाश प्राप्त शिक्षक हैं और समाजसेवी प्रतिष्ठित व्यक्ति है। महेश्वरी बाबु के पुत्र शशि शेखर यादव एक युवा और समाजसेवी लड़का था उनके खड़ा होने पर उनके पीछे हजारों के तादात में नोजवान खड़ा हो जाता था। सांसद ने बताया कि शिक्षक शशि शेखर यादव की हत्या पुलिस द्वारा कर कर दी गयी लेकिन उनके हत्या की जांच अब भी जारी है और उनका अबतक निदान नही निकला है। एक वर्ष बीत जाने के बाद उनके बरसी पर उनके प्रतिमा का अनावरण किया जाना था और उसी को लेकर में आया था। वहीं शशि शेखर यादव के पिता ने बताया कि वे अल्पआयु में शिक्षक के अलावे काफी लोकप्रिय थे। उन्होंने बताया उनको चाहने वाले सहरसा , सुपौल , मधेपुरा , खगड़िया एवं दरभंगा में हजारों युवा चाहने वाले थे। शशि के पिता ने बताया कि उनके हत्या की मामले को लेकर कई जगह मैंने अपना फरियाद लगाया है और जनप्रतिनिधियों से मेरा आग्रह है कि उसके हत्या की जांच करवाया जाए। उनके तस्वीर देख कर अब भी यही उम्मीद रहेगी कि वो मांग कर रहे हैं मुझे न्याय मिले और उनके हत्या की जांच के बाद ही उनके आत्मा को शांति मिलेगी। शशि शेखर यादव के मूर्ति अनावरण में सांसद दिनेश चंद्र यादव तरुण यादव जितेन्द्र सिंह चौहान, शशि शंकर , शहनवाज आलम , सहित कई जनप्रतिनिधि , युवा , समाजसेवी आदि मौजूद थे।

## एमडीए की सफलता की सुत्रधार बनी जीविका दीदियां

### अबतक 20 हजार जीविका दीदी ने किया फाइलेरियारोधी दवा का सेवन



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। जिला में फाइलेरिया रोधी दवा सेवन अभियान को जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों की मदद से तीब्र गति मिली है। दीदियां अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्य विभाग के कदम से कदम मिला कर साथ दे रही हैं। दीदियों द्वारा स्वयं दवा का सेवन कर ग्रामीणों को भी दवा सेवन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है. इस कारण आमजन निःसंकोच दवा सेवन के लिए आगे आ रहे हैं. जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. रविन्द्र कुमार ने बताया स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था पीसीआई द्वारा जिले में जीविका दीदी को फाइलेरिया यानि हाथीपांव रोग की गंभीरता तथा इससे बचाव के लिए फाइलेरिया रोधी दवा सेवन को लेकर उन्मुखीकरण किया गया था। उन्मुखीकरण बाद समूह की दीदियों ने ने केवल स्वयं भी दवा का सेवन किया बल्कि दूसरों को भी दवा सेवन करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। 20 हजार से अधिक जीविका दीदियों कर चुकी हैं दवा सेवनः पीसीआई के जिला मोबिलाजेशन कॉर्डिनेटर चंदन कुमार ने बताया पीसीआई द्वारा जिला में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी दीदी सहित अन्य लोगों का फाइलेरिया रोधी दवा सेवन अभियान को लेकर उन्मुखीकरण किया गया. इसके बाद दीदी स्वयं दवा का सेवन कर रहीं हैं। जिले में अब तक 20 हजार से अधिक जीविका दीदी ने दवा का सेवन किया है. जीविका दीदी आशा दीदी को दवा सेवन कार्यों में भरपुर सहयोग दे रही हैं। उनकी मदद से आशा तथा दूसरे स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही योग्य लाभार्थियों को दवा का सेवन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया जिले में घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा सेवन कराने के दौरान जीविका दीदियों ने पहले स्वयं दवा सेवन कर योग्य लाभार्थियों को अपने सामने दवा का सेवन करायीं. इससे लोगों में दवा सेवन के प्रति जागरूकता आयी। लोग स्वयं दवा सेवन के लिए आगे आ रहे हैं। पीसीआई के जिला मोबिलाजेशन कॉर्डिनेटर चंदन कुमार ने बताया जिला में जीविका की सभी स्वयं सहायता समूह की दीदी को हाथीपांव की गंभीरता और इससे बचाव के लिए दवा सेवन के महत्व के बारे में बताया गया। इसके बाद जीविका दीदी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में लोगों को दवा का सेवन कराने में स्वास्थ्य विभाग की मदद कर रही हैं।

## मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र के सफल विद्यार्थियों ने साझा किए अपने अनुभव

प्रात : किरण संवाददाता



बीएनएमयू, मधेपुरा में संचालित मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र के तत्वावधान में नेट-यूजीसी परीक्षा दिसंबर -2023 में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इससे सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। नंदन कुमार (राजनीति विज्ञान) ने कहा कि उन्होंने दो बार नेट किया है और जेआरएफ के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम एवं मार्गदर्शन केंद्र की पढ़ाई से काफी मदद मिली है। यहां के शिक्षकों ने प्रथम पेपर को बहुत अच्छे से पढ़ाया है। आदिल (उर्दू) ने कहा कि विश्वविद्यालय में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वे सम्मान पाकर अभिभूत हैं। कन्हैया कुमार (भूगोल) ने कहा कि वे प्रथम प्रयास में ही नेता कर चुके हैं। उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित होने पर बहुत अच्छा लग रहा है। इससे उत्साहित होकर वे आगे जेआरएफ करने का प्रयास करेंगे। मिथिलेश कुमार भास्कर (भूगोल) ने कहा कि परिश्रम करने वालों को सफलता अवश्य मिलती है। दोनों पेपर पर ध्यान दें। उनकी दीदी असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, उनसे प्रेरणा मिली। प्रिया कुमारी (इतिहास) ने कहा कि पढ़ाई का कोई शॉर्टकट नहीं होता है।इसलिए उन्होंने उन्होंने मानक पुस्तकों का अध्ययन किया। खूब अभ्यास किया और लगातार सेट बनाया। जो यूनिट कमजोर था, उसपर विशेष ध्यान दिया। आशीष कुमार (हिंदी) ने कहा कि धैर्य सबसे ज्यादा जरूरी है। आप बार-बार परीक्षा दीजिए। मेरे एक सर 12 बार में सफल हुए। विभाग में पढ़ाई कक्षा माहौल है। सम्मानित करने से उत्साह बढ़ता है। कल्याणी कुमारी (हिंदी) ने कहा कि तीन बार नेट कर चुके हैं और अभी जेआरएफ हैं। जब परीक्षा नजदीक हो, उस समय कमजोर क्षेत्र को मत देखिए। रूपम कुमारी ने कहा कि पढ़ाई का कोई अंत नहीं है। लेकिन एक तरफ से नहीं पढ़िए और जो टापिक भारी हो उसे छोड़ दीजिए। जो टापिक हल्का लगे, उसे सबसे पहले तैयार कीजिए। इससे कांफिडेंस आता है। कुमार सत्यम ने कहा कि उन्होंने तीन बार नेट किया है।पूर्व के प्रश्नों को देखें सिलेबस बड़ा है, इसलिए पूर्व के प्रश्नों पर ज्यादा ध्यान दें। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. बी. एस. झा ने नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि उनकी उपलब्धियों से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि बीएनएमयू के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सब समुचित मार्गदर्शन एवं उपयुक्त अवसर उपलब्ध कराने की जरूरत है। इसके पूर्व सभी सफल विद्यार्थियों को अंगवस्त्रम् एवं डायरी भेंटकर सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने किया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने की। डॉ. शेखर ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आगे भी समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रो. नवीन कुमार, विशिष्ट अतिथि सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार, विकास पदाधिकारी प्रो. (डॉ.) ललन प्रसाद अद्री, सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजूम, सिंडिकेट सदस्य डॉ. जवाहर पासवान, एनएसएस समन्वयक डॉ. अभय कुमार, निदेशक (खेल) डॉ. अबुल फजल, परिसंपदा पदाधिकारी डॉ. शंकर कुमार मिश्र, कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव, ले. गुड्डू कुमार, डॉ. अमरेन्द्र कुमार, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. अंकेश गोप, राहुल यादव, अरमान अली, सौरभ कुमार, सुधांशु कुमार आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा के समापन पर दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। सरस्वती पूजा के समापन पर रविवार को आजाद हिंद पूजा समिति शिशबन्नक के द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग में गौतम कुमार प्रथम, गणेश कुमार द्वितीय एवं प्रिंस कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में किरण कुमारी प्रथम, काजल कुमारी द्वितीय एवं मधुबाला कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। प्रतियोगिता में सफल अभ्यर्थियों को अमित कुमार राय, दुर्गेश कुमार, अजीत कुमार राय, सुभाष राय, नवीन राय, रामनंदन राय, सदानंद राय एवं मुखिया संजय कुमार निराला के हाथों पुरस्कृत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने तीन कोर्ट वारंटी को किया गिरफ्तार

नगरा। खैरा थाना क्षेत्र के पटेढ़ा गांव से खैरा पुलिस ने तीन कोर्ट वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. उक्त वारंटी राम ईश्वर महतो, चंदन महतो ,धूप पतियां देवी शामिल है. वहीं इस संबंध ने खैरा थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने बताया की काफी वर्षो से फरार चल रहे तीन वारंटी को छापेमारी कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### नगरा पुलिस ने शराब के साथ एक धंधेबाज को किया गिरफ्तार

नगरा।ओपी थाना क्षेत्र के बन्नी से नगरा पुलिस ने 48 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया.उक्त गिरफ्तार धंधेबाज प्रदीप महतो बताया जाता है.वहीं इस संबंध में नगरा ओपीध्यक्ष विजय रंजन ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करवाई की गई है. गिरफ्तार धंधेबाज को जेल भेज दिया गया है।

### दो अभिभावक हुए गिरफ्तार

छपरा। शनिवार को मढ़ोरा अनुमंडल में चल रहे मैट्रिक परीक्षा के द्वितीय पाली में परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के दौरान परीक्षार्थियों के अभिभावकों द्वारा पुलिसकर्मी एवं विक्षकों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से रोकने के दौरान हुए मारपीट में पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इस घटना में शामिल अभिभावक की पहचान कर प्राथमिक दर्ज की गई है। मढ़ोरा थाना कांड संख्या 104/24 दर्ज का नामजद अभियुक्त रंजीत कुमार एवं शैलेश कुमार पिता स्वर्गीय कामेश्वर राय, ग्राम फकुली, थाना पानापुर,जिला सारण गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# शिव शक्ति राईस मिल कर्मचारी लूट एवं हत्याकांड का 20 हजार ईनामी अपराधी गिरफ्तार

- एसपी कांतेश मिश्रा के निर्देशानुसार रामगढ़वा थाना द्वारा नाकेबंदी कर छौड़ादानो निवासी चंचल पांडेय उर्फ चनचन पांडेय को धर दबोचा

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा के रक्सौल में शिव शक्ति राईस मिल कर्मचारी से लूट और हत्याकांड मामले में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने 20 हजार के ईनामी कुख्यात अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व मुशहरी बंगरी चौक से छापेमारी कर उक्त कार्रवाई की। एसपी कांतेश मिश्रा के निदेर्शानुसार रामगढ़वा थाना द्वारा नाकेबंदी कर छौड़ादानो निवासी चंचल पांडेय उर्फ चनचन पांडेय को धर दबोचा गया। जिस पर 20 हजार का पुलिस ने ईनाम घोषित किया था। इस मामले में अब तक कुल 6 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गौरतलब है कि माह अक्टूबर 2023 में शिव शक्ति राइस मिल के गेट पर ही उसके कर्मचारी और चालक को गोली मारकर 27 लाख रुपए लूट का मामला सामने आया था। जिसमें कर्मचारी सीतामढ़ी निवासी दिलीप कुमार की हत्या हो गई थी और चालक घायल हुआ था। तब से पुलिस सभी आरोपियों को ढूंढने में लगी थी और एक बार फिर पुलिस के हाथों एक अपराधी पकड़ा गया। उक्त छापेमारी दल में एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार के साथ लखौरा थानाध्यक्ष पंकज कुमार, रामगढ़वा थानाध्यक्ष नवनीत कुमार एवं सिपाही चिरंजीवी कुमार जिला आसूचना ईकाई, मोतिहारी आदि शामिल थे।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

गड़खा। प्रखंड के साधपुर पंचायत के फुलवरिया बाजार पर एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी और डीएन फ्रेस मशरूम के निर्देशक समाजसेवी अजय कुमार राय ने किया। डा विनोद कुमार सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की ।डॉ नागेंद्र राय, संजय राय, पाशुपति सिंह,गणेश राय,रंजीत कुमार सिंह, डॉ एस कुमा,रविन्द्र शाह,संतोष जी,सौरभ कुमार,गुलाम साबिर जी बादल, सत्येंद्र जी,प्रमोद जी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। प्रतिमा प्रकाश क्लिनिक संस्थान के निर्देशक डॉ अजीत कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को फूल माला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी ने कहाकि गांव में शिविर लगाने से गरीब गुरबा को काफी लाभ मिलेगी। अजय कुमार राय ने कहाकी संस्था द्वारा काफी नेक पहल शुरू की गई है।

# एन.एस.एस. स्वयंसेवको ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात : किरण, संवाददाता




छपरा सदर : रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना जयप्रकाश विश्वविद्यालय के स्वयंसेवको द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आगाज किया। बताते चले कि एन एस एस स्वयंसेवको ने छपरा शहर के नगरपालिका चौक पर खड़े होकर लोगों के बीच मतदाता जागरूकता से संबंधित पंपलेट का वितरण किया। साथ ही साथ वैसे युवा जिनकी उम्र 18 साल हो चुकी है उनसे वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का आग्रह भी किया । कार्यक्रम का नेतृत्व जयप्रकाश विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर हरिश्चंद्र ने किया। कार्यक्रम में जगदम महाविद्यालय, जयप्रकाश महिला महाविद्यालय, विश्वविद्यालय पीजी यूनिट के दर्जनों छात्र उपस्थित होकर सक्रिय भूमिका निभाए । जिसमें मुख्य रूप से एनएसएस के जगदम महाविद्यालय के स्वयंसेवक प्रिंस कुमार एवं एन एस पी जी यूनिट के स्वयंसेवक मकेश्वर पंडित तथा गिरजा कुमारी ,गौरी कुमारी, अनु कुमारी ,अंजली कुमारी ,आशीष कुमार, आलोक कुमार, विशाल कुमार किशन कुमार मोहित कुमार पीयूष कुमार शाहिद आदि दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित थे। प्रो हरिश्चंद्र ने सबसे अनुरोध किया कि जिनकी उम्र 18 साल या उससे अधिक है वे सभी अपने मत का प्रयोग करें। विदित हो कि मतदाता जागरूकता के लिए भारत सरकार एवं पटना रिजनल सेन्टर से भी पूर्व मे निर्देश मिल चुका है और राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न ईकाईयों द्वारा ये कार्यक्रम किया जा रहा है।

# बच्चों की एक गलती मां-बाप को जिंदगी भर रूलाती है : चित्राली

- यूपी देवरिया के अखिलेश मणि शांडिल्य ने कहा कि राम व कृष्ण हैं हमारे आईना

प्रात : किरण, संवाददाता



गड़खा(सारण)। राम सिर्फ एक नाम नहीं है। राम हिन्दुस्तान की सांस्कृतिक विरासत हैं ।राम सनातन धर्म की पहचान हैं। उक्त बातें सुश्री चित्राली ने गड़खा हनुमान में आयोजित हनुमत जन्मोत्सव सह 30 वें वार्षिक सत्संग सम्मेलन में चौथे दिन प्रवचन करते हुए कहीं ।चित्राली ने कहा कि बच्चों की एक गलती मां-बाप को जिंदगी भर रुलाती है ।चरित्रवान बने चरित्रहीन नहीं। यूपी देवरिया के अखिलेश मणि शांडिल्य ने कहा कि राम व कृष्ण हैं हमारे आईना है। हर मनुष्य को अपनी औकात में रहनी चाहिए क्योंकि झूठी औकातो से शान नहीं बनती ।उन्होने कहा कि विवेक पैदा करने के लिए जगह-जगह रामकथा होनी चाहिए ।सुपौल की गीता मर्मज्ञ मीरा देवी ने कहा कि भगवत प्राप्ति का साधन है कथा ।संसार माया से ओत-प्रोत है ।समर्पित अनुराग से परमात्मा की प्राप्ति होगी। शिवबचन जी महाराज ने कहा कि शरीर जीवात्मा में निवास करने वाला मकान है ।भक्ति में शक्ति है। विद्याभूषण उर्फ कवि ने कहा कि सत्संग सुनने वाले अपने जवानी को जीत लेंगे ।शिक्षा व शक्ति दोनों की आज जरूरत है ।रामायणी मीरा सिन्हा,रामप्रवेश सिंह ने भजन कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्तों सागर से डूबो दिया ।मंच संचालन राजेश उपाध्याय ने किया ।रात्रि में कानपुर की भगवती जागरण ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा की तैयारी की समीक्षा को लेकर बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जन विश्वास यात्रा के अंतर्गत नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव 22 फरवरी को 11:30 बजे मढ़ौरा थाना के पीछे अवस्थित खेल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे । इस कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा के लिए सारण राजद जिला अध्यक्ष सुनील राय की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई । बैठक में पूर्व खेल एवं कला संस्कृति मंत्री जितेंद्र राय, पूर्व मंत्री सुरेंद्र राम, तरैया के पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, प्रदेश महासचिव सुरेंद्र यादव, युवा राजद के जिला अध्यक्ष गुलामे गौश, जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर निशांत कुमार, प्रधान महासचिव युवा राजद अजय राय समेत सभी प्रखंड अध्यक्षों ने अपने-अपने विचार रखें । सुमित्रा चौरसिया श्री राम राय, युवा नेता उपेंद्र राय, गुड्डू कुशवाहा ,कमलेश राय आदि ने तैयारी के मद्देनजर महत्वपूर्ण सुझाव दिए । जिला अध्यक्ष सुनील राय के द्वारा तैयारी पर संतोष प्रकट करते हुए आगामी कार्यक्रम के ऐतिहासिक होने का संकल्प देते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा हुई। डॉक्टर अमित रंजन, सारण राजद जिला प्रवक्ता ने प्रेस विज्ञपति जारी करते हुए उक्त जानकारी दी।

## अज्ञात शव बरामद

छपरा। रविवार को अहले सुबह नगर थाना अंतर्गत भिखारी ठाकुर चौक से उत्तर सड़क किनारे एक अज्ञात शव बरामद हुआ है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच किया। जांच उपरान्त पाया गया कि मृतक की हत्या चाकू मारकर की गई है। शव की पहचान चंदन राय, पिता संजय राय, बड़ा तेलपा हवाई अड्डा, जिला सारण के रूप में हुई।

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर किया गया मूर्ति का नगर भ्रमण

प्रात : किरण, संवाददाता

सदर प्रखंड के मुसेपुर गांव स्थित शिवमन्दिर के प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय मां दुर्गा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मूर्ति का नगर भ्रमण कराया गया। मूर्ति मंदिर परिसर से अंबिका भवानी मंदिर आमी , नरांव, धनौरा,चैनपुरवां, बलुंआ, मौजमपुर, डुमरी, संठा,रामू टोला,कंशदियर आदि गांवों में स्थित मंदिरों का भ्रमण कर पूजा अर्चना किया गया। नगर भ्रमण में दर्जनों वाहन पर सैकड़ों श्रद्धालु भक्त सवार हो जय माता दी, जय सियाराम,हर हर महादेव का उद्घोष करते चल रहे थे। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। वहीं शनिवार की रात्रि में अयोध्याधाम से आई कथावाचक अराधना शास्त्री ने अपने प्रवचन के दौरान बताई कि सभी देवी भगवान सीताराम की अराधना करते हैं। जिनसे सृष्टि चलती है। भगवान सीताराम की अराधना करने से ब्रह्मांड के सभी देवी देवता प्रसन्न रहते हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री सह गड़खा विधायक सुरेंद्र राम, पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी समेत दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे। बताते चलें कि सात दिवसीय आयोजन में अब 19 फरवरी को पूजन, प्रसाद स्नपन, अचल प्रतिष्ठा होगी। 20 फरवरी को पूजन के साथ अखंड अष्टयाम की शुरूआत होगी और 21 फरवरी अखंड अष्टयाम का समापन के साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## चोरों ने की मंदिर में चोरी

परसा। बाजार स्थित शिव मंदिर का नया कमिटी के चुनाव होने के बारह घंटे बाद ही मंदिर के दरवाजे के ताला तोड़ सीसीटीवी कैमरा का हार्ड डिस्क का चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है ।हार्ड डिस्क चोरी होने की सूचना मिलते ही नव निर्वाचित अध्यक्ष पप्पु कुमार राय मंदिर पहुँच घटना की जानकारी लिया ।और प्राथमिकी दर्ज कराया ।इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मंदिर में लगी सीसीटीवी कैमरा के हार्ड डिस्क में कई अहम मामला लोड था ।जिसकी जरूरत थी ।लेकिन शनिवार की रात्रि में हार्ड डिस्क की चोरी ताला तोड़ कर कर लिया गया है ।चोरी को लेकर एक पर नामजद प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# जनसुराज पार्टी नहीं एक विचारधारा है : सुरेश




प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर। जनसुराज पार्टी नहीं एक विचारधारा है। जिसका उद्देश्य सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन करना है। उक्त बातें जनसुराज किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह ने इसुआपुर में रविवार को जनसुराज कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर कही ।उन्होंने कहा कि आपके बच्चे का भविष्य निर्माण करना हमारे अभियान का मुख्य उद्देश्य है। ताकि वे शिक्षित व स्वावलंबी बनकर नव बिहार का निर्माण कर सकें। वहीं वरीय नेता राजन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि प्रशांत किशोर जी के सानिध्य में कार्य करने में हम अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं। साथ ही कहां की राजनीति से समाज नहीं सुधर सकता बल्कि समाज राजनीति को सुधार सकता है। जो समाज सजग व सचेत नहीं है, अपने बच्चों के भविष्य लिए खड़ा नहीं है, वह अच्छी राजनीति व्यवस्था नहीं बना सकता। बिहार की दुर्दशा को बदलना है, तो जनसुराज को आगे बढ़ाना होगा। मढ़ौरा अनुमंडल युवा अध्यक्ष इंजीनियर कुमार शिवम उर्फ बबुआ जी ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि जनसुराज जाति-धर्म के नाम पर जनता को गुमराह नहीं करता है। बल्कि बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी समस्याओं और मुद्दों की बात करती है। प्रखंड अध्यक्ष हरे राम तिवारी की अध्यक्षता तथा राजन प्रसाद गुप्ता के संचालन में बैठक को तरैया विधानसभा प्रभारी निधि शेखावत, अनुमंडल अध्यक्ष आनंद मोहन सिंह उर्फ गार्ड साहब व अन्य ने संबोधित किया।

# अनूप सिंह हत्याकांड का हुआ उद्भेदन

- हत्या के संबंध में पूछताछ करने पर जमीन हड़पने के मकसद से संतोष सिंह द्वारा इस घटना को अपने भतीजे के माध्यम से अंजाम दिया गया

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल। सुगौली थानान्तर्गत एनएच-27 निमार्णाधीन टॉल प्लाजा के पास रक्सौल निवासी अनुप सिंह की स्कार्पियो पर सवार अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक कांतेश मिश्रा द्वारा हत्याकांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी एवं उद्भेदन हेतु सहायक पुलिस अधीक्षक, सदर, मोतिहारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल धीरेंद्र कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पकड़ीदयाल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। गठित विशेष टीम द्वारा वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान के क्रम में घटना में संलिप्त शिवम कुमार, सौरभ कुमार एवं श्रवण कुमार को सीतामढ़ी पुलिस के सहयोग से हिरासत में लेते हुए स्कॉर्पियों की बरामदगी की गई एवं गहराई से पूछताछ करने पर घटना में प्रयुक्त हथियार को हरैया ओपी अन्तर्गत विशाल सिंह के घर से बरामद की गई। हत्या के संबंध में पूछताछ करने पर जमीन हड़पने के मकसद से संतोष सिंह द्वारा इस घटना को अपने भतीजे के माध्यम से अंजाम दिया गया था। बरामद हथियार के संबंध में हरैया ओपी में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही हैं।

## पिकप वैन से 413 लीटर देसी शराब जब्त

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक सुमन कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में रावल टोला स्थित अग्रहणी अपार्टमेंट के पास से पिकप वैन से 413 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। साथी एक शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कारोबारी कुंदन कुमार, पिता लक्ष्मण प्रसाद, ग्राम काजी बाजार महाराजगंज, जिला सिवान का निवासी बताया गया है। प्राथमिक की दर्ज कर मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## युवती का अपहरण किया

प्रात : किरण, संवाददाता

मकेर (सारण) थाना क्षेत्र के बघाकोल ग्राम निवासी मंतोष कुमार राय ने मकेर थाना में एक आवेदन दिया है जिसमे उन्होंने अपनी नाबालिग लड़की की अपहरण होने की शिकायत दर्ज कराया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि शाम में मेरी बेटी शौच के लिए बाहर गयी थी लेकिन घर वापस नही लौटी, गांव मे जानकारी प्राप्त किया फिर सगे संबंधियों से जानकारी नहीं मिलने पर थक हार अपहरण होने की संभावना जताई है। उन्होंने बताया है कि शंका है कि शादी की नियत से बहला फुसलाकर कर शादी की नियत से भी अपहरण होने की बात बताई है, उन्होंने झौवा टोला दरियापुर निवासी सन्नी कुमार लालमुनी देवी पति श्याम बाबू राय जबकि अमनौर थाना क्षेत्र के पिपराही ग्राम निवासी गीता देवी पति बिपिन राय को नामजद अभियुक्त बनाया है ।

# अपने अधिकार के लिए भारी संख्या में लोहार समाज 24 को पहुचेंगे पटना

प्रात : किरण, संवाददाता

अपना अधिकार पाने के लिए लोहार कल्याण समिति के तत्वधान में जगदीशपुर जनता बाजार गांव में लोहार समाज की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता शिवजी शर्मा मंच संचालन नीरज शर्मा ने किया। लोहार समाज ने अपने हक हुकुम की लड़ाई में एकजुटता के साथ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। प्रदेश लोहार कल्याण समिति के संयोजक सॉन ऑफ लोहर उमेश विश्वकर्मा के आह्वान पर आगामी 24 फरवरी को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में होने वाले महा संग्राम रैली में भाग लेने के लिए लोगो को आह्वान किया ।पटना से आये महेश्वर शर्मानें ने कहा कि लोहार समाज संकट के दौर से गुजर रहा है ।केंद्र व राज्य सरकार के गलत नीतियों के कारण अधिकार की बात कौन कहे जाति भी संकट में है। लोहार जाति के लोग शासन प्रशासन में नही होने से हमारा समाज खतरे में है ।शिक्षा राजनीति समाज से कोषों दूर है ।शिवजी शर्मा ने कहा कि हमलोग अब जाग चुके है ।अब दूसरे के पायदान पर नही अपने पायदान पर खड़े होकर अपनी समाज के लिए जो बन पड़े हर तरह से सहयोग की बात कही ।धीरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के नीतियों के कारण बिहार के लोहार सामाज हासिए पर पहुँच गया है ।एसटी मामला को अधर में डालकर केंद्र व राज्य सरकार उक्त जाति के लोगो के साथ नाइंसाफी कर रही है ।इस मौके पर डॉ नागेंद्र शर्मा राम अनूप शर्मा भगवान शर्मा देवेंद्र शर्मा लालू शर्मा लग्नदेव शर्मा दिन दयाल शर्मा अरुण शर्मा पिन्टू शर्मा रंजीत कुमार शर्मा राम चन्द्र शर्मा रमेश शर्मा दिलीप शर्मा राम सूरत शर्मा कामेश्वर शर्मा,मैनेजर शर्मा,चंदेश्वर पांडेय चन्द्र बोस शर्मा समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## आपसी विवाद मे दो पक्षों मे जमकर हुई मारपीट

प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर,स्थानीय थाना क्षेत्र के हरपुर गाव मे दो पक्षों के बीच आपसी विवाद मे जमकर मारपीट हो गयी जिसमे दर्जन भर लोगो जख्मी हो गए, जिन्हे स्थानीय रेफरल अस्पताल मे इलाज कराया गया,दोनो पक्षों की प्राथमिकी मे अलग अलग दर्जन भर लोगो को नामजद किया गया है। घटना मे प्रथम पक्ष के शंभू कुमार सिंह ने बताया है कि पड़ोस के मंतोष कुमार व अन्य चार लोगो ने विवाद कर गाली गलौज मारपीट कर जख्मी कर दिया वही परिवार के लोगो को भी गंभीर छोट आयी है। वही मामले मे दूसरे पक्ष के मंतोष कुमार ने बताया है की बगल के माझील सिंह विकास सिंह रितेश सिंह अनिल सिंह शंभू सिंह एक राय होकर गाली गलौज करते परिवार पर हमला कर दिया जिसमे परिवार के कई जख्मी हो गए, सहित कई आरोप लगया है।

# शिक्षा के सहारे ही बदलेगी जिंदगी, यही जीवन का सबसे बड़ा धन : गुरु रहमान

- गड़खा प्रखंड के रामगढ़ा में आयोजित प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह में जुटे प्रबुद्ध लोग

प्रात : किरण, संवाददाता



प्रखंड के रामगढ़ा स्थित सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शामिल स्कूली बच्चों ने अपने अपने अभिनय से हर किसी का दिल जीत लिया. कार्यक्रम का उद्घाटन देश के प्रसिद्ध शिक्षक गुरु रहमान समेत मुन्ना कुमार,सत्य प्रकाश सिंह,संतोष दूबे,रणंजय कुमार व भूषण कुमार सरीखे लोगों ने संयुक्त रूप से किया. अपने संबोधन में गुरु रहमान ने कहा कि शिक्षा के सहारे जिंदगी को संवारा जा सकता है और यह मानव जीवन का सबसे बड़ा धन है.उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति समाज के लिए संसाधन होता है.उन्होंने हर माता पिता को अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए सजग रहने व उसके लिए हरसंभव संसाधन उपलब्ध करवाने का आग्रह किया. कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सबों को अपने बच्चों को पढ़वाने का शपथ भी दिलाया.बाद में सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनिकेत,अंश,साक्षी,काजल,पलक, रागिनी, स्वीटी,अनुष्का,सोनम,खुशी सरीखे दर्जनों बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी और दर्शकों को राष्ट्रभक्ति भाव से ओत प्रोत कर दिया. अपने कार्यक्रम से बच्चों ने लोगों को शराब से तौबा करने के लिए प्रेरित किया तो राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे गीत गाकर सबों को भक्तिरस से सराबोर भी किया.इससे पूर्व आगत अतिथियों का स्वागत प्राचार्य बी.पी.शर्मा,सचिव कुंदन कुमार,विजय कुमार,चंदन मिश्रा,भूषण कुमार व हिमांशु कुमार सरीखे शिक्षकों ने शॉल व बुके देकर किया.बॉक्सर शुभम सिंह,अमन सिंह व प्रियंका को भी सम्मानित किया गया।

## बीडीसी के घर से नगदी समेत लाखों हुई चोरी

प्रात : किरण, संवाददाता

भेल्दी(सारण)। भेल्दी थाने के रायपुरा गांव में शनिवार की रात चोरों ने एक बीडीसी के घर 2 लाख रूपए नगदी समेत लाखों के जेवर की चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के रायपुरा निवासी बीडीसी सदस्य मिथिलेश मांझी के परिजन रात्रि में अपने घर पर सोए हुए थे तभी पीछे का दरवाजा तोड़कर चोरों ने घर के अंदर प्रवेश कर गए और ब्रीफकेस में रखे 2 लाख रूपए नगदी समेत लाखों के जेवर चुरा लिए ।चोरों ने ब्रीफकेस से रूपए व जेवर को चुराने के बाद ब्रीफकेस को घर के बाहर खेत में फेंक दिए थे ।रविवार की अहले सुबह परिजनों को चोरी होने की सूचना मिली।

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 11 दिवसीय महा रुद्र यज्ञ का आयोजन

- बाबा ने कहा कि यज्ञ की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रहा है आगामी 11 मार्च को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी

प्रात : किरण संवाददाता



परसा। प्रखंड अंतर्गत बहर माड़र पंचायत के बनकेरवा बांध स्थित बाबा गणिनाथ मंदिर में बाबा गणि नाथ गोबिंद जी महाराज की मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 11 दिवसीय महा रुद्र यज्ञ का आयोजन किया है ।ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित महारुद यज्ञ का आयोजन आगामी 11 मार्च से 21 मार्च तक किया जाना है ।जिसकी तैयारी को लेकर ग्रामीण रात दिन लगे हुए है ।यज्ञशाला की तैयारी पूर्ण कर ली गई है ।यज्ञ में स्थापित कर पूजा अर्चना के लिए देवी देवताओं की मूर्ति का निर्माण शिल्पकृतियों द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है ।इस सम्बंध में यज्ञ के नेतृत्व कर रहे श्री राजन नंदन भारती उर्फ भुटेली बाबा ने बताया कि बाबा गणिनाथ जी महाराज की नव निर्मित मंदिर में प्रतिमा स्थापना तथा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है ।इस महा रुद्र यज्ञ से समाज का कल्याण होगा ।देश मे अमन चैन स्थापित होगा ।उन्होंने कहा कि यज्ञ में साधु संत महंतो द्वारा प्रतिदिन नियमित पूजा अर्चना का आयोजन किया जाएगा ।वही श्रद्धालुओं के लिए रास लीला,प्रवचन का आयोजन होगा ।उन्होंने क्षेत्र की जनता,जन प्रतिनिधि से पूर्ण रूप से सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। बाबा ने कहा कि यज्ञ की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रहा है आगामी 11 मार्च को भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य की भागी बनने के लिए अपील किया।

# मशरक के बहरौली में जन सुराज की जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

- पंचायत के मुखिया अजीत सिंह की अध्यक्षता में जन सुराज की जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक। मशरक प्रखंड क्षेत्र के बहरौली पंचायत के बहरौली गांव में रविवार को पंचायत के मुखिया अजीत सिंह की अध्यक्षता में जन सुराज की जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सारण विधान पार्षद ई सच्चितानंद राय ने अपने विचार ग्रामीणों के सामने रखा। मौके पर जन सुराज के जिला अध्यक्ष रामपुकार मेहता, जिला कार्यक्रम संयोजक मुन्ना भवानी,जिला प्रवक्ता कुलदीप महासेठ,जिला सह संयोजक राहुल सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों के बीच कहा कि बिहार की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए प्रशांत किशोर गांवों में पैदल यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के ग्रामीण चालीस वर्षो से कांग्रेस, जदयू, राजद और भाजपा की सरकारों की नीतियों से त्रस्त है यहा के गांवों के लोगों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों का रूख करना पड़ता है। इस मौके पर पूर्व मुखिया संतोष परमार, पूर्व मुखिया अमर सिंह, मुकेश तिवारी, प्रिंस पाण्डेय, काशीनाथ राय, बिट्टू बाबा, बिनय सिंह, रोहित गुप्ता, मनोज सिंह, नरेश राम, सरपंच डॉ फूलेशवर राय सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सांसद के प्रयास से मरीज को मिला इलाज के लिए आर्थिक मदद

प्रात : किरण संवाददाता



मढ़ौरा ग्रामीण। मढौरा के इसरौली में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। इस मुफ्त हेल्थ कैंप में करीब 200 से अधिक रोगियों को चिकित्सको द्वारा जरूरी चिकित्सीय जांच के साथ आवश्यक दवा भी मुफ्त में वितरित किया गया। इस कैम्प में चाइल्ड स्पेशलिस्ट डाक्टर विजय,महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर श्वेता व जाकिर हुसैन ने अपनी अपनी सेवाएं दी तथा कैम्प में पहुचे मरीजों का मुफ्त इलाज किया। इस कैम्प के आयोजन में प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्व विधालय के जिम्मेदार लोगों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## इसरौली में मुफ्त हेल्थ कैम्प का हुआ आयोजन

मढ़ौरा ग्रामीण। मढौरा के इसरौली में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। इस मुफ्त हेल्थ कैंप में करीब 200 से अधिक रोगियों को चिकित्सको द्वारा जरूरी चिकित्सीय जांच के साथ आवश्यक दवा भी मुफ्त में वितरित किया गया। इस कैम्प में चाइल्ड स्पेशलिस्ट डाक्टर विजय,महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर श्वेता व जाकिर हुसैन ने अपनी अपनी सेवाएं दी तथा कैम्प में पहुचे मरीजों का मुफ्त इलाज किया। इस कैम्प के आयोजन में प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्व विधालय के जिम्मेदार लोगों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 19 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### कार्यसमिति ने दी बधाई

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के नवनिर्वाचित कार्यसमिति के अधिवक्ताओं ने बिहार स्टेट बार काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्य मनन मिश्रा और रमाकांत शर्मा को बधाई दी है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि बिहार स्टेट बार काउंसिल पटना के बैठक में वरीय अधिवक्ता रमाकांत शर्मा को निर्विरोध स्टेट बार काउंसिल पटना का अध्यक्ष चुन लिया गया है तथा बी. सी. आई के मौजूदा अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता मनन मिश्रा को बिहार से बार काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि चुन लिया गया है। अधिवक्ता विजय कुमार पाण्डेय, सुरेश प्रसाद, नीरज कुमार सिंह, इम्तेयाज अंसारी, संजय कुमार सहित अन्य ने बधाई देते हुए शुभकामना प्रकट किया है।

### आर्म्स एक्ट में दो अभियुक्तों को हुई सजा

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नेहा दयाल ने बारूण थाना कांड संख्या -316/21, जी आर -1786/21, टी आर 1254/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दो काराधीन बंदी अभियुक्त अविनाश कुमार और विशाल यादव जुराबगंज कटिहार को आर्म्स एक्ट में सजा सुनाई है। सहायक अभियोजन पदाधिकारी संजय सिंह ने बताया कि दोनों काराधीन अभियुक्तों को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी) ए में तीन साल की सजा और पांच हजार जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना न देने पर एक माह अतिरिक्त साधारण कारावास होगी। आर्म्स एक्ट की धारा 26 और 35 में भी यही सजा सुनाई गई है तथा एक अन्य अभियुक्त मंडल बंजारा का अनुपस्थिति पर बंधपत्र विखंडित कर वारंट जारी किया गया है।

### भूमि विवाद में मारपीट तीन लोग घायल

शेरघाटी।भूमि विवाद में थाना क्षेत्र के अफजलपुर गांव में जमकर हुई मारपीट में तीन महिलाएं घायल हो गई। सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों के देखरेख में स्वास्थ्य कर्मियों ने मरहम पट्टी किया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल ज्योति देवी प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल गया रेफर किया गया है। घायल ज्ञानती देवी एवं रेंपु देवी ने बताया कि है, कि भूमि विवाद को लेकर गांव के ही लोगों ने घर में घुसकर अयोध्या मिस्त्री सहित चार पांच की संख्या में रहे लोगों ने महिलाओं के साथ मारपीट एवं बदसलू की किया। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस से लिखित शिकायत किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि पुलिस महिला के साथ हुई मारपीट मामले की जांच कर रही है।

### टहलने निकला युवक नही लौटा घर

शेरघाटी।शहर के पुरानी चट्टी मोहल्ला के योगेंद्र प्रसाद ने शनिवार को शेरघाटी थाना में पुत्र पिंटू कुमार के गायब होने की प्राथमिकी कराया है। उन्होंने कहा है कि गत 3 फरवरी 2024 को सुबह प्रत्येक दिन की तरह वह टहलने के लिए निकला था। जब देर तक घर वापस नहीं आया तो स्वजनों के द्वारा खोजबीन किया जाने लगा। काफी खोजबीन किए जाने के बाद भी उसका कोई पता अब तक नहीं चल सका है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि प्राथमिकी के बाद मामले की छानबीन की जा रही है।

### बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी कर चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

नवानगर (बक्सर) डुमरांव एसडीओ राकेश कुमार दुबे के नेतृत्व में नावानगर बिजली जेई विपिन किशोर मानव बल संतोष कुमार गुप्ता के साथ टीम गठित कर बिजली चोरी के खिलाफ सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के लोकपुर गांव में छापेमारी किया गया। छापेमारी में चार लोगो को चोरी से बिजली जलाते पकड़ा गया। जहां सुरेंद्र कुमार सिंह के मुर्गी फार्म में चोरी से बिजली जलाते पकड़ा गया। इसको लेकर नावानगर बिजली जेई बिपिन किशोर द्वारा सोनवर्षा ओपी में जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

### लापता लड़कियों को खोजने में पुलिस के छूट रही पसीना

अरवल। जिले से लापता तीन - लड़कियों को खोजने पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। मेहंदिया और मुरादपुर हुजरा इलाके से भागी लड़कियों के परिजनों ने थाने में लड़कियों की किडनैपिंग की शिकायत दर्ज कराई है। लड़कियों की अफेयर के मामला का पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई है। मामला जिले के सदर थाना और मेहंदिया थाना इलाके का है, जहां प्रेम प्रसंग में तीन लड़कियां भाग चुकी है और पुलिस उन्हें तलाश करने में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर थाने क्षेत्र के मुरादपुर हुजरा और वालीदाद इलाके से भाग गई। पुलिस ने तीनों ही मामले में अपहरण का मामला - दर्ज कर उन्हें तलाश करने में जुटी हुई है मुरादपुर हुजरा मामले में विनोद चौधरी और मेहंदिया थाने इलाके के मामले में भोजपुर के मोहम्मद सोहेल पर प्राथमिक दर्ज कर ली गई है।

# सुधीर सुमन की कविताओं में यथार्थ को बदलने की छटपटाहट है : सुरेश कांटक

प्रात : किरण संवाददाता



आरा : बाल हिन्दी पुस्तकालय आरा में जन संस्कृति मंच की ओर से सुधीर सुमन के कविता-संग्रह 'सपना और सच ' का लोकार्पण और उस पर बातचीत हुई, जिसकी अध्यक्षता कथाकार नीरज सिंह, कथाकार सुरेश काँटक, आलोचक रवींद्रनाथ राय और कवि-आलोचक जितेंद्र कुमार ने की। संचालन कवि सुमन कुमार सिंह ने किया। पहले सुधीर सुमन ने अपनी कविताओं का पाठ किया। नीरज सिंह ने कहा कि सुधीर सुमन की कविताओं में वैश्विक और स्थानीय चिंताएँ घुली-मिली हुई हैं। इनमें आज के समय की व्यवस्था का आतंककारी स्वरूप नजर आता है। चारों तरफ प्रलोभन और झूठ का जो बाजार है, ये कविताएँ उसका प्रतिकार है।

रवींद्रनाथ राय ने कहा कि कवि यथास्थितिवाद, मध्यवर्गीय संस्कार और आज के अर्थतंत्र से टकराता है। उनकी कविता जीवन को बेहतर बनाने के सपने की कविता है। जितेंद कुमार ने 'फुटपाथ पर सोया बूढ़ा' कविता की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें गांधी, एमएफ हुसैन और कबीर के चेहरे दिखते हैं। सुधीर सुमन की काव्य-पंक्तियों और काव्य-भाषा पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। कथाकार सुरेश कांटक ने कहा कि इन कविताओं में यथार्थ को बदलने की छटपटाहट है। इनमें स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का सपना है।

सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि सुधीर सुमन अपनी कविताओं में यथार्थ के छोटे-छोटे टुकड़ों और दृश्यों के जरिए हमारे समय के पूरे सच को व्यक्त करते हैं। इनमें नवपूंजीवाद की तिकड़में और समय की क्रूरता दर्ज है। मासूम बच्चे, बूढ़े, नौजवान और औरतें- सब इस समय के क्रूर पंजे में जकड़े हुए हैं। ऐसे वक्त में कवि की कविताएँ संघर्ष के तरीकें बताती हैं। इनकी कविताओं में वास्तविक प्रेम की चाह और नकली प्रेम का अस्वीकार है। जो सफलता के प्रचलित मानदंड हैं, उनको निरर्थक साबित करती हैं।

सुधीर सुमन की कविताओं में ख्वाब , कामना और विचारधारा के पक्ष में एकप्रकार की गुथमगुथी है। चॉइसलेस अवेयरनेस, स्पोंटेनियस रिएक्शन, मोरालिटी के सिद्धांत इत्यादि मिलकर कवि का समाजशास्त्र निर्मित करते हैं। इनकी कविताओं में जो परिवेश निर्मित हुआ है उसमें निश्चित तौर पर बाहरी परिवेश की संलिप्तता है लेकिन कविताओं का कैरिकेचर कवि के भीतरी परिवेश से निर्मित हुआ है। यहाँ कवि का अपना विजन स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।

राजेश कमल ने कहा कि सुधीर सुमन कई विधाओं में लिखते रहे हैं, पर मूल रूप से कवि ही हैं। ये जीवन, मनुष्यता और संबंध की कविताएँ लिखते हैं। इनमें बाहर से लाया हुआ कुछ नहीं है, जो है स्वतःस्फूर्त है। डॉ. सिद्धनाथ सागर ने कहा कि सुधीर की कविताएँ सचेत काव्य सृजन का उदाहरण हैं। वे तमाम बंदिशों और गुलामी से आजादी चाहते हैं। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, नक्सलबाड़ी और वर्तमान समय की सामाजिक-सांस्कृतिक और राजनीतिक अनुगूंजें हैं।कवि सुमन कुमार सिंह ने कहा कि सुधीर की कविताएँ हमारे समय के स्वप्न और यथार्थ के द्वंद्व को तमाम पहलुओं से रेखांकित करती हुई सचेत करती हैं। इन कविताओं का रूपक काफी जमीनी है ।जनार्दन मिश्र ने कहा कि ये वैचारिक संचेतना के कवि है। हरेराम सिंह ने कहा कि इनकी कविताओं को पढ़ने के दौरान कहानी और उपनस पढ़ने का सुख मिला। इनमें व्यापक बेचैनी, दुख और घटनाओं का तानाबाना है।

वरिष्ठ पत्रकार गुंजन सिन्हा ने कहा कि कविताओं के साथ वर्ष का भी उल्लेख होना चाहिए।संतोष श्रेयांश ने कहा कि इनमें झूठी संवेदनाओं के विरुद्ध सजग दुष्टि पैदा करने की आकांक्षा है।संजय कुमार ने कहा कि उनकी सुधीर सुमन से 35 वर्षों से अधिक समय की दोस्ती है। उन्होंने उनको रात-दिन हमेशा वैचारिक-साहित्यिक व्यस्तताओं में पाया। धन्यवाद ज्ञापन शमशाद प्रेम ने किया। इस अवसर पर सुनील श्रीवास्तव, संजीव सिन्हा, विजय कुमार सिंह, कुमार मुकुल, राजाराम प्रियदर्शी, अमित मेहता, विजय मेहता, मधु कुमारी, किशोर कुणाल, जितेंद्र जी, सूर्य प्रकाश, सुजीत कुमार आशुतोष कुमार पांडेय, अर्जुन कुमार ठाकुर, अभिनव कुणाल, घनश्याम चौधरी भी मौजूद थे।

## 2005 से अभी तक के सभी मंत्रियों के कार्यकाल का जांच न्यायिक आयोग के द्वारा करा लें : वीरेंद्र गोप

प्रात : किरण संवाददाता



गया।राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा बिहार एड०बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिहार सरकार द्वारा राजद के कोटे के मंत्रियों के कार्यकाल की जांच कराये जाने के निर्णय पर तंज कसते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को हिम्मत है तो 2005 से अभी तक के सभी मंत्रियों के कार्यकाल का जांच न्यायिक आयोग के द्वारा करा लें, दुध का दुध और पानी का पानी साफ हो जायेगा कि कौन कितना दुध के और कौन कितना बीजेपी के वासिंग मशीन में धुले हुए हैं। बीरेन्द्र गोप ने कहा कि विगत सतरह महीने में जो बिहार में युवाओं और बिहार वासियों के लिए हर क्षेत्र में काम हुआ है एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने जो उपलब्धि हासिल की है उससे घबराकर लोगों को ध्यान भटकाने के लिए ये सब किया जा रहा है।ये निर्णय एक थके हुए एवं भाजपा के हाथों की कठपुतली,मजबूर व लाचार मुख्यमंत्री का हताशा का परिचायक है। इसके साथ ही बीरेन्द्र गोप ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीजेपी पार्टी को अपने माँ बताकर माँ के लिए कुछ भी करने की बात पर चूटकी लेते हुए कहा कि सम्राट चौधरी जी का राजनैतिक जननी पिता लालू प्रसाद यादव एवं राजनैतिक जैविक राष्ट्रीय जनता दल रहा है जिन्होंने किसी भी सदन का सदस्य नहीं रहते हुए उन्हें मंत्री बनाया था, तो वे बता सकते हैं कि जिसने उन्हें राजनीति के क्षेत्र में उन्हें जन्म दिया उनके साथ धोखा क्यों किया है। बीरेन्द्र गोप ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अपील करते हुए कहा कि वे द्वेष की भावना को छोड़कर तेजस्वी जी के कार्यकाल में जो काम अधूरा रह गया है उसे पूरा कर अपनी बची-खुची विश्वसनीयता को बरकरार रखें,नहीं तो आनेवाले दिनों में बिहार में अपने बच्चों का कोई नीतीश कुमार नाम नहीं रखने से भी डरेगा कि कहीं ये भी पलटाशन न सिग ले।

## आईटी प्रकोष्ठ की बैठक सोशल मीडिया जिला संयोजक राहुल सिंह के अध्यक्षता मे की गई आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर उक्त बैठक मे सोशल मीडिया के प्रदेश सह संयोजक #शिवनारायणजी और क्षेत्रीय प्रभारी #अमनराय बतौर मुख्य अतिथि ने प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी के मजबुती पर विशेष टिप्स देते हुए लोकसभा चुनाव मे सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिकाओं की बात कही। बूथ स्तर से जिला स्तर तक सोशल मीडिया और आईटी टीम को मजबुत करने, केन्द्र सरकार की योजनाओ का प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि के साथ शुरू हुआ। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और फूल-माला के साथ हुआ। बैठक मे जिला प्रवक्ता राजेश सिंह जी, जिला आईटी सह संयोजक निरंजन तिवारी जी, अमन पान्डेय जी, रवि रंजन जी,अगिआंव विधानसभा संयोजक अनिल सिंह जी, बड़हरा विधानसभा संयोजक विवेक सिंह जी, शाहपुर विधानसभा संयोजक सुजीत कुमार दुबे जी सहित सभी पदाधिकारीगण शामिल हुए।

## मगध आयुक्त ने दिया निर्देश सीमावर्ती क्षेत्र के पदाधिकारी के बीच करें समन्वय स्थापित

प्रात : किरण संवाददाता



गया। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन तथा संयुक्त नक्सल विरोधी अभियान में समन्वय हेतु बिहार एवं झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र के पदाधिकारी के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु आज आयुक्त मगध प्रमंडल एवं पुलिस महानिरीक्षक मगध प्रक्षेत्र की संयुक्त अध्यक्षता में पुलिस महानिरीक्षक बोकारो प्रक्षेत्र, पुलिस महानिरीक्षक पलामू क्षेत्र, पुलिस उप महा निरीक्षक मुंगेर क्षेत्र, पुलिस उप महानिरीक्षक शाहाबाद क्षेत्र, पुलिस उप महानिरीक्षक डेहरी ऑन सोन, उप महानिरीक्षक अभियान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल बोकारो रेंज, पुलिस उपमहानिरीक्षक हजारीबाग, उपायुक्त पलामू, उपायुक्त चतरा, उपायुक्त हजारीबाग, उपायुक्त कोडरमा, उपायुक्त गिरिडीह, जिला पदाधिकारी गया, जिला पदाधिकारी नवादा, जिला पदाधिकारी औरंगाबाद, जिला पदाधिकारी अरवल, जिला पदाधिकारी जहानाबाद, वरीय पुलिस अधीक्षक गया, पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद, पुलिस अधीक्षक नवादा, पुलिस अधीक्षक अरवल, पुलिस अधीक्षक जहानाबाद, पुलिस अधीक्षक जमुई, पुलिस अधीक्षक रोहतास, समादेष्टा 203 कोबरा बरही, झारखंड राज्य के विभिन्न सीमावर्ती जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ बिहार एवं झारखंड के विभिन्न केंद्रीय एजेंसीज सीआरपीएफ, कोबरा, एसएसबी इत्यादि के वरीय अधिकारी के साथ बैठक करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए हैं।

आयुक्त मगध प्रमंडल एवं पुलिस महानिरीक्षक मगध प्रक्षेत्र ने आए सभी पदाधिकारी को समीक्षा के दौरान मुख्य रूप से कहा कि विभिन्न राज्यों से जुड़े बॉर्डर क्षेत्र में आपसी समन्वय हेतु प्रत्येक जिले से एक नोडल ऑफिसर की तैनाती पर चर्चा की गई। सीमावर्ती क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी के बीच आपसी समन्वय की दिशा में मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान अति आवश्यक है। अपराधियों एवं आसामाजिक तत्वों की सूची का आदान-प्रदान उनके संबंध में आसूचना संकलन एवं साझाकरण और उनके विरुद्ध अभियान चलाकर निरोधात्मक करवाई करना अति आवश्यक है। नक्सली एवं सांप्रदायिक घटना से संबंधित आसूचनाओं का आदान-प्रदान काफी जरूरी है। विभिन्न नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संयुक्त रूप से लगातार नक्सली अभियान चलावे। अफीम की अवैध खेती की पहचान करते हुए उनके रोकथाम हेतु निरोधात्मक कार्रवाई हेतु उचित कदम उठावे। अवैध अग्नियास्त्र तथा विस्फोटक सामग्री की तस्करी रोकथाम हेतु विभिन्न नाका एवं चेक पोस्ट लगाकर जांच अभियान चलावे। अवैध शराब तथा मादक पदार्थों के परी संरचना के विरुद्ध ठोस कार्रवाई विशेष रूप से बिहार राज्य पूर्ण रूप से मध्य निषेध की पृष्ठभूमि में है इसे पूरी सख्ती से पालन करवाए।

चुनाव पूर्व, चुनाव के दिन तथा चुनाव पश्चात निर्वाचन संबंधी प्रावधान नियम एवं कानून के क्रियान्वयन करने में सभी पदाधिकारी सहयोग करें। राजनीतिक रूप से सक्रिय व्यक्ति,आसामाजिक तत्व जो चुनाव प्रक्रिया में बाधा डाल सकते हैं उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करें। सांप्रदायिक अथवा जातीये तनाव जो, चुनाव प्रक्रिया को अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर सकते हैं उन पर नियंत्रण हेतु अभी से ही निरोधात्मक एवं सुरक्षात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सीमा पर पर्याप्त संख्या में चेक पोस्ट की स्थापना और उन्हें पूर्वकालिक क्रियाशील करना सुनिश्चित करें। मुख्य मार्गो, संपर्क पथों एवं नदी क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र, कच्ची सड़क में सघन पेट्रोलियम की व्यवस्था करवाना तथा गाड़ियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सघन एवं प्रभावी जांच करना सुनिश्चित करें। संवेदनशील स्थानों पर ०१३ दलों की तैनाती सुनिश्चित करें। नेशनल हाईवे ए स्टेट हाईवे एवं अन्य मुख्य मार्गो पर आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी लगाकर मॉनिटरिंग की व्यवस्था करवाये। अंतर राज्य बॉर्डर पर वाहनों का सघन एवं औचक निरीक्षण अति आवश्यक है।

अंतर राज्य आपराधिक गिरोह की सक्रियता एवं कार्यवाही पर पूरी सख्ती से छापेमारी करावे। इस बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस महानिरीक्षक मगध पर क्षेत्र ने कहा कि कालेश्वरी फॉरेस्ट एरिया गया हजारीबाग चतरा में जुड़ता है। इसपर नक्सल प्रभावित को देखते हुए अभी से ही पूरी चौकसी की आवश्यकता है। सभी केंद्रीय एजेंसी सीआरपीएफ एसएसबी सहित अन्य कमांडो की टीम अपने क्षेत्र में लगातार ऑपरेशन चलते रहें हैं। गया जिले के नक्सली क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रभावी रूप से नक्सली के विरुद्ध इफेक्टिव करवाई किया है जिसमें 185 से ऊपर नक्सली प्रवृत्ति के अपराधियों को पकड़ा गया है इसके साथ ही कई प्रकार के विस्फोटक एवं सामग्रियों को भी रिकवर किया गया है। पुलिस प्रशासन का प्रयास है कि हर हाल में नक्सली एक्टिविटी को रोक लगाया जाए।

## आगामी लोभा चुनाव 2024 के मद्देनजर गठित कोषांगों से संबंधित बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी-सह- निर्वाचन पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर गठित कोषांगों से संबंधित बैठक आयोजित की गई। जिले में चुनाव को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए 22 कोषांग का गठन किया गया है। विदित हो कि जिले में कुल 558 बुथों पर निर्वाचन कार्य किया जाना है। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के नोडल एवं सहायक पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को संपादित करने का निदेश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि चुनाव संबंधित कार्यो को जिम्मेदारी पूर्वक लेकर गंभीरता से संपन्न करेंगे ताकि कार्य त्रुटिरहित किया जा सके। इसके साथ ही सभी नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक कोषांग का व्हाट्सएप ग्रुप बना लिया जाय। जिससे कि कोषांग में चुनाव संबंधित हर तरह का अपडेट सभी को मिल सके। बैठक में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पसाबा एसोसिएशन का तीन पदों का चुनाव हुआ सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी।प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले शहर के बसंत बाग स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल के परिसर में समान्य बैठक आयोजित की गई।

जिसमें सर्व सम्मति से तीन पद चयनित किए गए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नवीन कुमार मिश्रा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया, सचिव पद के लिए कौशलेंद्र कुमार को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद हारुन रशीद को सर्व समिति से चुना गया। उक्त बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने सहमति जताते हुए खुशी जाहिर किया और अपना-अपना विचार भी व्यक्त किया वहीं उक्त बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष समायल अहमद के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने एवं उनके आदेश को पालन करने व चलने का भी न निर्णय लिया गया। उक्त बैठक के दौरान शशि कुमार सिंह,तुलसी प्रसाद, विरेन्द्र कुमार, रंजीत कुमार, मो दानिश, सतीष शर्मा, कुणाल कुमार, अनीसुर रहमान आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के नई शिक्षा नीति में शिक्षा मे बढ़ावा मिला : डॉ. मनीष पंकज मिश्र

प्रात : किरण संवाददाता



गया।भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाजपा नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से औपचारिक मुलाकात कर देश में शिक्षा में नई शिक्षा नीति एवं केंद्रीय विद्यालय को देश में संख्या बढ़ाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कुशल नेतृत्व में शिक्षा जगत में देश में और कई केंदीय विश्वविद्यालय, आई आई एम बनेंगे और गया शहर के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली गई है।

## पूर्ववर्ती छात्र संघ के कार्यकारिणी की बैठक

आरा। महाराजा कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र संघ के कार्यकारिणी की बैठक संघ के अध्यक्ष पूर्व कुलपति डॉ दुर्गाविजय सिंह की अध्यक्षता में हुई।बैठक में पूर्ववर्ती छात्र संघ के सम्मेलन के आयोजन पर विचार विमर्श किया गया। संघ के महासचिव डॉ निर्मल कुमार सिंह ने बताया कि इस बार पूर्ववर्ती छात्र संघ का सम्मेलन महाराजा कॉलेज के सभागार में होगा।विचार विमर्श के बाद आयोजन की तिथि 17 मार्च निर्धारित की गयी है।सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकारिणी के सदस्यों को कई जिम्मेवारी सौंपी गयी है। कार्यकारिणी सदस्यों को अधिक से अधिक पूर्ववर्ती छात्रों को संघ से जोड़ने के लिए कहा गया है। सम्मेलन में अतिथियों को आमंत्रित करने के लिए डॉ निर्मल कुमार सिंह को अधिकृत किया गया। बैठक में पूर्व प्राचार्य डॉ सुरेंद्र नारायण सिंह, प्रो बलिराज ठाकुर, प्राचार्य डॉ ओपी राय, प्रो मिथिलेश कुमार पाण्डेय, अवधेश कुमार पाण्डेय, शिव प्रताप सिंह, डॉ मनीष तिवारी, डॉ पंकज कुमार, सुनील कुमार सिंह, महाराजा लॉ कॉलेज के संजय कुमार सिंह मौजूद थे।

## आनंद मार्ग गुरुकुल यूनिवर्सिटी के उप कुलपति आचार्य स्वरूपानंद अवधूत के निधन पर शोक

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ सन्यासी आचार्य स्वरूपानंद अवधूत का निधन आज सिंगापुर में आनंद मार्ग के अनुयायियों के बीच आध्यात्मिक उद्बोधन के पश्चात अचानक उनका निधन हृदय गति रुक जाने के कारण हो गया। आचार्य स्वरूपानंद अवधूत आनंद मार्ग की स्थापना 1955 में हुई थी स्थापना काल से ही आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी के आध्यात्मिक प्रेरणादायक विचारों से प्रभावित होकर सन्यास धर्म को अपनाए आनंद मार्ग संस्था में उनका परिचय आचार्य स्वरूपानंद अवधूत के नाम से हुआ। आनंद मार्ग के हेड क्वार्टर आनंद नगर में उन्होंने 1975 में स्वर्गीय इंदिरा गांधी की सरकार के आपातकाल के दौरान सरकार के दमनकारी नीति से नष्ट किए गए आनंद मार्ग के स्कूल, कॉलेज को आचार्य स्वरूपानंद अवधूत ने पुनः स्थापित किया, इस दौरान वामपंथियों का भी कहर जारी था, परंतु यह एक ऐसे वीर सन्यासी थे की आनं नगर कभी नहीं छोड़ा एवं आनंद मार्ग गुरुकुल यूनिवर्सिटी के उप कुलपति भी थे हाल ही में उन्होंने आनंद मार्ग के मुख्यालय आनंद नगर में बीएड कॉलेज की स्थापना की थी बहुत ही मृदु भाषी सन्यासी थे पिछले दिनों सिंगापुर धर्म प्रचार के लिए गए हुए थे वही अचानक उनका निधन आनंद मार्ग के उपस्थित भक्तों के बीच हो गया। इस घटना से पूरा आनंद मार्ग विश्व परिवार औरंगाबाद शोक में है।

## नितीश कुमार के नेतृत्व में विकास की बुलंदियों को छू रहा है : रौशन पटेल

अरवल। जदयू नेता रौशन पटेल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर अरवल जिले में विकास कार्यो की जानकारी दी एंव विकास संबंधी विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा! युवा नेता ने बताया कि मुख्यमंत्री के द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि जो भी जनहित संबंधी कार्यो में बिलंब हो रहा है उसे जल्द ही पुरा करवाया जायेगा। उन्होने जनसमस्याओं से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अवगत कराया ! मुख्यमंत्री ने गंभीरता से सुनते हुये उन विषयों पर तत्कालिक कारवायी की बात कही है ! कहा कि बिते 18 सालो से लगातार बिहार नीतिश कुमार के नेतृत्व में विकास की बुलंदियों को छु रहा है और आगे भी विकास कार्य निरंतर होता रहेगा! उन्होंने कहा कि नीतीश के काम के बदौलत ही आज देश ही नही बल्कि विश्व में बिहार का नाम हो रहा है ।

## रोजगार के सवाल पर इंकलाबी नौजवान सभा ने किया जनमत संग्रह

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) की ओर से घोषित रोजगार की स्थितियों पर आरवाईए द्वारा भोजपुर में विभिन्न स्थानों पर जनमत संग्रह कराई गई। जिसमें बड़ी संख्या में नौजवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपना मत दिया। इस जनमत संग्रह में युवाओं से तीन सवाल पूछे गए।

1। दस साल में 30 लाख सरकारी नौकरियों के रिक्त पद भारा जाना चाहिए की नही ?

2। बेरोजगार नौजवानों के लिए 10000 बेरोजगारी भत्ता की मांग करना क्या गलत है ?

3।क्या सेवा में 4 साल के लिए ठेका पर बहाली सही है ? इन सवालों पर क्षेत्र के युवाओं ने मत पेटी में अपना मत दिया। इस मौके पर आरवाईए के जिला अध्यक्ष निरंजन केसरी ने कहा कि पिछले दस साल के मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है। नौकरियों के 30 लाख से ज्यादा खाली पदों को दस साल में नहीं भरा गया और ऊपर से पहले से मौजूद पदों को खत्म भी किया गया। भारतीय रेलवे में 3 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं लेकिन मोदी सरकार की इसे भरने में कोई रूचि नहीं है। रेलवे को नीलामी के बाजार में रख दिया गया है। ट्रेन, स्टेशन, प्लेटफार्म, रूट, स्टेडियम, स्कूल बेचे जा रहे हैं और बड़े पैमाने पर ठेकाकरण किया जा रहा है।सेना में अग्निपथ योजना लाकर बहाली को ठेका पर कर नौजवानों के भविष्य पर बुल्डोजर चलाया गया। इसलिए आज आरवाईए देश भर में रोजगार की स्थिति पर 'यंग इंडिया जनमत संग्रह' कर रही है। इस जनमत संग्रह के बाद 28 फरवरी को आयोजित दिल्ली में जंतर मंतर पर आयोजित यंग इंडिया रैली में इस जनमत संग्रह का परिणाम घोषित की जाएगी। और जिन नौजवानों के हाथ को काम चाहिए उनके हाथ में तलवार थमा कर मुसलमानों का मोहल्ला दिखा दिया जा रहा है। रोजगार चाहने वाले हाथ में नफरत परोसा जा रहा है और इस दौर को अमृत काल बताया जा रहा है। ऐसे समय में नौजवानों की यह जिम्मेदारी है की वो इस तबाही बबार्दी के खिलाफ बहादुरी से खड़े हों उन्होंने बताया तमाम प्रगतिशील छात्र-युवा संगठनों एवम् आंदोलनों का संयुक्त मंच यंग इंडिया द्वारा आगामी 28 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर '2024 लोकसभा चुनाव का एजेंडा तय करेगा यंग इंडिया' के नारे के साथ 'चलो दिल्ली-यंग इंडिया रैली' का आह्वान किया गया है यह आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा-आरएसएस के नफरती एजेंडे के खिलाफ शिक्षा-रोजगार को केंद्रीय मुख्य मुद्दा बनाने का एक साझा प्रयास है। उन्होंने छात्र-नौजवानों से इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई।

## ग्रामवासियों में सार्वजनिक चबूतरे के निर्माण से लोगों में खुशी

प्रात : किरण संवाददाता



भभुआ। राससं- बिहार राज्य षष्टम मद से जिला परिषद निधि से 212000 (दो लाख बारह हजार )की लागत से चबूतरे का निर्माण कराया गया है। जिला पार्षद सदस्य विकास सिंह ने उद्घाटन समारोह के बाद प्रेस को बताया कि चुनाव के समय ग्रामीण जनता के बीच जब मैं आया तो ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताई थी और चबूतरे का मांग कि गयी थी मैं चुनाव मे वादा किया था की चुनाव जीत कर चबूतरा का निर्माण कराऊंगा जिस वादे को मैंने पूरा किया। आज ग्रामीणों में खुशी की माहौल है गांव के जनता ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया खुशी मे लड्डू बाट कर खुशी जाहिर किया गाँव के बड़े बुजुर्गो ने कार्य का सरहना करते हूए धन्यवाद दिया गाँव मे चबूरता बन जाने से हर तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हो या बैठक करना हो हर तरह से ग्रामीण जनता को लाभ मिलेगा अब आसानी से महिलाये भी समूह मे बैठक या तैव्हारो मे पूजा पाठ कर सकती है! हर गाँव मॉडल और सुन्दर बने इसके लिए हर तरह से प्रयास किया जायेगा। मौके पर कृष्णानंद सिंह, पुष्पराज पटेल, किशोर सिंह,लालू चौहान, अरविन्द कुशवाहा, सिपाही चौहान,प्रभात सिंह,गोपाल चंद्रवंशी, गुड्डू गोंड, रामजन्म कहार सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

## सिल्ली शौंडिक जागरण मंच सिल्ली मुरी की केन्द्रीय समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



रांची। सिल्ली शौंडिक जागरण मंच सिल्ली मुरी की केन्द्रीय समिति की बैठक मंच के अध्यक्ष राधेशयाम साहु जी की अध्यक्षता में हुई अपने स्वागत भाषण में राधेश्याम साहु ने मंचासिन अतिथियों को माला बुके से स्वागत करते हुए संबोधन में अपने संगठन के सभी गतिविधियों पर प्रकाश डाला, स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सिल्ली मुरी की सुश्री पाठक ने सभी का स्वागत किया।मंच पर जिसमें मुख्य संरक्षक कुमुद प्रसाद साहु, संरक्षक दिनेश प्रसाद साहु, मुकेश साहु, रूपेश साहु, झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु , प्रधान संरक्षक निर्मल साहु, विषेश रूप से उपस्थित थे। सिल्ली शौंडिक जागरण मंच के शौंडिक भवन धर्मशाला परिसर के खाली जमीन पर फेवर ब्लॉक, शेड निर्माण, कार्य शुरू करने में लागत खर्च का आकलन कर संरक्षक गनों से आर्थिक राशि उपलब्ध कराने में सहयोग करने पर चर्चा हुई। मंच संचालन सचिव सुधिर साहु कर रहे थे। मंच के नव निर्वाचित कोशाध्यक्ष राजेश साहु ने खाता बही की बात रखी जिसे केन्द्रीय समिति ने स्वीकार कर जल्द समाधान हो जानें की बात कही। संरक्षक दिनेश प्रसाद साहु ने बिंदुवार अनेक मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि संगठन की गति विधि को आम जनों तक ले जाने की जरुरत बताया, प्रधान संरक्षक निर्मल साहु ने जागरण मंच द्वारा पिछले दो दशकों से संगठन द्वारा संचालित कार्यक्रमों की बात रखी।

## संक्षिप्त खबरें

### 2 देशी बंदूक व कारतूस के साथ 7 शातिर धराया: एसपी सिटी

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में मिशन सुरक्षा के तहत कई क्षेत्र इलाके में पुलिस गतिविधि तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में नाथनगर थाना पुलिस ने 2 देशी बंदूक व कारतूस के साथ 7 अभियुक्त को गरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि विगत 17 फरवरी को वरीय पुलिस अधीक्षक को नाथनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत अवैध हथियार के बारे में गुप्त सूचना के तहत जानकारी मिली थी। उक्त मिली जानकारी के तहत प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। वही गठित टीम द्वारा इलाके में सुनियोजित तरीके से मो. इतियाक के घर दबिश देकर मौके से एक देशी बंदूक के साथ साथ 9 कारतूस को बरामद किया तो वही पुलिस टीम ने मो. नबी हसन के घर से एक देशी बंदूक बरामद किया गया है। उक्त आशय की जानकारी एसपी नगर के कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसपी मि. राज ने देते हुए कहा कि बरामद हथियार के खरीद फरोख्त करने के मामले में मो. इश्तियाक, मो. नबी हसन सहित 7 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वही गिरफ्तार अभियुक्त में मो. इश्तियाक पिता मो. जैनुल आबदिन साकिन हसनाबाद, मो. नबी हसन पिता मो. नईम, साकिन चम्पानगर, मो. मोजिब अंसारी पिता मो. हाजिद जमिल साकिन हसनाबाद, साबिर अंसारी, पिता मो. यहिया नसीम अंसारी, साकिन हसनाबाद, मो. असद अंसारी पिता मो. आलम अंसारी साकिन हसनाबाद, मो. आफताब पिता मो. कुदुस, मो. मोकरम, पिता मो. जुम्मन व मो. साकिर अंसारी, पिता मो.साबिर अंसारी साकिन हसनाबाद, सभी थाना नाथनगर भागलपुर शामिल हैं। इन लोगों के पास से पुलिस टीम द्वारा दो देशी बंदूक, कारतूस 9 व मोबाईल 5 बरामदगी की है। वही उन्होंने कहा कि पुलिस टीम ने अपने कुशल नेतृत्व में सराहनीय कार्य किया है।

### जख्मी किए जाने के बाद भी अपराधी तत्व के लोग कर रहे रैकी : सरपंच परिवार

नवगछिया (भागलपुर)। विगत 14 फरवरी सरस्वती पूजा की देर रात ढोलबज्जा गांव में नाच गाने के दौरान स्थानीय पंचायत के सरपंच सुशांत कुमार पर असमाजिक तत्वों के द्वारा अचानक जानलेवा हमला कर जख्मी कर दिए जाने का मामला सामने आने के बाद अभी भी अपराधियों गिरोह के लोगों ने उनका पीछा नहीं छोड़ा है। मामले को लेकर अपराधी लगातार सरपंच सुशांत कुमार व उसके भाई जदयू नेता प्रशांत कुमार उर्फ कन्हैया की जगह जगह रैकी कर मौके की ताक में लगे हुए हैं। वही मामले को लेकर पीड़ित सरपंच प्रशांत ने संबंधित मामले को लेकर देर रात फोन पर स्थानीय थाना पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि वह आज करीब चार बजे लीची अड्डा के पास अपनी खेत घुमने गया था। जहां दो मोटरसाइकिल पर सवार कुल चार नकाबपोश लोग आए उसके बाद एक एस्कार्पियो भी मौके पर पहुंचा था, जिस पर अज्ञात लोग सवार थे। जो गाड़ी से उतर कर मेरे तरफ आना चाह रहे थे तो कभी एक दुसरे की तरफ से मेरे ओर इशारा कर संबंधित अपने लोगों को कुछ बताते हुए जानकारी दी जा रही थी। वही इस घटना को लेकर सरपंच व उसके परिवार के लोग डरे सहमे चल रहे हैं। वही मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिससे सरपंच व उसके परिवार सदस्यों के बीच किसी बड़ी घटना का संसय ले आशंका जताई है।

### विभागीय क्रियान्वयन योजनाओं को लेकर हुई समीक्षा बैठक : मंत्री

भागलपुर। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन प्रांगण में बिहार सरकार समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण व ग्रामीण विकास विभाग के बिहार सरकार मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा जिला के सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की उपस्थिति में क्रियान्वयन योजनाओं की प्रगति की अध्यतन जांच के साथ समीक्षा की। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी नेहा नूपुर ने ओल्ड एज होम, बालगृह, पर्यवेक्षक गृह की स्थिति से मंत्री को अवगत कराया साथ ही परवरिश योजना की प्रगति से भी अवगत कराया गया। वहीं दूसरी तरफ जिला प्रोग्राम पदाधिकारी समेकित बाल विकास योजनाएं द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति से मंत्री श्रवण कुमार को अवगत कराया गया है।

# कहलगांव नगर पंचायत क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण आयोजित

## यात्रा के माध्यम से दो विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों से आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया

प्रात : किरण संवाददाता



कहलगांव/ भागलपुर। भारत सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण कहलगांव नगर पंचायत क्षेत्र में आयोजित किया गया। यात्रा के माध्यम से दो विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया । कहलगांव के नगरीय क्षेत्रों में किला दुर्गा स्थान वार्ड संख्या 7 तथा विषहरी स्थान, चौधरी टोला वार्ड संख्या 13 में पहुंची। दोनों ही कार्यक्रमों में आम जनता के लिए कहलगांव नगर पंचायत कार्यालय द्वारा द्वारा क्षेत्र की आम जनता के लिए विभिन्न योजनाओं का कैंप लगाकर सेवाएँ प्रदान की गईं । इनमें उज्ज्वला योजना,आधार अपडेशन, पीएम स्वनिधि, आयुष्मान भारत तथा पीएम आवास योजना प्रमुख थी।इस अवसर पर वार्ड संख्या 7 की पार्षद श्वेता गुप्ता, वार्ड संख्या 8 के पार्षद अजय कुमार साहनी, वार्ड संख्या 9 की पार्षद एकता कुमारी, वार्ड संख्या 10 की पार्षद स्नेहा कुमारी भी उपस्थित थे। सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता से बढ़ चढ़कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया गया। कहलगांव नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी सोनी कुमारी द्वारा उपस्थित आम जनता को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्राह्न का उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता का लक्ष्य हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक तरीके से आसानी से पहुंचे। इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना, उज्ज्वला योजना तथा आयुष्मान भारत योजना के लिए लगभग 400 नए लाभार्थियों को जोड़ा गया ।इस यात्रा के दौरान पीएम स्वनिधि योजना व अन्य योजनाओं के अनेक लाभार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा प्रधानमंत्री तथा भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गयी तथा दवा तथा परामर्श प्रदान किया गया ।उज्जवला योजना का भी कैंप लगाकर स्थानीय जनता को लाभ पहुंचाया गया एवं जागरूक किया गया । स्वास्थ्य जांच टीम में नूतन कुमारी, सुषमा देवी, धीरज कुमार मिश्रा और कुमारी दिव्या थे। यात्रा कार्यक्रम उपस्थित अधिकारियों द्वारा आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई तथा उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

# गूगल मीट के माध्यम से प्रमंडलीय आयुक्त ने झारखंड के संथाल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त के साथ की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता।



मुंगेर। आगामी लोक सभा निर्वाचन के संदर्भ में अन्तर्राज्यीय बॉर्डर सीलिंग सहित विधि व्यवस्था संधारण के संबंध में मुंगेर सह भागलपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने झारखंड राज्य के संथाल परगना प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल व पुलिस उप महानिरीक्षक, भागलपुर, मुंगेर एवं बेगूसराय क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक, संथाल परगना प्रमंडल दुमका अंतर्गत सीमावर्ती जिला गोड्डा, देवघर, दुमका एवं साहेबगंज के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक, मुंगेर एवं भागलपुर प्रमंडल के सभी सीमावर्ती जिलों भागलपुर, बांका, जमुई के जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक के साथ गूगल मीट के माध्यम से बैठक की। मुंगेर सह भागलपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के संदर्भ में पूर्व तैयारी हेतु भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश के आलोक में अन्तर्राज्यीय स्तर पर संबंधित प्रमंडल के आयुक्त, पुलिस उप महानिरीक्षक, उपायुक्त व जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के साथ विधि व्यवस्था संधारण एवं अपराधिक तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु समन्वय स्थापित करने के लिए यह पहली वर्चुअल रूप में बैठक है। पुनः भौतिक रूप से भी इस संबंध में बैठक आयोजित की जायेगी। अन्तर्राज्यीय सीमा पर कड़ाई से निगरानी और जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी चेकपोस्टों को सक्रिय कर वहां पर्याप्त मानव बल की तैनाती आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी चेकपोस्टों पर सीसीटीवी का संस्थापन किया जाना जरूरी है। दोनों राज्य के चेकपोस्ट तर्कसंगत दूरी पर स्थापित की जाय, ताकि प्रभावी रूप से चेकिंग की कार्रवाई किया जा सके। निचले स्तर पर एसडीएम, एसडीपीओ, सीओ, बीडीओ, थाना प्रभारी एक दूसरे से संपर्क में रहकर एवं समन्वय से प्रभावी रूप में जांच-पड़ताल एवं विधि व्यवस्था के संदर्भ में कार्रवाई करे।

# मॉल प्लेस में पार्किंग की व्यवस्था करना अनिवार्य है : डीएम

## शहरी क्षेत्र भवन निर्माण में सोकपीट रखने पर ही होगा नक्शा पास

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिलाधिकारी कार्यालय बेस में डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में शहर की ट्रैफिक, प्रदूषण एवं जल संकट की समस्या के समाधान को लेकर एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के क्रम में जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त नितीन कुमार सिंह को निर्देश दिया गया है कि शहरी क्षेत्र इलाके में अवस्थित विभिन्न मॉल मार्केट स्थल में पार्किंग की व्यवस्था संबंधित मॉल संचालक को करनी है, अगर वे पार्किंग की व्यवस्था नहीं रखते हैं, तो उनके ट्रेडिंग लाइसेंस को रद्द करने की दिशा में कार्रवाई की जाय, साथ ही उन्होंने कहा कि सभी चिन्हित मॉल मार्केटिंग प्लेस की जांच करवाने के भी निर्देश दिये है। वही उन्होंने कहा कि अब निगम शहरी क्षेत्र में भवन का नक्शा पास करने के समय यह जांच कर देखा जाए कि भवन में सोकपीट शामिल है या नहीं साथ ही उन्होंने कहा है कि भागलपुर जैसे शहर जो गंगा नदी के तट पर अवस्थित है। जहां पानी का लेवल एक सौ फीट से अधिक नीचे स्तर पर हो तो आने वाले दिनों में जल संकट संभावित है। भविष्य में जल संकट उत्पन्न न हो इसके लिए वाटर रिचार्ज की व्यवस्था करनी होगी, साथ ही इसके लिए सभी भवनों में सोकपीट शामिल रहे ये ध्यान देने की जरूरत है, साथ ही उन्होंने पुराने भवनों के मालिकों को भी सोकपीट बनवाने की अपील करने की बात कही है। वही डीएम ने कहा कि संबंधित भवनों के मालिकों व उनके केयर टेकर को अपने अपने भवन के छत पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग की भी व्यवस्था करनी होगी, जिससे वर्षा का पानी का वाटर रिचार्ज करने में सदुपयोग किया जा सके। वही उन्होंने कहा कि उन्होंने वाटर रिचार्ज करने तथा सरफेस वाटर रखने के लिए अपने आवासीय परिसर में भी तीन-चार तालाब खुदवाए हैं। भागलपुर के लोगों को भी अपने भाभी पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। वही उन्होंने कहा कि भागलपुर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 290 पर चला गया था। उन्होंने इसके लिए कई प्रयास किये, जिसके कारण यह इंडेक्स अब घटा है।वही उन्होंने बताया कि संबंधित वाहन चालकों को बालू, गिट्टी या धूल उड़ाने वाले वस्तुओं को अपने वाहन पर ढक कर ले जाने की व्यवस्था रखें। वही संबंधित लोगों को अपने भवन निर्माण कार्य सम्पन्न कराने की दिशा में चिन्हित स्थलों को चारों ओर से ढक के कर भवन निर्माण कार्य करवाने की व्यवस्था शामिल है। इस मौके पर संबंधित विभागों के कई पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे थे।

# दिव्यांग के बीच सहायक उपकरण वितरण शिविर का हुआ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता।

भागलपुर। एनटीपीसी कहलगांव के आम्रपाली हॉल प्रांगण में भारत सरकार के द्वारा संचालित राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत विगत दिसंबर माह में हुए पंजीकृत कहलगांव अनुमंडल के दर्जनों वृद्धजनों के बीच सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सांसद अजय कुमार मंडल ने अपने हाथों से वृद्धजनों के बीच सहायता उपकरण बांटे गये थे। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद के प्रतिनिधि सह अध्यक्ष नगर पंचायत कहलगांव के संजीव कुमार, श्रम एवं तकनीकी व जिलाअध्यक्ष राजीव सिंन्हा, जनता दल यूनाइटेड नेता सह मुखिया संघ के अध्यक्ष झुंपा सिंह अरुण कुमार व अन्य एनडीए महागठबंधन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया था। इस शिविर में कहलगांव अनुमंडल के सभी प्रखंडों से लगभग 8 सौ पूर्व चयनित वृद्धजनों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण के तहत ऑटोमेटिक संचालित एलएस बेल्ट, स्पाइनल सपोर्ट, व्हीलचेयर विद कमोड, व्हीलचेयर, नी ब्रेस इत्यादि सहायक उपकरण वितरण किया गया। वही इस मौके पर कहलगांव अनुमंडल के महागठबंधन के समर्थक व दर्जनों कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य कई लाभार्थी वृद्धजन मौजूद थे।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व अखंड रामधुन महायज्ञ का किया भव्य आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

नवगछिया (भागलपुर)। नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत सिंहपुर पुरब पंचायत स्थित वार्ड संख्या- 7 शर्मा टोला मधुरापुर बाजार प्रांगण में नवनिर्मित श्री श्री 108 राम व हनुमान मंदिर में स्थापित प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा व अखंड रामधुन महायज्ञ आयोजन को लेकर स्थानीय ग्रामीणो के सौजन्य से 551 नव विवाहिता एवं कुंआरी कन्याओं के द्वारा गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सभी महिलाओं व युवतियों ने अपने सिर पर कलश ले झूमते नाचते दिखे तो वही इस शोभायात्रा में रथ पर सवार राम दरबार, हनुमान, माता-पिता को कंधे पर लिये श्रवण कुमार की झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र बना दिख रहा था। वही कलश शोभायात्रा मधुरापुर के विभिन्न मार्ग समेत बलाहा होते हुए गंगाघाट चकरामी में पहुंची जहां पंडित मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे थे। जहां वैदिक प्रख्यात विद्वानों के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन कर स्थापित किया गया। वही कार्यक्रम को लेकर अध्यक्ष दुगार्कांत शर्मा ने बताया कि छः दिवसीय कार्यक्रम के तहत आगामी सोमवार तक यह प्राण प्रतिष्ठिता महोत्सव के चलेगा, तो वही इस पूरे यज्ञ प्रांगण में आगामी मंगलवार से गुरूवार तक अखंड रामधुन सकीर्तन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। वही कार्यक्रम के आयोजक सदस्य व मूर्तिकार राजू रजक ने बताया कि छह दिवसीय कार्यक्रम को लेकर भगवान गणेश, सीता-राम दरबार, राधाकृष्ण, शिव-पार्वती, लक्ष्मी-नारायण, वीर हनुमान, श्री नरसिंह समेत विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमा यज्ञ स्थल पर स्थापित की गयी है। वही समाजसेवी अनिल यादव की अगुवाई में सैकड़ो घोड़े सजधर सीताराम धून पर नाचते दिख रहे थे। मंडप इलेक्ट्रॉनिक कनेक्शन युक्त घुमावदार मंडप में कलाकारों द्वारा रामधुन संकीर्तन का भव्य आयोजन की नींव रखी गई है। मौके पर हरेराम शर्मा (जविवि), पैक्स अध्यक्ष सुभाष यादव, प्रो अजीत कुमार, पंकज पोद्दार, दिवाकर शर्मा, रंजीत गुप्ता, श्याम जैन, शंकर पंडित, विजय शर्मा, संजीव शर्मा, अंजली, सोनी, मुस्कान, सोनी, विमला, सविता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला व पुरूष मौजूद थे। वही यज्ञ स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आयोजन के कमिटी के सदस्य व ग्रामीण के सभी युवा निगरानी सहयोग में लगे हुए दिख रहे थे। वही कार्यक्रम को लेकर भवानीपुर थानाध्यक्ष महेश कुमार दलबल के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहे थे।

# अज्ञात वाहन के धक्के से ग्रामीण हुआ जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। भवानीपुर ओपी थाना परिक्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर स्टेशन रोड स्थित मुख्य सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन के धक्के से स्थानीय मधुरापुर गांव के जयराम महतो गंभीर रूप से जख्मी व घायल हो गया है। वही घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने त्वरित इलाज के लिए जख्मी व घायल ग्रामीण जयराम को पीएचसी नारायणपुर लेजाया गया है। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है। वही सड़क दुर्घटना को लेकर जख्मी जयराम की पत्न ी सेंपु देवी ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध भवानीपुर ओपी थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज करायी है।वही दूसरी तरफ उक्त घटना की जानकारी को लेकर स्थानीय थाना के थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर

# बिजली चोरी का मामला पुलिस ने किया दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसाईं गांव में बिजली चोरी मामले को लेकर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया है। मामले को लेकर जानकारी साझा करते हुए नवगछिया के कनीय अभियंता के द्वारा बताया गया है कि विशेष छापेमारी अभियान के क्रम में स्थानीय गोसाई गांव के राहुल झा, मनीष कुमार एवं परमानंद कुमार के घर पर दबिश देकर अवैध रूप से बिजली जलाने के मामले में जुमार्ना करने के साथ-साथ उपरोक्त सभी नामजद उपभोक्ता के विरुद्ध विभागीय स्तर पर आर्थिक छति का मामला भी दर्ज कराया गया है। वही मामले को लेकर गोपालपुर थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है।

# बैंक का 2 सुरक्षा गार्ड कैश वाहन में अवैध हथियार व फर्जी लाइसेंस के साथ हुआ गिरफ्तार

- दोनों गार्ड की गतिविधि संदिग्ध दिखाई दे रही थी, जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को प्राप्त हुई

प्रात : किरण संवाददाता।

भागलपुर। बैंक का 2 सुरक्षा गार्ड कैश वाहन में अवैध हथियार व फर्जी लाइसेंस के साथ गिरफ्तार हुआ है। मामले को लेकर एसएसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसएसपी आनंद कुमार ने साझा करते हुए कहा कि विगत 17 फरवरी को सरस्वती पूजा विसर्जन एवं वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार बैंक की सुरक्षा हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया था। इसी क्रम में गुलाबी बाग अवस्थित यूको बैंक के पास एक कैश वाहन के पास 2 गार्ड शस्त्र लिये खड़े थे। उक्त दानों गार्ड की गतिविधि संदिग्ध दिखाई दे रही थी, जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को प्राप्त हुई जिसके बाद संदिग्ध गार्ड का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा दोनों गार्ड से हथियार संबंधि वैध कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया, परंतु दानों में से किसी ने हथियार से संबंधित वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किये जिसके तत्पश्चात दोनों गार्ड का अवैध हथियार को जब्त कर लिया गया है, साथ ही संदिग्ध दानों सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त पंकज चौधरी पिता स्व. मोती चौधरी साकिन झखरा थाना शम्भूगंज जिला बांका व नंदु राय पिता स्व. इन्द्रदेव राय साकिन शियाडीह, थाना बाथ जिला भागलपुर के रूप में बताया गया है। इन दिनों के पास से पुलिस टीम ने 2 एकनाली बंदुक, जिन्दा कारतूस 12 व फर्जी बंदुक लाइसेंस 2 की बरामदगी हुई है।

# मारपीट को ले ग्रामीण के विरुद्ध पुलिस ने किया मामला दर्ज

नवगछिया (भागलपुर)। भवानीपुर ओपी थाना परिक्षेत्र के मधुरापुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले को लेकर स्थानीय गांव के गुड्डू अली ने अपने पड़ोस के सोनू अली, अरशद अली, मासूम अली, मुस्तकीम अली, साजिना खातून, मौसम खातून समेत अन्य छह अज्ञात लोगों के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है। उक्त मामले की जानकारी स्थानीय भवानीपुर थाना के थानाध्यक्ष महेश कुमार ने देते हुए बताया कि मारपीट मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी है।

# पूर्व मुखिया पुत्र की पुलिस ने की गिरफ्तारी

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। विगत दिनों पुलिस जिला अंतर्गत रँगरा ओपी थाना क्षेत्र के मुरली गांव में विद्यानंद सिंह एवं उसके तीन पोती पर पेट्रोल छिड़ककर हत्या करने के प्रयास मामले में पुलिस टीम ने अबतक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली है तो वही पुलिस टीम ने घटना के तीसरे आरोपी अभियुक्त की गिरफ्तारी को ले स्थानीय रंगरा पुलिस के द्वारा तकनीकी रूप से अनुसंधान के क्रम में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। ज्ञात हो कि विगत 1 फरवरी की रात सुप्तावस्था में विद्यानंद सिंह एवं उनकी पोती राजनंदनी उर्फ आरती कुमारी, भारती कुमारी एवं भावना कुमारी को एक साथ जिंदा जला कर हत्या करने की नीयत से पेट्रोल छिड़ककर जलाने का प्रयास किया गया था, उक्त घटना में मुरली पंचायत के पूर्व मुखिया सुबोध साह के पुत्र अमित कुमार साह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही मामले को लेकर रँगरा थानाध्यक्ष सुजीत वारसी ने बताया कि मामले को लेकर के तकनीकी स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस के आधार पर संयुक्त रूप से जांच करने के बाद सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई हैं। वही पूर्व में इस मामले में विद्यानंद सिंह के भतीजा प्रभाकर कुमार एवं इसके एक दोस्त सोनू शर्मा की गिरफ्तारी कर जेल भेजा जा चुका है।

# किसी भी चुनाव को जीतने के लिए बूथ एजेंट पार्टी के आंख कान और नाक होते है : राष्ट्रीय सचिव

- लोजपा रामविलास ने खड़गपुर बूथ स्तरीय कमेटी का किया समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर(मुंगेर)। रविवार को जमुई लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले तारापुर विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद क्षेत्र हवेली खड़गपुर के कुल 27 बूथ स्तरीय कमेटी के सदस्यों एवं नगर कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ जमुई लोकसभा बूथ स्तरीय कमेटी के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष सह नाथनगर विधानसभा क्षेत्र के लोजपा प्रत्याशी रहे अमर कुशवाहा जमुई जिला सह लोकसभा के प्रभारी प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने हवेली खड़गपुर मारवाड़ी टोला स्थित प्रज्ञा विवाह भवन के प्रांगण में समीक्षा बैठक किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह मौजूद थे । समीक्षा बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद खड़गपुर के कार्यकारी अध्यक्ष कुमार राज ने किया तो वहीं संचालन विधानसभा के प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी द्वारा किया गया । बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी चुनाव को जीतने के लिए पार्टी का आंख कान एवं नाक बूथ एजेंट होते हैं। जिसके बलबूते हम विधानसभा एवं लोकसभा का चुनाव जीत पाते हैं । पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई के लोकप्रिय सांसद चिराग पासवान ने दूसरी बार चुनाव जीतने के बाद इस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में बड़े-बड़े पुल सड़क सामुदायिक भवन चबूतरा से लेकर खड़गपुर स्थित मनी नदी में पूल जैसे कामों बनवाने का काम किया है । मात्र दो महीना बाद आने वाले चुनाव में अपने लोकप्रिय सांसद का आप सभी साथी उनके हाथों को मजबूत करें । आगे कहा कि आपके सांसद ने जमुई लोकसभा क्षेत्र को विकास के मामले में दुनिया के नक्शे पर पहुंचने का काम किया है जो अपने आप में काबिले तारीफ है । पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह बूथ प्रभारी अमर कुशवाहा ने कहा कि बूथ कमेटी में जातीय समीकरण का पूरा ख्याल रखना है । पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के विजन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट पर विस्तार पूर्वक लोगों को जानकारी दिया । इन्होंने नगर परिषद खड़गपुर की वार्ड पार्षद रूबी देवी, निशा देवी ,पप्पू पासवान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रवि कुमार सहित नगर की उपाध्यक्ष हेमा सिंह, नगर परिषद आईटी सेल के सदानंद नायक सहित बूथ कमेटी के सभी सम्मानित सदस्यों से अपील कर कहा कि बूथ स्तरीय कमेटी को और बेहतर करने के लिए हर जातीय समीकरण का ख्याल रखना अनिवार्य बताया । एक बूथ पर कम से कम तीन लोगों को जोड़ने का भी निर्देश दिया । तो वहीं पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान कहा कि बूथ स्तरीय कमेटी में खड़गपुर नगर से वार्ड पार्षद जैसी महिलाओं ने भी अपनी भागीदारी काम करने के लिए दिया है यह अपने आप में काबिले तारीफ है । आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है । इन्होंने खासकर महिलाओं से अपील कर कहा कि आप सच्चे हृदय के साथ पार्टी संगठन की मजबूती के लिए काम कीजिए । आपको जब जहां और जिस समय आपकी जरूरत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद या पार्टी के किसी भी पदाधिकारी की जरूरत होगी तो उसके लिए हम सभी आपके सुख-दुख में हमेशा खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा । इन्होंने भी बूथ स्तरीय कमेटी के लोगों के साथ-साथ कार्यकारी अध्यक्ष नगर को विशेष निर्देश दिया कि बूथ स्तरीय कमेटी की सूची को और गंभीर बनाएं ताकि अगली बैठक में इसे अंतिम रूप दिया जा सके। समारोह को जिला अध्यक्ष प्रमोद पासवान आईटी सेल के जिला अध्यक्ष रोहित सिंह आईटी सेल जमुई जिला के प्रभारी विनोद कुमार सिंह सहित कई लोगों ने भी संबोधित किया । इसके पूर्व कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी को नगर कमेटी के लोगों ने फूल माला से स्वागत किया । इस मौके पर बूथ स्तरीय कमेटी के लगभग पांच दर्जन से अधिक लोग मौजूद थे ।

# बरियारपुर : नृत्य एवं लघु नाटक ने दर्शकों का मन मोहा

प्रात : किरण संवाददाता।



मुंगेर। अंग नाट्य मंच कार्यालय गांधी पुर में आयोजित तीन दिवसीय 24 वां अंग नाट्य यज्ञ 2024 के तीसरा एवं आखिरी दिन के कार्यक्रम में चार लघु नाटक एवं नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया गया अंग नाट्य यज्ञ, अपने 24 वें वर्ष में है और अपने युवावस्था में, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की अनुषांगिक पूर्वी क्षेत्रीय संस्कृति केंद्र कोलकाता ने इसके इस यज्ञ में अपनी आहुति देकर इसका सहयोग किया है। पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र, भारत सरकार के द्वारा देश भर की क्षेत्रीय कलाओं के संवर्धन के लिए गठित 05 केंद्रों में से एक है जो कलाओं के उन्नयन में लगे हर एक क्षेत्रीय विधा को सहयोग करने को संकल्पित है। कार्यक्रम के आखिरी दिन रविवार को प्रथम नाटक दर्पण नाट्य गोष्टी जलपाईगुड़ी के लेखक महुआ चौधरी एवं चंद्रा चक्रवर्ती निर्देशित लघु नाटक पोरीर बाड़ी का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि एक बूढ़ी औरत अपने पूर्वजों के धर में रहती थी वह भवन पड़ोसियों के द्वारा परी के घर के रूप में जानी जाती थी एक समय की बात है कि उसका सबसे बड़ा पुत्र उस बुढ़ी औरत की पोतोहु कि हत्या कर देता है और यह अफवाह फैला देता है कि उसकी पतोहु आकाश में परी के रुप में विलीन हो गई है तभी से वह घर परी घर के रूप में जानी जाती है वह बूढी औरत भी कभी दूसरे धर्म की माली से प्रेम करती थी परंतु उसका बड़ा भाई उसकी हत्या कर देता है इस घटना को देखकर वह बूढ़ी उस लड़की की भी हत्या कर देती है जो मुस्लिम समुदाय की है और वह इस पश्चाताप में जिंदगी भर बेचैन रहती है कलाकार सुमितेंद्र राय चंद्रानी रतनदीप राय की भूमिका ने लघु नाटक में जान डाल दिया दूसरा लघु नाटक नावा द्वीप कोलकाता के द्वारा शिवांकर चक्रवर्ती लिखित एवं रंजन राय निर्देशित लघु नाटक आकाश आजो नील का मंचन किया गया जिसमें दशार्या गया कि बंगाल में बंगाली भाषा बोलने वाली कुछ लोग जो दूसरे राज्य से आई हुई औरतें हैं वह बर्तनों के बदले पुराने कपड़े के बदले बर्तन खरीद कर अपने पति एवं बच्चों के साथ जीवन यापन करती है यद्यपि गरीबी ही उसका साथी है कभी भी उन्होंने अपने सम्मान के साथ समझौता नहीं किया परंतु कुछ राजनीतिक संपत्ति गुंडे पैसा देकर उन्हें अपने जाल में फंसा कर गलत कार्य करवाते हैं कुछ शराफत लोग इसका विरोध करते हैं परंतु वह शराफत लोग कमजोर होते हैं जिसका असर उन गुंडो पर नहीं होता है परंतु नई पीढ़ी के लोग तकनीकी ज्ञान से उनका समाधान कर देते हैं कहने का तात्पर्य है कि बुरे लोग सच्चाई को ज्यादा दिनों तक दबाकर नहीं रख सकते हैं कलाकार सुमितेंद्र चंद्रानी रतन दीप राय ने अच्छी भूमिका निभाई तीसरा लघु नाटक जानवी संस्कृतिक चक्र बंगाल के द्वारा मिहिर चट्टोपाध्याय लिखित एवं समरजीत दास निर्देशित लघु नाटक ग्रेनाइट का मंचन किया गया जिसमें रस में हुए क्रांति को केंद्रित कर लिखित एक क्रांति कारक नाटक है रूस के सम्राट जार के अत्याचार तथा जुल्म से साधारण श्रमिक किसानों को जीवन में विपत्तियां का सामना करना पड़ा।

# भारत ने टेस्ट इतिहास में दर्ज की अपनी सबसे बड़ी जीत




## इंग्लैंड को 434 रन से हराया

### जडेजा को 5 विकेट, सीरीज में बनाई बढ़त



**राजकोट (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट में भारत ने 434 रन से जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 1-2 से बढ़त बना ली है। भारत ने सरफराज खान (68) के अर्धशतक और यशस्वी जायसवाल (214) के दोहरे शतक की बदौलत 4 विकेट के नुकसान पर 430 रन बनाते हुए इंग्लैंड को 557 रन का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड का कोई भी खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सका और उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को 319 रन पर ढेर कर 126 रन की बढ़त हासिल की थी। शानदार बल्लेबाजी के साथ ही इस जीत में भारतीय स्पिनरों ने शानदार भूमिका निभाई जिन्होंने दूसरी पारी में 8 और पहली पारी में 5 विकेट अपने नाम किए थे। इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में यशस्वी जायसवाल ने बैक टू बैक दोहरा शतक लगाकर धमाल मचा दिया। यशस्वी ने टीम इंडिया के लिए दूसरी पारी में 214 रनों की दमदार पारी खेली। यशस्वी खेल के तीसरे तीन 104 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गए थे, लेकिन चौथे दिन शुभमन गिल के आउट होने के बाद वह फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे और दोहरा शतक ठोक दिया।

पिछली बार जब यहां (2018 में) टेस्ट खेला गया था, तो भारत ने पहली पारी में तीन शतक लगाए थे और वेस्टइंडीज के खिलाफ एक पारी और 272 रन से खेल जीता था। 2016 में इस स्थल पर एकमात्र अन्य टेस्ट में भारत और इंग्लैंड के बीच हुआ था जोकि उच्च स्कोरिंग ड्रॉ था।

### दोनों टीमों की संभावित इलेवन

**भारत** – यशस्वी जयसवाल, रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

**इंग्लैंड** – जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स (विकेटकीपर), रेहान अहमद, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन ।



## जायसवाल और सरफराज पर गुस्साए रोहित शर्मा, वापस जाने को कहा



**राजकोट (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन रोहित शर्मा उस समय गुस्से में नजर आए जब बल्लेबाजी कर रहे सरफराज अहमद और यशस्वी जायसवाल पारी घोषित कर वापस मैदान में आने वाले थे। इस दौरान रोहित शर्मा को गुस्से में दोनों बल्लेबाजों को वापस जाने के लिए कहा गया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

एक फेसबुक पेज द्वारा साझा किए गए वीडियो में रोहित को गुस्से में दोनों खिलाड़ियों को वापस मैदान में लौटने का इशारा किया जाता है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि वह कहते नजर आ रहे हैं कि वापस जाओ। इस दौरान इंग्लैंड के बल्लेबाज और कप्तान बेन स्टोक्स भी गुस्से में नजर आते हैं और ये क्या हो रहा है का इशारा करते हैं।

गौर हो कि इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट टेस्ट के चौथे दिन भारत ने 196/2 के स्कोर के आगे खेलते हुए सरफराज खान (68) के अर्धशतक और यशस्वी जायसवाल (214) के दोहरे शतक की बदौलत 4 विकेट के नुकसान पर 430 रन बनाते हुए इंग्लैंड को 557 रन का लक्ष्य दिया है। हालांकि शुभमन गिल (91) शतक नहीं लगा पाए और गलत कॉल के कारण रन आउट हो गए।

# बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भारत को गोल्ड

## महिला टीम ने पहली बार खिताब जीता; फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराया

**मलेशिया (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का खिताब जीत कर इतिहास रच दिया। भारत ने पहली बार (मेंस और विमेंस) इस चैंपियनशिप में गोल्ड जीता है। मलेशिया में खेली गई चैंपियनशिप के फाइनल में इंडियन विमेंस टीम ने थाईलैंड को 3-2 से हराया। 2016 से खेली जा रही चैंपियनशिप का यह 5वां एडिशन था। इंडियन विमेंस टीम चैंपियनशिप में पहली बार कोई मेडल जीती है। वहीं मेंस टीम इससे पहले 2016 और 2020 में ब्रॉन्ज जीत चुकी है। पीवी सिंधु ने सुपानिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हराया।

**ऐसे चला फाइनल मुकाबला** – पहले मुकाबले में पीवी सिंधु ने सुपानिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हराया। स्कोर 1-0 हो गया।

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई (डबल्स) के खिलाफ 21-16, 18-21, 21-16 से जीत दर्ज की। स्कोर 2-0 हो गया।




अस्मिता चालिहा को बुसानन ओंगबामरुंगफान ने 11-21, 14-21 से हराया। स्कोर 2-1 हो गया। प्रिया और श्रुति की जोड़ी को बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनताकर्ण ऐम्सार्ड (डबल्स) के खिलाफ 11-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। स्कोर 2-2 हो गया। 17 साल की अनमोल खरब ने चोईकीवोंग पोर्नपिचा को 21-14, 21-9 से हराते हुए भारत को 3-2 की खिताबी जीत दिला दी।

### सेमीफाइनल में जापान को 3-2 से हराया था

चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शनिवार को भारत ने दो बार की चैंपियन जापान को 3-2 से हराया था। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में थाईलैंड ने इंडोनेशिया को 3-1 से मात दी।

### क्वार्टर फाइनल में हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराया था

भारतीय विमेंस टीम ने क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को हांगकांग को 3-0 से हराया था। टीम ने पहली बार टॉप-4 में प्रवेश किया। इसी के साथ महिला टीम ने पहली बार टूर्नामेंट में मेडल पक्का कर लिया। अब भारत का मुकाबला जापान से होगा। टॉप सीड चीन को हराकर ग्रुप स्टेज में टॉप पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधु, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की डबल्स जोड़ी की जीत के दम पर हॉन्गकॉन्ग को हराया।

# मुस्तफिजुर रहमान के सिर पर लगी बॉल

### हॉस्पिटल में एडमिट, बीपीएल फ्रेंचाइजी विक्टोरियन्स के साथ प्रैक्टिस कर रहे थे



**चटग्राम (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान बांग्लादेश प्रीमियर लीग-2024 (बीपीएल) के एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान चोटिल हो गए। इसके बाद उन्हें हास्पिटल में एडमिट कराया गया।

रविवार सुबह कोमिला विक्टोरियन्स की टीम जोहुर अहमद चौधरी स्टेडियम में प्री मैच ट्रेनिंग कर रही थी। रहमान बॉलिंग के लिए तैयार हो रहे थे, तभी दूसरे नेट्स में बैटिंग कर रहे लिट्?टन दास का एक तेज शॉट उनके सिर के पिछले हिस्से में लगा और वे गिर पड़े। उनके सिर से खून बहने लगा। ऐसे में उन्हें आनन-फानन में इंपीरियल अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट में भर्ती कराया गया।

टीम के फिजियो एसएम जाहिदुल इस्लाम सजल ने बयान जारी कर कहा- ट्रेनिंग के दौरान एक गेंद सीधे मुस्तफिजुर रहमान के सिर के बाएं हिस्से में लगी। वहां एक खुला घाव हो गया और हमने ब्लीडिंग रोकने के लिए कंप्रेशन बैंडेज बांधी और उन्हें तुरंत इंपीरियल अस्पताल में भर्ती कराया।

**पांइट्स टेबल के दूसरे नंबर पर है टीम** – कोमिला विक्टोरियन्स की टीम लीग के मौजूदा सीजन में 9 मैचों में से 7 जीतकर 14 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर है। रंगपुर राइडर्स 16 अंकों के साथ टॉप पर है।

### सिटी स्कैन में मुस्तफिजुर की इंजरी सीरियस नहीं

क्रिकबज के अनुसार, सिटी स्कैन से पता चला कि रहमान को इंटरनल ब्लीडिंग नहीं हुई है। उनकी चोट गंभीर नहीं है। उनके सिर के बाहरी हिस्से में चोट है। ऐसे में रहमान की इंजरी सीरियस नहीं है और वे कुछ दिनों में ठीक हो जाएंगे।

### 19 फरवरी को सिलहट स्ट्राइकर्स से मैच

कोमिला विक्टोरियन्स को सोमवार 19 फरवरी को सिलहट स्ट्राइकर्स से मैच खेलना है। ऐसे में रहमान का उस मुकाबले में खेलना मुश्किल है। टीम को इस तेज गेंदबाज के बिना ही उतरना होगा। रहमान लीग के इस सीजन के 9 मैचों में 11 विकेट ले चुके हैं।

# एमआई एमिरेट्स ने जीता आईएलटी-20

## खिताबी मुकाबले में दुबई कैपिटल्स को 45 रन से हराया, पूरन-फ्लेचर के अर्धशतक




**दुबई (एजेंसी)।** दुबई में शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दुबई कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। एमआई एमिरेट्स ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 208 रन बनाए। जवाब में दुबई ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 163 रन ही बना सका। एमिरेट्स के कप्तान निकोलस पूरन और आंद्रे फ्लेचर ने अर्धशतक लगाए। वहीं, विजयकांत वियासकांत और ट्रेंट बोल्ट ने 2-2 विकेट लिए।

**एमिरेट्स को फ्लेचर-पूरन ने 200 पार पहुंचाया** – एमिरेट्स के लिए पारी की शुरुआत मुहम्मद वसीम और कुसल परेरा ने की। वसीम 43 रन और परेरा 38 रन बना कर आउट हुए। इसके बाद आंद्रे फ्लेचर आए और उन्होंने 53 रन की पारी खेली। उनका साथ निकोलस पूरन ने दिया। दोनों के बीच 56 रन की साझेदारी हुई।

फ्लेचर के बाद किरोन पोलार्ड आए और पूरन का साथ दिया। पूरन पर धीरे खेल रहे थे, उन्होंने 15 बॉल में 18 रन ही बनाए थे, लेकिन डेथ ओवर में उन्होंने 12 बॉल में 39 रन स्कोर किए। इसके साथ ही पूरन ने कुल 57 रन बनाए और नाबाद रहे। पोलार्ड भी 9 रन बना कर नाबाद रहे।

**तीन बॉलर्स को मिला 1-1 विकेट** – दुबई की ओर से जेसन होल्डर, सिकंदर रजा और जहीर खान को 1-1 विकेट मिला।

**कैपिटल्स बड़ी साझेदारी करने में नाकाम** – दुबई कैपिटल्स बड़ी साझेदारी करने में नाकाम रहे। ओपनिंग करने उतरे लुस डु प्लॉय 0 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, तीसरे नंबर पर आए टॉम एबेल भी 14 रन ही बना सके। दूसरे छोर पर ओर टॉम बैंटन और कप्तान सैम बिलिंग्स के बीच 38 रन की सबसे बड़ी साझेदारी हुई।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड टेस्ट टीम का ऐलान

### विलियमसन और साउदी अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे; पहला मुकाबला 29 फरवरी से

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जाने वाले दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। सीरीज का पहला मैच 29 फरवरी से वेलिंग्टन में खेला जाएगा। दूसरा मैच 8 मार्च से खेला जाएगा, जो केन विलियमसन और कप्तान टिम साउदी के करियर का 100वां टेस्ट होगा। ऑस्ट्रेलिया टीम 21 फरवरी से न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगी। टीम यहां 3 टी-20 और 2 टेस्ट खेलेगी। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शानदार ऑलराउंडकर प्रदर्शन और प्लंकेट शील्ड में 22 विकेट लेने वाले स्कॉट कुगलेन को मौका मिला है। विलियम ओ रूर्के भी टीम का हिस्सा हैं, जिन्होंने हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हेमिल्टन में टेस्ट डेब्यू पर 9 विकेट लिए थे।




**टी-20 सीरीज के लिए भी टीम में बदलाव हुए** – इसके अलावा टी-20 सीरीज के लिए भी न्यूजीलैंड टीम में बदलाव हुए हैं। मैट हैनरी और टिम सेफर्ट चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं, उनकी जगह बेन सियर्स और विल यंग टीम में आए हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम

टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), मैट हेनरी, स्कॉट कुगलेन, टॉम लैथम, डेरिल मिचेल, विलियम ओ रूर्क, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, नील वैगनर, केन विलियमसन, विल यंग।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम

मिचेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट (दूसरा और तीसरा मैच), मार्क चापमैन, जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉन्वे, लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सीयर्स, ईश सोढ़ी, टिम साउथी (पहला मैच), विल यंग।

# 45वें शतरंज ओलिम्पियाड की 'मशाल' खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हंगरी को सौंपी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गत दिवस शतरंज ओलिम्पियाड की मशाल हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट को सौंपी जो इस साल इस प्रतिष्ठित टूर्नामैंट की मेजबानी करेगा। ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में अनुराग ठाकुर ने फिडे के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोरकोविच और मेजबान शहर के प्रतिनिधियों को मशाल सौंपी। 2024 शतरंज के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष है क्योंकि फीडे अपना 100वां जन्मदिन मना रहा है। इस विशाल मील के पत्थर को मनाने के लिए, यह वर्ष दुनिया भर में शतरंज गतिविधियों से भरा रहेगा - त्योहारों और



ऐतिहासिक प्रदर्शनियों से लेकर कैंडिडेट्स जैसे विशेष टूर्नामेंट तक। भंडार में बहुत कुछ है और उत्साहित होने के लिए भी बहुत कुछ है।

अब, उत्सव की धमाकेदार शुरुआत करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है? आज एफआईडीई के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भारत में आयोजित एक विशेष शतरंज मशाल समारोह में ठीक यही हुआ। शतरंज ओलिम्पियाड में मशाल रिले की परंपरा चेन्नई में जुलाई0अगस्त 2022 में खेली गई प्रतियोगिता से पहले जून 2022 में भारत ने शुरू की थी। चेन्नई में खेले गए शतरंज ओलिम्पियाड में 2,500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था तथा भारत ने इस प्रतियोगिता में 9 पदक जीते थे, जिनमें महिला टीम का ऐतिहासिक कांस्य पदक भी शामिल है। भारतीय ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद और हंगरी की ग्रैंड मास्टर जुडिथ पोल्गर भी इस अवसर पर उपस्थित थे दरअसल 2022 में ही फीडे नें यह निर्णय लिया था की हर दो वर्ष में होने वाले विश्व शतरंज ओलंपियाड की मशाल हमेशा इस खेल की जन्मभूमि भारत से ही शुरू हुआ करेगी और इसी परंपरा की शुरुआत इस वर्ष की गयी ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



# उद्धव ने न केवल बाल ठाकरे की विचारधारा को बल्कि नरेंद्र मोदी को भी दो बार धोखा दिया -एकनाथ शिंदे




**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे पर एक बार फिर बड़ा हमला बोला है। शिंदे ने कहा कि उद्धव ने न केवल बाल ठाकरे की विचारधारा को बल्कि नरेंद्र मोदी को भी दो बार धोखा दिया है, दूसरी बार तब जब उद्धव सीएम थे और उन्होंने पीएम के साथ एक निजी बैठक के दौरान एक वादा किया था। शिंदे ने आरोप लगाया कि उद्धव को मोह और माया ने जकड़ दिया था। उनके (उद्धव) मासूम चेहरे पर जाना, उस मुखौटे के पीछे कई चेहरे हैं।

एकनाथ शिंदे ने कोल्हापुर में शिवसेना कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, अपने परिवार के कुछ गलत कामों को छिपाने के लिए, आप (उद्धव का जिक्र करते हुए) नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मिले। आपने बीजेपी के साथ गठबंधन बनाने की प्रतिबद्धता जताई। हालांकि, महाराष्ट्र लौटने के बाद, उद्धव पलट गए और पीएम मोदी धोखा दिया।

**2021 में पीएम मोदी से मिले थे उद्धव**= सीएम ने कहा कि यह बातचीत 2021 में उद्धव, तत्कालीन एमवीए मंत्री अशोक चव्हाण और अजीत पवार की मोदी से मुलाकात के बाद हुई थी। शिंदे ने कहा, इस बैठक के बाद उद्धव ने मोदी से अकेले में मुलाकात की। शिंदे ने कहा कि विश्वासघात का पहला कृत्य तब हुआ जब 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद शिवसेना ने भाजपा के साथ अपना चुनाव पूर्व गठबंधन जारी नहीं रखा।

उन्होंने कहा कि जब उन्होंने 2022 में फिर से उद्धव से बीजेपी के साथ गठबंधन करने के लिए कहा (जबकि सेना उस समय भी एमवीए में थी) और जो बीत गया उसे जाने दो कहकर उद्धव ने यह जांचने की कोशिश की कि क्या सीएम का पद सेना के पास ही रहेगा? शिंदे ने कहा, इसका मतलब है कि उद्धव पूरे पांच साल के लिए सीएम बनना चाहते थे। भले ही पार्टी खत्म हो जाए और कार्यकर्ताओं को परेशानी हो, फिर भी वह कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे। शिंदे ने कहा, मैंने अपने जीवन में ऐसी गंदी राजनीति कभी नहीं देखी।

**2004 से सीएम बनना चाहते थे उद्धव :** एमवीए के गठन के दौरान एक बातचीत का हवाला देते हुए शिंदे ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि शरद पवार ने सीएम पद के लिए उद्धव का नाम सुझाया था। जबकि सच्चाई यह है कि उद्धव की इच्छा सत्ता में रहने की थी। यह 2004 से था। उन्होंने (उद्धव) मुझसे कहा कि उन्होंने सीएम पद नहीं मांगा। वह सोच रहे थे कि मैं क्या करूंगा? मैंने उनसे कहा कि मैं उनका समर्थन करूंगा। मैंने धैर्य दिखाया लेकिन समझ गया कि हमारे प्रमुख को मोह, माया ने जकड़ दिया है। शिंदे ने कहा, उनके मासूम चेहरे पर मत जाइए... उस मुखौटे के पीछे कई चेहरे हैं।

शिंदे ने सेना पदाधिकारियों से कहा कि वे इस बात की चिंता न करें कि लोकसभा उम्मीदवार कौन होंगे। उन्होंने उनसे कहा कि वे हर निर्वाचन क्षेत्र से पीएम नरेंद्र मोदी को महायुति का उम्मीदवार मानें।

# रेलवे में टेक्नीशियन के पदों बंपर भर्ती, 9000 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेलवे भर्ती बोर्ड ने टेक्नीशियन के 9000 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। रेलवे की इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 9 मार्च 2024 को शुरू होगी और आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल 2024 है। इच्छुक अभ्यर्थी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन जमा करा सकते हैं। रेलवे की इस वैकेंसी के लिए अभी शॉर्ट नोटिस जारी किया गया है। आरआरबी ने कहा है कि भर्ती के संबंध में डिटेल्ड नोटिफिकेशन आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर 9 मार्च 2024 को जारी किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह है कि आरआरबी टेक्नीशियन भर्ती में आवेदन करने से पहले आवेदन योग्यता, आयु सीमा, चयन प्रक्रिया व अन्य शर्तों की लिए विस्तृत नोटिफिकेशन आरआरबी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। आरआरबी टेक्नीशियन भर्ती में रिक्तियों का ब्योरा रेलवे के इस भर्ती अभियान में कुल 9000 पदों की रिक्तियों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इनमें से 1100 रिक्तियां टेक्नीशियन ग्रेड-1 सिग्नल और 7900 पद टेक्नीशियन ग्रेड-थर्ड सिग्नल के पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

रेलवे की इस वैकेंसी में 18 से 36 वर्ष की आयु वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। वहीं टेक्नीशियन ग्रेड-थर्ड लिए 18 से 33 वर्ष की आयु वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। टेक्नीशियन भर्ती के लिए एससी, एसटी व एक्स सर्विसमेन व दिव्यांगों के लिए शुल्क 250 रुपए निर्धारित है। वहीं अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के रूप में 500 रुपए देने होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ममता सरकार पर जमकर बरसे छत्तीसगढ़ के सीएम साय

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पश्चिम बंगाल की सरकार पर जमकर आरोप लगाया है। सीएम विष्णुदेव साय ने ममता सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल का सरकार महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है। साथ ही कहा कि खुद महिला होने के बाद भी ममता बैनर्जी प्रदेश की महिलाओं का सम्मान के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार में संदेशखली की घटना मन को व्यथित करने वाली है। जिस बंगाल में माता दुर्गा की पूजा आराधना की जाती है वहां टीएमसी के नेताओं के द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक शोषण हो रहा है, यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। सीएम साय ने कहा कि बड़े ही दुख की बात है कि जिस प्रदेश की मुख्यमंत्री खुद महिला है उस सरकार में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार मताओं-बहनों के प्रति सम्मान की भावना नहीं रख रही है। ममता सरकार में महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों को समर्थन और बढ़ावा दिया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की सरकार सिर्फ घटाना को दबाने का प्रयास करने साथ आरोपियों को संरक्षण देने का काम कर रही है।

### जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में रविवार को मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने के साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार से बुधवार तक केंद्र शासित प्रदेश में व्यापक बारिश और बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 5.8, गुलमर्ग में माइनस 1.4 और पहलगाम में 2.5 डिग्री रहा। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.5 और कारगिल में 2.8 डिग्री दर्ज किया गया। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 13, कटरा में 11.8, बटोटे में 8.1, भद्रवाह में 2.4 और बनिहाल में 7 डिग्री रहा।

### छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी के खिलाफ थाने में शिकायत

**बिलासपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत की गई है। बिलासपुर के सरकंडा में यह शिकायत बेलतरा से भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने की? गई है। इस शिकायत में पीएम नरेंद्र मोदी के विरुद्ध राहुल गांधी पर जातिगत टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है। छत्तीसगढ़ में बेलतरा से विधायक सुशांत शुक्ला ने सरकंडा थाना में राहुल गांधी पर शिकायत करते हुए लिखा है कि कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने बीते 8 फरवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रायगढ़ की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जातिगत टिप्पणी की थी। साथ ही कहा कि पीएम मोदी की जाति के संबंध में भ्रामक और पूरी तरीके से असत्य कथन कहा था। विधायक सुशांत शर्मा ने कहा है कि इसी सभा के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के संबंध में कहा है कि वह हिंसा और नफरत की राजनीति करती है। सरकंडा में की गई शिकायत में राहुल गांध के द्वारा विशेष उद्देश्य से पीएम मोदी के खिलाफ मानहानी करते हुए टिप्पणी की है। भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने पुलिस को दिए गए आवेदन में राहुल गांध?ी के खिलाफ शिकायत करते हुए स्न्नढ्ढक्र करने की? मांग की है। शुक्ला ने पुलिस को शिकायत करते हुए कहा है कि आईपीएस की धारा 153ए, 295,500 और 501 के तहत राहुल पर एफआईआर करने की मांग करता हूं। बतादें कि यह विधायक सुशांत शुक्ला ने बीते 10 जनवरी को शिकायत करते हुए आवेदन किया था।

# अब सड़क पर बिना हैलमेट गाड़ी चलाते दिखे पुलिस जवान तो खैर नहीं, एसपी ने जारी किया फरमान



**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस कर्मियों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाते हुए एसपी रायपुर ने सभी पुलिस के जवानों को हैलमेट और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के निर्देश दिए है। रायपुर पुलिस कप्तान संतोष सिंह ने जिला पुलिस बल के जवानों, अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रैफिक नियम का शख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार एसपी ने सभी को यह कहा है कि यदि ट्रैफिक नियम की अवहेलना करते हुए कोई भी कर्मचारी या फिर अधिकारी पाए गए तो उन पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने परवाना जारी करते हुए यह लिखा है कि सभी पुलिस के कर्मचारी और अधिकारी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के साथ-साथ जब भी वह दो पहिया वाहन चलाएं तो उस दौरान हेलमेट जरूर पहनें। इसके अलावा जब भी चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करें तो सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। अगर वह इन नियमों का पालन नहीं करते हैं और पकड़े जाते हैं, तो उन पर चालानी कार्रवाई के साथ-साथ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

आदेश जारी करने की आखिर वजह क्या?

बता दे कि बीते दिनों रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा ने रायपुर में क्राइम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली थी। इस बैठक में रायपुर शहर में ट्रैफिक नियमों को पालन करने के लिए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इस विषय पर सोच विचार कर पाया गया है कि आम नागरिकों से पहले पुलिसकर्मियों को यातायात नियमों का पालन करवाना बेहद जरूरी है। ऐसा करने से आम नागरिकों और पुलिस के बीच आदर्श स्थापित करने में मदद मिलेगी।

जिसे लेकर एसपी संतोष सिंह ने कहा है कि यह बिल्कुल भी सही नहीं है कि खुद पुलिसकर्मी सड़क नियमों का पालन न करें। सबसे पहले पुलिस के जवानों और अधिकारियों को नियमों के पालन करने की जरूरत है।

# वित्त मंत्रालय ने कर्ज वसूली में तेजी लाने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी की अध्यक्षता में शनिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में ऋण वसूली में तेजी लाने और ऋण वसूली न्यायाधिकरणों की दक्षता बढ़ाने के कदमों पर चर्चा हुई।बैठक में ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरणों (डीआरएटी) के अध्यक्षों और ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया।सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी; मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), इंडियन बैंक एसोसिएशन (आईबीए); और वित्त मंत्रालय तथा भारतीय दिवाला एवं दिवालियापन बोर्ड (आईबीबीआई) के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।बैठक के दौरान जिन मुख्य मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें शामिल हैं- डीआरटी और डीआरएटी सख्त निगरानी के माध्यम से विभिन्न चरणों में लंबित मामलों को कम करने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।* वसूली की प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाने के लिए ऋण वसूली न्यायाधिकरण विनियम, सरफेसी अधिनियम और आरडीबी अधिनियम में बदलाव और संशोधन के संबंध में विभिन्न सुझाव।* बैंक पैनल में शामिल अधिवक्ताओं के प्रदर्शन की समय-समय पर समीक्षा करेंगे और पैनल में शामिल अधिवक्ताओं को उनके प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए मामलों के आवंटन को तर्कसंगत बनाएंगे।* विभिन्न अधिनियमों- सरफेसी अधिनियम, 2002, आरडीबी अधिनियम, 1993 और आईबीसी, 2016 के प्रावधानों के तहत बैंकों और वित्तीय संस्थानों की संपत्तियों की लिस्टिंग और नीलामी के लिए विकासाधीन ई-नीलामी मंच का लाभ उठाना।

# धान खरीद में लापरवाह अफसरों पर होगी सख्त कार्रवाई, सीएम योगी के निर्देश

**लखनऊ, एजेंसी।**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि धान बेचने में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। शनिवार को उन्होंने धान की सरकारी खरीद की समीक्षा की। उन्होंने धान खरीद से जुड़े अधिकारियों से कहा कि किसान हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए अगर धान खरीद में लापरवाही बरती जाती है तो दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में चल रही धान की सरकारी खरीद में अब तक 52.47 लाख टन धान की खरीद की गई है जबकि लक्ष्य 70 लाख टन धान की खरीद का तय किया गया है। 7.82 लाख किसानों को अब तक 11170.55 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। खाद्य व रसद विभाग की विपणन शाखा, पीसीएफ, यूपीएसएस, मंडी परिषद और भारतीय खाद्य निगम द्वारा 5206 क्रय केन्द्र खोले गये हैं। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति कुंतल और धान ग्रेड-ए का मूल्य 2203 रुपये प्रति कुंतल तय हुआ है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में पहली अक्तूबर 2023 से 31 जनवरी तक और पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में पहली नवम्बर से 29 फरवरी तक धान खरीद का समय तय है।

## यूपी की विकास परियोजनाओं में भागीदार बनें - अवस्थी

मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि छात्र यूपी की विकास परियोजनाओं में भागीदार बनें। शनिवार को आईआईएम लखनऊ में आयोजित इंटरैक्टिव सत्र को संबोधित करते हुए अवस्थी ने कहा कि देश के विकास में उद्यमियों और एआई का बहुत महत्व है। उन्होंने यूपी के विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही पहल पर चर्चा की। सत्र के दौरान सीएसआर कॉन्क्लेव, एआई कॉन्क्लेव और एफडीआई प्रदर्शनी जैसी विभिन्न रोमांचक पहलों के बारे में भी बात की गई।

# एलेक्सई नवलनी का शव सौंपने से रूसी अधिकारियों का इनकार, समर्थक बोले- सबूत मिटाने की हो रही कोशिश



**मॉस्को, एजेंसी।**
राष्ट्रपति पुतिन के मुखर आलोचक एलेक्सई नवलनी की जेल में मौत के बाद जेल अधिकारियों ने उनका शव परिजनों को सौंपने से इनकार कर दिया है। नवलनी के समर्थकों का आरोप है कि रूसी सरकार ने ही नवलनी की हत्या की है और अब वे सबूत मिटाने के लिए ही शव नहीं सौंप रहे हैं। क्रेमलिन की तरफ से अभी तक नवलनी की मौत को लेकर पूरी तरह से चुप्पी साधी गई है।

47 वर्षीय एलेक्सई नवलनी की बीते शुक्रवार को रूस की सबसे खतरनाक और सख्त जेलों में से एक आर्कटिक जेल में मौत हो गई थी। नवलनी बीते तीन वर्षों से जेल में बंद थे। नवलनी की मौत के बाद पश्चिमी देशों के नेताओं ने इसकी कड़ी आलोचना की और रूसी सरकार और राष्ट्रपति पुतिन को नवलनी की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। पश्चिमी देश पुतिन सरकार पर ही नवलनी की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। शनिवार को नवलनी की मां अपने वकील के साथ नवलनी का शव लेने आर्कटिक जेल पहुंची, लेकिन जेल अधिकारियों ने शव सौंपने से इनकार कर दिया। नवलनी समर्थकों ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि सरकार सबूत मिटाना चाहती है और इसी वजह से वे शव नहीं सौंप रहे हैं। रूस में नवलनी की मौत के बाद उनके समर्थक विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं। शनिवार को कई जगहों पर छिटपुट झड़प की घटनाएं भी हुईं और पुलिस ने 30 से ज्यादा शहरों में 340 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार भी किया है। राजधानी मॉस्को में भी दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नवलनी के समर्थकों ने उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की।

# हमास की मांगें मानी ही नहीं जा सकतीं, सीजफायर की बातचीत से पीछे हटा इस्राइल



**तेल अवीव, एजेंसी।**
इस्राइल और हमास के बीच चल रही शांतिवार्ता अटक सकती है। दरअसल इस्राइल का कहना है कि हमास की मांगें ऐसी हैं, जिन्हें माना नहीं जा सकता। ऐसे में इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकेत दिए हैं कि वे बातचीत से पीछे हट रहे हैं। नेतन्याहू ने ये भी कहा कि इस्राइल फलस्तीन के साथ दो देश के समझौते पर किसी अंतरराष्ट्रीय दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि इस्राइल ऐसी कोई भी बातचीत सीधे फलस्तीन से करेगा और वो भी बिना तय शर्तों के। इस्राइल और हमास के बीच मिस्र की राजधानी काहिरा में शांति वार्ता हो रही है। अमेरिका के कहने पर इस्राइल ने अपने वार्ताकार भी काहिरा भेजे थे, लेकिन बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने वार्ताकार आगे की बातचीत के लिए काहिरा भेजने से इनकार कर दिया है। मीडिया द्वारा इसे लेकर पूछे गए सवाल पर नेतन्याहू ने कहा कि हमें इस बातचीत से हमास की भ्रामक मांगों के अलावा कुछ हासिल नहीं हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमास द्वारा जो मांगें रखी जा रही हैं, उनमें गाजा में युद्ध तुरंत समाप्त करने और हमास को छोड़ने की मांग की जा रही है। साथ ही हजारों हमास समर्थकों को इस्राइल की जेलों से रिहा करने के साथ ही यरूशलम में यहूदियों के धार्मिक स्थल टेंपल माउंट को लेकर भी मांग की गई है।

## 100 से ज्यादा बंधक अभी भी हमास के कब्जे में

नेतन्याहू ने कहा कि काहिरा में इस्राइली प्रतिनिधि सिर्फ बैठकर बातें सुन रहे थे और हमास नेताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ऐसे में जब तक हमें कोई बदलाव नहीं दिख जाता है, तब तक हम बातचीत के लिए वापस अपने प्रतिनिधियों को नहीं भेजेंगे। इस्राइल के अभी भी 100 से ज्यादा बंधक हमास के कब्जे में हैं। वहीं इस्राइल, हमास के खात्मे पर अड़ा है। इस्राइल ने अब राफा शहर में अपना अभियान शुरू कर दिया है। फलस्तीन को अलग देश के रूप में मान्यता देने की मांग पर इस्राइली पीएम ने कहा कि एकतरफा तरीके से फलस्तीन को अलग देश की मान्यता देने से बड़ा ईनाम, आतंकवाद के लिए कुछ हो नहीं सकता।

# यूनिवर्सिटी में मृत पाया गया यूट्यूब की पूर्व सीईओ का बेटा, दादी ने जताया ड्रग ओवरडोज से मौत का अंदेशा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
यूट्यूब की पूर्व सीईओ सुजन वोजिस्की के 19 साल के बेटे मार्को ट्रॉपर का शव मिला है। कैंपस पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर किसी साजिश के कोई निशान नहीं मिले हैं। हालांकि, बच्चे की दादी एस्थर वोजिस्की का मानना है कि उसकी मौत ड्रग ओवरडोज से हो सकती है।

यूट्यूब की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुजन वोजिस्की के बेटे की मौत हो गई। इसकी पुष्टि परिवार ने की है। बताया जा रहा है कि इस सप्ताह की शुरुआत में 19 वर्षीय मार्को ट्रोपर का शव कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के बर्कले कैंपस के छात्रावास में मिला। आशंका जताई जा रही है कि मौत ड्रग ओवरडोज के चलते हुई। कैंपस अधिकारियों का कहना है कि कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के बर्कले परिसर में स्थित क्लार्क केर छात्रावास में मार्को ट्रॉपर रह रहा था। वह रूम से नहीं निकला और दरवाजा खटखटाने पर भी जवाब नहीं दिया। इसके बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने दरवाजा खुलवाया। मंगलवार शाम करीब चार बजकर 23 मिनट पर ट्रॉपर का शव मिला।

फिलहाल मौत का कारण पता नहीं चल सका है। कैंपस अधिकारियों ने कहा है कि घटनास्थल पर किसी साजिश के कोई निशान नहीं मिले हैं। हालांकि, बच्चे की दादी एस्थर वोजिस्की का मानना है कि उसकी मौत ड्रग ओवरडोज से हो सकती है। एस्थर वोजिस्की ने अपने पोते को सबसे दयालु, प्यार करने वाला, मजेदार और सुंदर इंसान बताया। साथ ही उसके गणित की भी तारीफ की। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, ट्रोपर एक ड्रग का सेवन कर रहा था। हमें नहीं पता कि यह क्या था। हम बस एक बात जानते हैं कि वह ड्रग करता था। परिवार को ट्रॉपर के टॉक्सिकोलॉजी रिपोर्ट का इंतजार है। इससे पता चल सकेगा कि मौत क्यों हुई। रिपोर्ट आने में 30 दिन तक लग सकते हैं। फेसबुक पोस्ट में एस्थर वोज्स्की ने कहा कि उनका पोता बहुत प्यारा था। वह मैथ जीनियस था। दादी ने बताया कि ट्रोपर गणित में पढ़ाई कर रहा था और वह दूसरे सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू करने वाला था। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, हम सब बहुत दुखी हैं। उन सभी अवसरों और जीवन के अनुभवों के बारे में सोच रहे हैं, जिसमें मार्को हमारे साथ था। मार्को हम सब तुमसे प्यार करते हैं।



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129